डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति संख्या की मूल्यांकित कीमत ₹ 10.00 | 29.09.2022 से 11.10.2022 | वर्ष-39 | अंक-36 | कुल ₹ 100.00

मध्यप्रदेश में 7 हजार 429 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जारी

सीएम राइज स्कूलों में 2 लाख 40 हजार 818 विद्यार्थियों का नामांकन राज्य शासन की उपलब्धि – मुख्यमंत्री

कम समय में 274 सीएम राइज स्कूलों का संचालन और इनमें 2 लाख 40 हजार 818 विद्यार्थियों का नामांकन राज्य शासन की गौरवमयी उपलब्धि है। सीएम राइज स्कूल का वातावरण पालक और विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहा है। इस आकर्षण को बनाए रखना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सर्वांगीण विकास तथा विद्यार्थियों को भविष्य के लिये तैयार करना बड़ी चुनौती है। मध्यप्रदेश में 7 हजार 429 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और अवधारणाओं की समझ को बढ़ाना है। शालाओं में अधिक से अधिक नामांकन, विद्यार्थियों की नियमित और सतत उपस्थिति तथा गुणवत्ता में निरंतर सुधार का लक्ष्य तय कर स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधियों का संचालन किया जाए।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप, केंद्र शासन की प्राथमिकताओं की पूर्ति के लिए जारी गतिविधियों की जानकारी दी गई। आंगनवाड़ियों के लिए विकसित शैक्षणिक सामग्री और टीचिंग-लर्निंग मटेरियल प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि 80 हजार प्राथमिक और अतिथि शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया है। शिक्षक प्रशिक्षक नीति और क्षमता संवर्धन के लिए निरंतर गतिविधियां चलाई जा रही हैं। प्रदेश में 7 हजार 429 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है। पांचवीं और आठवीं के परीक्षा परिणामों के विश्लेषण के आधार पर अकादमिक उन्नयन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के शासकीय विद्यालयों के 52 विद्यार्थियों को वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा 'ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए सहयोग योजना' स्टार्स के अंतर्गत प्रवेश दिया गया है। मुम्बई में आयोजित प्रतिष्ठित वर्ड पावर चैंपियनशिप में शासकीय स्कूलों के 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया और एचसीएल कम्पनी के टेकवी कार्यक्रम में 688 विद्यार्थियों का चयन हुआ। यह सभी चयनित विद्यार्थी प्रशिक्षण के बाद एचसीएल कम्पनी के कर्मचारी बनेंगे।

शिक्षकों को दिया जा रहा है प्रभावी प्रशिक्षण

सीएम राइज स्कूलों के संचालन के लिए प्राचार्य और उप प्राचार्यों के प्रशिक्षण के साथ चयनित शिक्षकों और स्कूल लीडर्स का प्रभावी प्रशिक्षण किया गया है। सीएम राइज स्कूल के सौंदर्यीकरण और कक्षाओं को रुचिकर बनाने के लिए प्ले थीम आधारित पेंटिंग्स की गई हैं। स्कूलों में विजन, मिशन और वैल्यू बोर्ड लगाए गए हैं। शालाओं के प्रति आकर्षण बढ़ाने प्रवेश उत्सव मनाए गए। सीएम राइज स्कूल में डिजिटल कक्षा, सुसज्जित पुस्तकालय, समृद्ध प्रयोगशालाएं और उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्कूल की अकादमिक संस्कृति को बदलने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी चलाई गई।

भोपाल और इंदौर में सुपर-100 योजना

बैठक में बताया गया कि भोपाल और इंदौर में जेईई, नीट तथा सीए के लिए सुपर-100 योजना संचालित है। इसमें जेईई मेंस में 75, जेईई एडवांस में 21 और नीट में 75 विद्यार्थियों ने पात्रता अर्जित की। देश की अग्रणी संस्था आईसीएस लखनऊ के साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित निःशुल्क कॅरियर काउंसिलिंग एण्ड गाइडेंस का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसमें विद्यार्थी की रुचि, दृष्टिकोण, दक्षता और बाजार की मांग के अनुसार कॅरियर और विषय का सटीक चुनाव करने के लिए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है।

ग्लोबल इंवेस्टर समिट

इंदौर में 9 से 11 जनवरी तक होगी आयोजित – मुख्यमंत्री

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए विकसित रोडमैप में निर्धारित सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित करें। प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 9 से 11 जनवरी, 2023 को इंदौर में ग्लोबल इंवेस्टर समिट होगी। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए विश्व के विभिन्न देशों में पदस्थ भारत के राजदूतों से सम्पर्क कर निवेश की संभावनाओं से विभिन्न देशों के निवेशकों को अवगत कराया जाए। केंद्र सरकार द्वारा भी विदेशों में प्रदेश की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सामग्री मध्यप्रदेश में उत्पादित हो रही है, उसकी प्रोसेसिंग प्रदेश में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता से कार्यवाही की जाए। कृषि, उद्यानिकी उत्पादों और खनिज उत्पादों की प्रोसेसिंग की यूनिट लगाने और आवश्यक श्रेष्ठतम प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। साथ ही आयात प्रतिस्थापन में देश, विदेश के साथ अन्य प्रदेश से आ रही सामग्री की एसेम्बलिंग के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाए।

बैठक में प्रदेश को प्रमुख खाद्य तेल उत्पादक बनाने की कार्ययोजना, भोपाल और इंदौर में नए आईटी पार्क के विकास, फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चम्बल एक्सप्रेस-वे तथा नर्मदा एक्सप्रेस-वे की निकटता वाले क्षेत्रों की औद्योगिक क्षमता का आकलन कर उन क्षेत्रों में प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने पर विमर्श हुआ।

खास खबर

नारी शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर तक भेजे जा सकते हैं

भोपाल, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने नारी शक्ति पुरस्कार 2022 के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भेजने की अंतिम तिथि अक्टूबर 2022 निर्धारित की गई है।

नारी शक्ति पुरस्कार 2022 के लिए आवेदन-पत्र/नामांकन केवल निर्दिष्ट वेबसाइट www.awards.gov.in के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। यह पुरस्कार अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को प्रदान किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट https://wcd.nic.in/acts/guidelines.nari_shakti_puraskar2022-onwords पर उपलब्ध है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

बढ़ता मध्यप्रदेश

निवेश संवर्धन, रोज़गार वृद्धि और ओडीओपी पर हमारा फोकस

भोपाल, मध्यप्रदेश ने विकास के अनेक क्षेत्रों में बढ़-चढ़ कर कार्य किया है। बीते लगभग दो दशक में आम जनता की आवश्यकताओं और राज्य की प्राथमिकताओं के अनुसार निरंतर कार्य हुआ है। जहां सड़क, पानी और बिजली के क्षेत्र में सुधार एक समय सबसे बड़ी जरूरत थी, वहीं अब इन तीनों सुविधाओं का स्तर कायम रखते हुए रोज़गार, प्रदेश में निवेश संवर्धन, हितग्राहीमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन, कृषि उत्पादन में वृद्धि और निर्यात अधिक प्रमुख कार्य हो गये हैं। प्रदेश के नागरिकों की समृद्धि सबसे बड़ा सपना है। इसके लिए निरंतर कार्य करना मेरे लिए सबसे अधिक मायने रखता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राष्ट्रीय टीवी चैनल के 'बढ़ता मध्यप्रदेश' में सहभागिता कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिदिन पौधे लगाने का उनका प्रकल्प अन्य लोगों को भी धरती बचाने के अभियान में संलग्न होने की प्रेरणा देना भी है। मध्यप्रदेश में 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) से अनेक रोज़गार धंधों और छोटे कारोबार को बढ़ावा देना है। स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि आपदा के समय सबसे बड़ी जरूरत प्रभावित लोगों को लाभान्वित करना है। हाल ही में बाढ़ से घिरे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए सेना सहित अनेक आपदा दल भेजे गए। मैंने स्वयं इन कामों की निगरानी की।

मुख्यमंत्री ने चैनल द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मध्यप्रदेश में कानून-व्यवस्था की मजबूत स्थिति बनाए रखने को प्राथमिकता दी गई है। पहले सिमी के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। आतंकी जेल तोड़ कर भागे तो उन्हें ढेर कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में डाकुओं को खत्म करने का काम किया गया। सरकार अपराधियों के लिए सख्त है। हम सज्जनों के लिए फूलों से भी ज्यादा कोमल और अपराधियों के लिए वज्र से भी कठोर हैं। श्री चौहान ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण आमजन की आवश्यकताओं की पूर्ति और सामाजिक न्याय है। जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मंदी रही, मध्यप्रदेश में आर्थिक विकास होता रहा। मध्यप्रदेश में निवेश बढ़ा। जनता की आवश्यकता को पूरा करना सामाजिक न्याय है। प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों को छत देने का कार्य किया जा रहा है। यह आम जनता का अधिकार है।

स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण के लिए लगाए जाएंगे बहुउद्देशीय शिविर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में 'मुख्यमंत्री की बात पथ विक्रेताओं के साथ' कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश के पथ विक्रेताओं के कल्याण के लिए बहुउद्देशीय शिविर लगाकर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। प्रदेश के अन्य नगरों में भी पथ विक्रताओं को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 'मुख्यमंत्री की बात पथ विक्रेताओं के साथ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां जो स्ट्रीट वेंडर्स आए हैं उनमें से अधिकांश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें चाट का ठेला लगाने, सब्जी बेचने, गोबर के दीपक और मूर्तियां बनाने वाले, फल विक्रेता, चाय-नाश्ते का ठेला लगाने वाले, सिलाई कार्य करने वाले, बैग और रजाई बनाने का कार्य करने वाले, आर्टिफिशियल ज्वेलरी बेचने वाले, ठेले पर कपड़े बेचने वाले और मोची का कार्य करने वाले शामिल हैं। अनेक हितग्राहियों ने लिया गया ऋण चुका कर दोबारा दोगुना ऋण प्राप्त कर लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि स्ट्रीट वेंडर्स को उनके हित लाभ की योजनाओं से लाभान्वित करें। स्वास्थ्य शिविर के साथ बहुउद्देशीय शिविर भी लगाए जाएं, जिनमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ वंचित हितग्राहियों को दिलवाना सुनिश्चित करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

27 अगस्त

भारतीय नौसेना को पहली बार मिला स्वदेशी गोला-बारूद

● देश में सशस्त्र बलों में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ते हुये

भारतीय नौसेना ने युद्धपोतों पर लगे एके-630 (AK-630) तोपों के लिये स्वदेशी गोला-बारूद प्राप्त किया है। नौसेना ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह पहली बार है कि सेनाओं ने भारतीय निजी उद्योग को पूर्ण रूप से स्वदेशी गोला-बारूद की डिलीवरी का ऑर्डर दिया था। इसे 12 महीने के रिकॉर्ड समय के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। नौसेना ने कहा कि भारतीय नौसेना ने उद्योग को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता की खोज में इंजाइंग, डिजाइन, निरीक्षण उपकरण और गोला-बारूद के परीक्षण के मामले में तकनीकी सहायता प्रदान की है। सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ भारतीय नौसेना 30 मिलीमीटर गोला-बारूद के लिये आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत विकसित करने में सक्षम है।

● केंद्र सरकार देश में माल परिवहन के सभी माध्यमों के लिये एकल लॉजिस्टिक कानून बनाने की दिशा में काम कर रही है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये दी। श्री गडकरी ने कहा कि माल ढुलाई से जुड़े सभी माध्यमों के बीच प्रक्रियागत एकरूपता लाने और उसे सरल बनाने के लिये एक लॉजिस्टिक कानून बनाने की कोशिश की जा रही है। ऐसा करने से प्रक्रियाओं के दोहराव को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अभी देश में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 14 प्रतिशत है, सरकार इसे आठ प्रतिशत पर लाने की दिशा में कार्य कर रही है।

28 अगस्त

यूजीसी ने 21 विश्वविद्यालयों को अमान्य घोषित किया

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर में चल रहे 21 विश्वविद्यालयों

UGC
University Grants Commission

को अमान्य (फर्जी) घोषित किया है। यूजीसी ने इन विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। इनमें सबसे अधिक दिल्ली और उत्तरप्रदेश के विश्वविद्यालय हैं। यूजीसी ने अधिसूचना जारी कर कहा कि देश के विभिन्न भागों में स्वतः अभिकल्पित और गैर मान्यता प्राप्त संस्थान कार्यरत हैं, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 का उल्लंघन कर रहे हैं। इनमें दिल्ली के 8, उत्तरप्रदेश के 4, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के 2-2 तथा कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी एवं आंध्रप्रदेश के 1-1 विश्वविद्यालय शामिल हैं। इन संस्थानों को विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं है। यूजीसी ने कहा कि इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री या कोर्स चलाने, उनमें एडमिशन देने और परीक्षा के बाद डिग्री देने की अनुमति नहीं दी गई है।

● केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जरूरतमंदों को त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिये हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) योजना बनाई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर से जल्द अस्पताल पहुंचाने से कई मरीजों की जान बचाई जा सकती है। मंत्रालय के अनुसार इस पायलट परियोजना के लिये एयर ऑपरेटर जिनके पास सिंगल या दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है, वे छह महीने की अवधि के लिये आपातकालीन चिकित्सा सेवा शुरू करने के लिये आवेदन कर सकते हैं।

29 अगस्त

अमेरिका ने ताइवान स्ट्रेट में भेजे युद्धपोत

● ताइवान मसले पर चीन के साथ जारी तनाव के बीच अमेरिका ने अपने दो बेहद खतरनाक और अत्याधुनिक परमाणु युद्धपोतों को ताइवान स्ट्रेट (ताइवान की खाड़ी) में तैनात किया है। अमेरिका ने इस क्षेत्र में पहली बार अपने युद्धपोत तैनात किये हैं। अमेरिका ने कहा कि दो मिसाइल विध्वंसक यूएसएस एंटिएटम और यूएसएस चांसलर्सविले ताइवान स्ट्रेट में भेजे गये हैं। यह एक रुटीन ट्रांजिट है। अमेरिका ने कहा कि ये युद्धपोत उन जगहों पर भेजे गये हैं, जो किसी भी देश के समुद्री अधिकार क्षेत्र में नहीं है, साथ ही किसी भी तरह के अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं किया जा रहा है। वहीं चीन भी इन युद्धपोतों पर नजर बनाये हुये है। चीन ने कहा कि इन युद्धपोतों की हर गतिविधि हमारे नियंत्रण में है। हम किसी भी तरह की कार्रवाई के लिये तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद से चीन ताइवान पर आक्रामक है, जिसके जवाब में अमेरिका ने यह कदम उठाया है।

● देश के सुदूर इलाकों तक सरकारी योजनाओं और वित्तीय सुविधाएं पहुंचाने

PRADHAN MANTRI JAN-DHAN YOJANA
MERA KHATA BHAGYA VIDHATA

के लिये केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री जन-धन योजना के आठ वर्ष पूरे हो गये हैं। इन आठ वर्षों के दौरान इस योजना के तहत 46.25 करोड़ खाते खोले गये हैं। 10 अगस्त, 2022 तक की स्थिति में इन बैंक खातों में लगभग एक लाख 73 हजार करोड़ रुपये जमा हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि जन-धन योजना बैंकिंग सेवा के दायरे से बाहर लोगों को वित्तीय व्यवस्था का अंग बनाकर वित्तीय समावेशन की दिशा में एक कदम बढ़ाने जैसा है।

30 अगस्त

इलेक्ट्रॉनिक्स का घरेलू निर्यात 120 अरब डॉलर तक करने का लक्ष्य

● भारत में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने दी। श्री चंद्रशेखर ने बताया कि भारत में मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 में इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों का निर्यात 25 अरब डॉलर का हो जायेगा। केंद्र सरकार का लक्ष्य इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को वर्ष 2026 तक 120 अरब डॉलर तक ले जाने का है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये सरकार ने मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बनाने वाली विदेशी कंपनियों को भारत से होने वाले निर्यात में अपने योगदान को बढ़ाने को कहा है। श्री चंद्रशेखर ने बताया कि सभी विदेशी कंपनियों को भारत में ही सप्लाई चेन स्थापित करने के लिये कहा गया है। इससे भारी संख्या में नये रोज़गार के अवसर सृजित होंगे और आयात में भी कमी आयेगी।

● संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष और मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सदस्यता की दावेदारी का समर्थन किया है। भारत दौरे पर आये अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि भारत एक बड़ी आबादी वाला देश है। सुरक्षा परिषद में वर्तमान विश्व व्यवस्था और भू-राजनीतिक वास्तविकता प्रतिबिंबित होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों से सुरक्षा परिषद के विस्तार को लेकर चर्चा चल रही है। अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि अगर सुरक्षा परिषद में जल्द सुधार नहीं किया गया तो उसकी विश्वसनीयता खत्म हो जायेगी।

31 अगस्त

जोधपुर में तैनात होगी रूद्र हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन

● भारत में निर्मित स्वदेशी अटैक हेलीकॉप्टर रूद्र की स्क्वाड्रन देश के सबसे बड़े एयरफोर्स स्टेशन जोधपुर में तैनात होगी। यह इस लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर की वायु सेना में पहली स्क्वाड्रन होगी। यह स्क्वाड्रन 8 अक्टूबर को वायु सेना दिवस पर शामिल की जायेगी। इस स्क्वाड्रन में 10 रूद्र हेलीकॉप्टर होंगे, जिन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है। रूद्र हेलीकॉप्टर को भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन सीमा पर निगरानी के लिये तैनात किया जायेगा। निगरानी के अलावा रूद्र हेलीकॉप्टर अटैक में भी माहिर है। ये हेलीकॉप्टर सियाचिन की चोटी पर भी उतर सकता है।

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन आर्टेमिस-1 को टाल दिया है। इस मिशन की लॉन्चिंग 29 अगस्त को होनी थी, लेकिन लॉन्च से कुछ समय पहले वैज्ञानिकों ने इंधन टैंक में रिसाव देखा। इसके बाद नासा ने मिशन को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया। नासा ने बताया कि स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट में ठंडे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन ईंधन भरने की प्रक्रिया के दौरान अतिसंवेदनशील हाइड्रोजन का रिसाव हो रहा था। इसके अलावा चार मुख्य इंजन में से एक में तकनीकी खराबी आई, जिसके चलते मिशन टालना पड़ा। उल्लेखनीय है कि नासा ने 50 वर्ष बाद फिर से चंद्रमा पर मानव को भेजने के लिये आर्टेमिस अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले चरण में विश्व के सबसे शक्तिशाली रॉकेट (एसएलएस) और एक कैप्सूल (ओरियन) की लॉन्चिंग की जानी थी।

1 सितम्बर

सरकार 10 हजार स्टार्टअप को प्रोत्साहन देगी

● केंद्र सरकार ने अगले पांच-छह वर्षों में जेनेसिस कार्यक्रम के तहत 10 हजार से अधिक स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई है। इस संबंध में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव श्री अलकेश कुमार ने बताया कि सरकार ने जुलाई 2022 में डिजिटल इंडिया जेनेसिस कार्यक्रम की घोषणा की थी। इसके लिये 750 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्टार्टअप के लिये वित्त की व्यवस्था करना कोई मसला नहीं है, सरकार देश में स्टार्टअप की संख्या में वृद्धि करना चाहती है। उन्होंने बताया कि देश में अभी 73 हजार से ज्यादा स्टार्टअप हैं। इसमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न शामिल हैं।

● विश्व बैंक ने भारत में कोरोना महामारी के दौरान किये गये कामकाज की तारीफ की है। विश्व बैंक द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में भारत में कोरोना महामारी प्रबंधन को सराहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार शुरुआती दौर में भारत के सामने इस महामारी से निपटने के लिये न तो पूरी तैयारी थी और न ही क्षमता थी, लेकिन भारत ने बेहद कम समय में जिस तरह से कोरोना महामारी की चुनौतियों का सामना किया वो सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक ने भारत को कोरोना महामारी प्रबंधन और क्षमता बढ़ाने के लिये 11,983 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था।

2 सितम्बर

सीसीएस ने तेजस मार्क-2 विमानों को बनाने की दी मंजूरी

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने तेजस मार्क-2 प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। सरकार ने यह निर्णय स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की सफलता को देखते हुये लिया है। सीसीएस ने इस विमान के अधिक प्रभावी मॉडल के विकास को मंजूरी दी। सीसीएस ने प्रोटोटाइप उड़ान परीक्षण और प्रमाणन के साथ तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमान के डिजाइन और विकास के लिये 6500 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। ये विमान वायुसेना में मिराज 2000, जगुआर और मिग-29 विमानों की जगह लेंगे। वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल श्री वी.आर. चौधरी ने कहा कि इन विमानों से न सिर्फ वायु सेना की क्षमता बढ़ेगी साथ ही देश के अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के स्वदेशी विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। वायु सेना के बेड़े में 30 तेजस विमान हैं।

● चीन से जारी तनाव के बीच ताइवान ने एक चीनी नागरिक ड्रोन को मार गिराया है। ताइवान ने एक दिन पहले अपने वायु क्षेत्र में चीनी ड्रोन को खदेड़ दिया था। ताइवान के किनमेन डिफेंस कमांड ने बताया कि चीनी तट के पास शिपू द्वीप के प्रतिबंधित वायु क्षेत्र में चीन का एक ड्रोन प्रवेश कर रहा था। इस ड्रोन को ताइवान सैनिकों द्वारा कई बार चेतावनी दी, लेकिन ड्रोन अपनी जगह उड़ता रहा। इस ड्रोन को संदिग्ध मानकर मार गिराया गया। ताइवान ने कहा कि ये एक नागरिक उपयोग में लाया जाने वाले ड्रोन था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

Liberal College, Rau, Indore
Affiliated to D.A.V.V., Indore, NCTE, M.P. Education Board, M.P. Higher Education, Bhopal
VACANCIES
Professor
Associate Professor
Assistant Professor
Eligibility : As per Govt. Norms
Also looking for :
Registrar, Librarian, Accountant, Marketing Executive, Receptionist, Visiting Faculty as per NEP, Office Staff.
Apply online : liberalcollege111@gmail.com within 7 days along with updated CV.
Campus : Plot No. 11/13, Village Pigdambar, Rau, Near IIM, Indore (M.P.).
R-47492/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 36 05.09.2022 से 11.09.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

पन्ना जिले में

संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 27 अगस्त को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पन्ना जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर पन्ना से योजनाओं के क्रियान्वयन के स्तर की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास और अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रक्रियागत विलंब नहीं होना चाहिये। मुख्यमंत्री ने पन्ना जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रहे आवास गृह के कार्य की समीक्षा कर कहा कि योजना के क्रियान्वयन में प्रक्रियागत विलंब नहीं होना चाहिये। यदि जियो टैगिंग और मैपिंग जैसे कार्यों में दो-तीन माह लगाये जायेंगे तो हितग्राही को विलंब से योजना का लाभ मिलेगा। कलेक्टर पन्ना ने बताया कि जिले में योजना के निर्धारित लक्ष्य में 83 प्रतिशत आवास बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत आवास शीघ्र पूर्ण करने और प्रत्येक माह योजना की समीक्षा के निर्देश दिये। योजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जायेगा। श्री चौहान ने कलेक्टर पन्ना से रोज़गार दिवस पर लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी प्राप्त की। इसके अनुसार रोज़गार मेले में 11 हजार 201 हितग्राही लाभान्वित हुये हैं। पूर्व में 2400 लोगों को रोज़गार दिया गया है। मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना से रोज़गार देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्ट्रीट वेन्डर्स के कल्याण की योजना को फ्लैगशिप योजना बताते हुये कहा कि बैंकों से गरीबों को सहायता पहुंचाने वाली इस योजना में यदि कोई अड़चन हो तो कलेक्टर को अवगत करवायें। इसका उच्च स्तर पर समाधान किया जायेगा। हितग्राहियों को जागरूक करने के लिये उन्हें योजना की ऋण राशि लौटाने पर दो गुनी राशि मिलने के प्रावधान से अवगत करवायें। हितग्राहियों से संवाद होगा, हम उन्हें शिक्षित करेंगे तो ज्यादा संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने पन्ना जिले में 'एक जिला एक उत्पाद' के लिये चयनित आंवला उत्पाद के भिन्न-भिन्न उत्पादों के प्रचार और विक्रय का कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने पन्ना टाइगर रिजर्व में आने वाले पर्यटकों के लिये स्टॉल प्रारंभ करने और आजीविका मार्ट के साथ ही अमेजन और विभिन्न विक्रय एजेंसियों से आंवला कैंडी, अचार, मुरब्बा और अचार सुपारी के विक्रय के लिये लाभकारी प्रबंध करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बताया कि वन विभाग के सहयोग से जिले में आंवला उत्पादन का क्षेत्र विस्तार, भंडारण और प्रोसेसिंग के कार्य पर ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एडॉप्ट-एन आंगनवाड़ी की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के लिये खिलौने, फर्नीचर और अन्य सामग्री प्राप्त करने के कार्य में जनसहयोग प्राप्त किया जा रहा है। नवाचार के तौर पर बच्चों को दूध के साथ मोरिंगा और मोरविटा पौष्टिक पावडर के वितरण से स्वास्थ्य और पोषण में सुधार परिलक्षित हुआ है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान समय-समय पर जिलों में चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत होते रहते हैं।

स्मार्ट लैंस से पता चलेगी कैंसर की बीमारी

कैंसर एक जानलेवा रोग है, जिसका नाम सुनते ही व्यक्ति अत्यन्त परेशान हो जाता है। इसकी वजह यह है क्योंकि इस बीमारी का पता जब चलता है, तब तक यह बीमारी काफी फैल चुकी होती है, कहने का तात्पर्य यह है कि इस बीमारी का जल्दी पता लगाना एक कठिन कार्य है। अभी हाल ही में अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा स्मार्ट कॉन्टेक्ट लैंस विकसित किया है, जिससे शरीर में पनपने वाली कैंसर की बीमारी के बारे में समय रहते पता लग सकेगा। इससे यह पता लगाने में आसानी होगी कि पीड़ित के शरीर में पनप रहा कैंसर का जोखिम किस स्तर का है, यानी कैंसर किस स्टेज पर है, यह कॉन्टेक्ट लैंस अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित टेरासाकी इंस्टीट्यूट फॉर बायोमेडिकल इनोवेशन के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। हम जानते हैं कि कैंसर से पीड़ित शख्स को यह पता नहीं चल पाता है कि उसके भीतर पनप रही बीमारी किस स्तर की है, यानी कैंसर किस स्टेज पर है। शोधकर्ताओं ने कहा ज्यादातर मामलों में कैंसर होने का पता तब चलता है, जब वह अपनी तीसरी या चौथी स्टेज में होता है। ऐसे में चिकित्सकों के लिये इलाज के जरिये मरीज को बचा पाना मुश्किल हो जाता है। वैज्ञानिकों ने कहा यदि समय रहते कैंसर की पहली या दूसरी स्टेज पर बीमारी का पता चल जाये, तो मरीज को इलाज के जरिये बचाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह उपकरण कई तरह की बीमारियों के लिये एक सस्ते वन साइज किट ऑल स्क्रीनिंग प्रोग्राम का द्वार खोल सकता है, यानी इससे शरीर में पनप रही कई बीमारियों के बारे में पता लगाया जा सकता है। लैंस को एंटीबॉडी से बंधे माइक्रो कैंवर्स के साथ डिजाइन किया गया, जो आंसू में पाये जाने वाले एक्सोसोम को पकड़ सकते हैं। एक्सोसोम कोशिकाओं के भीतर बनते हैं, ये इंसान के रक्त, लार, मूत्र और आंसुओं में होते हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि एक्सोसोम कोशिकाओं के बीच विभिन्न जैव अणुओं को शरीर के भीतर स्त्रावित स्थानों पर ले जाते रहते हैं। इसी एक्सोसोम के जरिये कॉन्टेक्ट लैंस कैंसर का पता लगा लेगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितम्बर

शिक्षा के महत्व की पुनर्स्थापना से ही निरक्षरता जड़ से मिट पायेगी

विश्व में शिक्षा के महत्व को स्थापित करने और निरक्षरता को समाप्त करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र के अनुसांगिक संगठन संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन आरम्भ किया था। यूनेस्को ने वर्ष 1965 में सत्रह नवम्बर को यह निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्व में साक्षरता के प्रसार के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाए। वस्तुतः शिक्षा के महत्व को दर्शाना, शिक्षा के महत्व की पुनर्स्थापना करना और निरक्षरता को जड़ से मिटाना ही अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का प्राथमिक लक्ष्य है। पहला अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस वर्ष 1966 में आठ सितम्बर को मनाया गया था और तब से लेकर आज तक पूरे विश्व में आठ सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। विश्व में साक्षरता दिवस को भिन्न-भिन्न रूप में मनाया जाता है। कहीं पर समारोह का आयोजन कर साक्षरता के महत्व पर व्याख्यान दिये जाते हैं, तो कहीं गरीब बस्तियों में जाकर शिक्षा की अलख जगाने का प्रयास किया जाता है। कहीं केवल साक्षरता और निरक्षरता के आंकड़ों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है। इन दिनों तो सोशल मीडिया, साक्षरता दिवस से जुड़े आलेख और जानकारियों से भरा होता है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस, शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और लोगों का ध्यान शिक्षा की तरफ आकर्षित करने के साथ ही उन्हें शिक्षा के सही संस्कार देने के अभिप्राय से भी मनाया जाता है।

साक्षरता के मूल अभिप्राय को समझना बेहद जरूरी है

साक्षरता का सामान्य अर्थ यह होता है कि वह व्यक्ति साक्षर कहा जाता है, जो पढ़ने और लिखने की क्षमता से सम्पन्न हो। अलग-अलग देशों में साक्षरता के अलग-अलग मानक हैं। भारत में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अनुसार अगर कोई व्यक्ति अपना नाम लिखने और पढ़ने की योग्यता हासिल कर लेता है तो उसे साक्षर माना जाता है। एक भाष्य के अनुसार उन लोगों को भी कार्यकारी शिक्षित गिना जाता है जो अपने हस्ताक्षर कर सकते हैं तथा पैसे का हिसाब किताब करना जानते हैं अथवा समझ सकते हैं अथवा दोनों विधा में सक्षम हैं (यहां इसे वित्तीय साक्षरता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए)।

विश्व में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं। विश्व शैक्षिक निगरानी रिपोर्ट के अनुसार विश्व में लगभग सत्तर करोड़ पचास लाख वयस्क अनपढ़ हैं। हर पांच में से एक पुरुष निरक्षर है। इतना ही नहीं विश्व की सकल आबादी की दो तिहाई महिलाएं भी निरक्षर हैं। पूरी दुनिया में बहुत से बच्चे आज भी स्कूल नहीं जा रहे हैं या तो उनके पास स्कूल नहीं है या माता-पिता बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। कई बच्चे छोटी उम्र से पैसा कमाने में लग जाते हैं। इस दिवस का लक्ष्य साक्षरता के मूल अभिप्राय को समझकर हर बच्चे को पढ़ने के लिए स्कूल भेजना भी है और अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का लक्ष्य विश्व में सभी अशिक्षितों को शिक्षित करना है। बच्चे, वयस्क, महिलाओं और बूढ़ों को साक्षर बनाना, उनको अपने अधिकारों के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपने कर्तव्य की समझ से वाकिफ करवाना भी साक्षरता का ध्येय है। साक्षरता जीवन जीने की सही कला से साक्षात्कार भी करवाती है।

भारत में तेजी से बढ़ रही साक्षरता

किसी देश अथवा राज्य की साक्षरता दर वहां के कुल लोगों की जनसंख्या व पढ़े-लिखे लोगों के अनुपात से तय होती है। आम तौर पर साक्षरता दर प्रतिशत में

दर्शाई जाती है। परन्तु कभी-कभी इसे प्रति-कोटि अर्थात् प्रति हजार के मान से भी दिखाया जाता है। आज़ादी के समय भारत की साक्षरता दर मात्र बारह प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर लगभग 74.04 प्रतिशत हो गई है। परन्तु अभी भी भारत सामान्य वैश्विक साक्षरता दर से पीछे है। इस समय भारत में पुरुष साक्षरता दर लगभग बयासी प्रतिशत और महिला साक्षरता दर करीब सत्तर प्रतिशत है। इस प्रकार पुरुष और महिला साक्षरता के बीच का अंतर बारह प्रतिशत है। राज्यों के मान से सर्वाधिक साक्षरता दर छियान्नवे प्रतिशत केरल में और सबसे कम साक्षरता दर बिहार में है। केंद्र शासित क्षेत्र के मान से सर्वाधिक साक्षरता दर लक्षद्वीप में है। जब से भारत ने शिक्षा का अधिकार लागू किया है, तब से भारत की साक्षरता दर बहुत तेजी से बढ़ी है। केरल, हिमाचल, मिजोरम, तमिलनाडु एवं राजस्थान में हुए व्यापक बदलावों ने इन राज्यों की कायापलट कर दी है एवं लगभग सभी बच्चों को अब वहां शिक्षा प्रदान की जाती है। बिहार में शिक्षा सबसे बड़ी समस्या है जिससे सरकार जूझ रही है। वहां गरीबी की दर इतनी अधिक है कि लोग जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं जैसे रोटी, कपड़ा और मकान का भी जुगाड़ नहीं कर पाते हैं। वे किताबों का खर्च नहीं उठा पाते हैं। उस स्थिति से बाहर आने के लिये राज्य सरकार अथक प्रयास कर रही है।

वेबीनार से होगा साक्षरता का प्रसार

कोरोना महामारी के दौरान, शुरुआत में कई देशों में वयस्क साक्षरता या प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों की कोई तैयारी नहीं थी। इसलिए या तो उस समय साक्षरता अभियान चलाए ही नहीं गए या उन्हें स्थगित कर दिये गये। फिलहाल, टीवी, रेडियो और इंटरनेट के जरिए शिक्षा और साक्षरता के प्रसार के काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल भी इस दिन संयुक्त शिक्षा व साक्षरता के मुद्दे पर कई ऑनलाइन वेबीनार हुए अब बदले हालात में एक्चुअल के स्थान पर वर्चुअल कार्यक्रम हो रहे हैं और नई रणनीति बनाकर वेबीनार से साक्षरता का प्रसार हो रहा है। कोरोना महामारी के दौर में स्वास्थ्य शिक्षा में महामारी से बचाव के अनुशासन को भी शामिल किया गया। कोरोना से लड़ाई में यह साक्षरता बड़ी काम आई। सैनेटाइजेशन, मास्क के उपयोग और दो गज़ की दूरी का अनुशासन कोरोना के खिलाफ रणनीति बनाने में सबसे सार्थक पहल रही। इस महामारी ने स्वास्थ्य शिक्षा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी साक्षरता अभियान का एक हिस्सा माना गया। कोरोना संक्रमण काल में साक्षरता पर सबसे अधिक जोर दिए जाने की रणनीति बनाने में भारत अग्रगण्य रहा।

नागरिक भी साक्षरता के प्रसार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं

आम नागरिक भी साक्षरता के प्रसार में महती भूमिका निभा सकते हैं। एक आम नागरिक के लिए यह जरूरी नहीं है, कि वह साक्षरता दिवस पर कोई बड़ा काम या व्यापक अभियान का संचालन करे। वह साक्षरता के बड़े काम की शुरुआत कुछ छोटे-छोटे कामों से भी कर सकता है। ध्यान दें कि अगर आप घर पर किसी गरीब बच्चे को न पढ़ा पाएं, तो अपने क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर कोई छोटा सा समूह बनाकर, उसके स्कूल जाने की व्यवस्था तो जरूर कर सकते हैं, आप कुछ वक्त निकालकर, उन पिछड़े क्षेत्रों व लोगों के बीच शिक्षा के महत्व को साझा कर सकते हैं, जहाँ शिक्षा से जरूरी मजदूरी और ज्ञान से जरूरी भोजन होता है, आप ज्ञान के प्रकाश से वंचित तबके को इस बात की अनुभूति करवा सकते हैं कि शिक्षा प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती और आप सरकार की शिक्षा सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी तो बांट ही सकते हैं, जो आपके छोटे से प्रयास से अन्धकारमय जीवन में एक नया दीपक जला सकती हैं, क्योंकि शिक्षा, रोज़गार या पैसे से ज्यादा खुद के विकास के लिए भी जरूरी है।

जोश और उल्लास के साथ मनाया जाता है यह दिवस

साक्षरता के वैश्विक महत्व और उसकी शाश्वत मूल्यगत अवधारणा के परिप्रेक्ष्य में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया जाता है। शिक्षा के बिना कोई देश तरक्की नहीं कर सकता है। शिक्षा हमारे भीतर और देश एवं समाज में फैले अशिक्षा के अन्धकार को दूर करती है। इसलिए सभी देशों को इस अंतर्राष्ट्रीय पर्व को निश्चित तौर पर मनाना चाहिये। भारत के लिए इस दिवस का महत्व और भी अधिक है, क्योंकि यहां कई बच्चे और वयस्क अनपढ़ हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अकादमिक और तथ्यपूर्ण लेखन करने वाले विश्वस्तरीय लेखकों मारगरेट एटवुड, पॉलो कोहेल्हो, पॉल ऑस्टर, फिलीप क्लॉडेल जैसे लेखकों ने विश्व में साक्षरता बढ़ाने के लिए अनेक लेख और किताबें लिखी हैं। सेवा संस्थायें यथा रोटरी क्लब, लॉयन्स क्लब और ब्लड बैंक और राष्ट्रीय साक्षरता संस्थान बच्चों को पढ़ाने में मदद कर रहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर ऐसी संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाता है, जो देश और दुनिया में लोगों को पढ़ाने का काम कर रही हैं। स्कूल, कॉलेजों में लेखन, व्याख्यान, भाषण, कविता, खेल, निबंध, चित्रकला, गीत, गोलमेज चर्चा, सेमीनार और पिछले दो सालों में कोरोना संक्रमण के कारण वर्चुअल परिसम्वाद और वेबिनार जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये।

साक्षरता दिवस तय थीम पर मनाया जाता है

बहुत सारे देशों में समूचे विश्व की निरक्षरता से सम्बन्धित समस्याओं को सुलझाने के लिये सामयिक योजनाओं के कार्यान्वयन के द्वारा इसे प्रभावशाली बनाने के लिये हर वर्ष एक खास विषय पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस उत्सव मनाया जाता है। गत वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम 'लिटरेसी फॉर ए हम्यूमेन सेंट्रर्ड रिकवरी : नेरोविंग दि डिजिटल डिवाइड' थी। यह थीम लोगों के बीच डिजिटल साक्षरता को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने पर जोर देती है। कोविड-19 के समय में इसकी अहमियत और भी बढ़ जाती है। वर्ष 2020 में 'कोविड-19 संकट और उससे परे साक्षरता और शिक्षण' साक्षरता दिवस की थीम थी। वर्ष 2014 से वर्ष 2019 तक छः वर्षों में इस दिवस की थीम पर यदि हम विचार करें तो वे सभी थीमें बेहद प्रासंगिक थीं। वर्ष 2014 में सतत विकास और साक्षरता, वर्ष 2015 में साक्षरता और सतत समाधान, वर्ष 2016 में 'अतीत पढ़ना और भविष्य लिखना', वर्ष 2017 में डिजिटल दुनिया में साक्षरता, वर्ष 2018 में साक्षरता और कौशल विकास और वर्ष 2019 में साक्षरता और बहुभाषावाद को थीम बनाया गया था।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

लेटरल एण्ट्री के माध्यम से बी.टेक./बी.फार्मेसी पाठ्यक्रमों

(द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश)

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	05/09/2022 से 19/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	20/09/2022 से 21/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	08/09/2022 से 23/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची।	24/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	28/09/2022 से 03/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	30/09/2022 से 07/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	08/10/2022 से 09/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	02/10/2022 से 11/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची।	12/10/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	17/10/2022 से 22/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
25/10/2022 से 27/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	27/10/2022 प्रातः 10:30 बजे
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
28/10/2022 से 29/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	29/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

(कोविड-19 के कारण, सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिये, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को नहीं जाना है)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/106190/47491/2022

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 1007

(PMGSY-III-Bridge) (PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)
No./11747/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 01.09.2022

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work -** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable -** SOR issued by Engineer-in-Chief MPPWD Bhopal for Road and Bridge work effective from 29.08.2017 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridges	Total PAC (In Rs.)
1.	Alirajpur	5	5	57744000.00
2.	Balaghat	2	2	31596000.00
3.	Barwani	2	6	50467000.00
4.	Betul	3	14	193474000.00
5.	Bhopal	1	1	11721000.00
6.	Burhanpur	3	4	49656000.00
7.	Chhindwara	3	8	109493000.00
8.	Damoh	4	5	52995000.00
9.	Dewas	6	16	128494000.00
10.	Dhar	2	2	25662000.00
11.	Gwalior	1	1	5598000.00
12.	Harda	3	6	50445000.00
13.	Indore	2	3	18446000.00
14.	Jhabua	4	15	87951000.00
15.	Katni	1	1	13646000.00
16.	Khandwa	9	14	86255000.00
17.	Khargone	2	3	38751000.00
18.	Mandla	1	3	30488000.00
19.	Morena	1	5	35785000.00
20.	Narmadapuram	3	5	42915000.00
21.	Narsinghpur	1	1	8410000.00
22.	Panna	5	8	102992000.00
23.	Raisen	4	6	70757000.00
24.	Rajgarh	3	3	35899000.00
25.	Ratlam	3	6	46403000.00
26.	Sagar	2	3	39954000.00
27.	Satna	4	4	48572000.00
28.	Seoni	5	9	79269000.00
29.	Shahdol	2	2	19691000.00
30.	Ujjain	2	4	36774000.00
31.	Vidisha	5	5	51995000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online **from 06.09.2022 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **22.09.2022 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106155/47488/2022 **(TENDER)**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03, भोपाल-03
Mob. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/621/पयं/भोपाल-03/तशा/2022 भोपाल, दि. : 29.08.2022

निविदा आमंत्रण सूचना-05/2022-23

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत एमओडब्ल्यू योजनांतर्गत जिला सीहोर, विदिशा एवं नर्मदापुरम कार्य हेतु निविदा क्रमांक- 05/2022-22 (टेण्डर क्र.-218975, 218977, 218979, 218981) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक **09.09.2022 सायं 5:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/106133/47485/2022 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर, भदभदा रोड, भोपाल
क्रमांक/1062/मप्रपुहाका/पय/सागर/22 दिनांक 30.08.2022

निविदा सूचना क्रमांक 009/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत भोपाल, रायसेन, छतरपुर एवं टीकमगढ़ जिलों में भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि 10.09.2022 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/106163/47489/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. – 462011

SHORT NIT No. 11627 Dated : 29.08.2022

Online tenders (in two envelope system) are invited from registered and reputed venders on E-tender portal **(www.mptenders.gov.in)** for maintenance of Walmi campus under MPRRDA & RRNMU Bhopal on terms and conditions given in detailed NIT. Critical dates for submission of offer are as given below :-

S. No.	Stages	Date & Time
1	Publishing Date	01.09.2022 from 17.00 hrs.
2	Document Download/Sale Start Date	01.09.2022 from 17.30 hrs.
3	Bid Submission Start Date	02.09.2022 from 11.00 hrs.
4	Bid Submission Closing Date	16.09.2022 upto 17.00 hrs.
5	Bid Opening Start Date	19.09.2022 from 11:00 hrs.

Other details may be seen in detailed NIT available on tender portal **www.mptenders.gov.in**. Date of opening of Financial offer will be notified on the portal after evaluation of Technical bid.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106135/47486/2022 **(TENDER)**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति

गंजबासोदा, जिला - विदिशा, (मध्यप्रदेश)
क्र./मंडी/निर्माण/2022-23/1108 गंजबासोदा, दिनांक : 29.08.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2022_MPSAM_219061_1 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 23.09.2022 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड को पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट : आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/106154/47487/2022 **सचिव**

मान (मेयो) कॉलेज ऑफ नर्सिंग

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-47482/2022

मान कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल कांउसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन (एम.एम.एल.टी.) – योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (एम.पी.टी.) – योग्यता बी.पी.टी.	2 वर्ष
3.	बैचचर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.)–6 माह इंटर्नशिप	4½ वर्ष

क्रमांक 3 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

संचालक

LAKECITY

R-47481/2022

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. : 9406808103
क्र. 998 /पयं/मप्रपुहाइडेकालि/22/ उज्जैन, दिनांक 29.8.22

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 13/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 13/2022-23 दिनांक 29.08.2022 के अंतर्गत (1) ट्रेनिंग कंपनी हेतु बैरक एवं मेस का निर्माण कार्य, 24वीं वाहिनी, वि.स.बल, सोहनगढ़, जावरा जिला रतलाम (2) रोड एवं ड्रेन का निर्माण कार्य, अर्द्धशहरी थाना भवन, कानड़ जिला आगर मालवा हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2022_MPPHC_218570, 2022_MPPHC_218571 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 29.08.2022 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 12.09.2022 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/106121/47483/2022 परियोजना यंत्री

CHRISTIAN EMINENT COLLEGE, INDORE

(Academy of Management, Professional Education & Research)
Affiliated to Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
An Autonomous Institution NAAC Accredited with Grade "A"
F-Sector, H.I.G., R. S. S. Nagar Main Road, Indore (M.P.)
Tel.: 0731-2555610 E-mail: director@christianeminent.com

Courses Offered

M.Sc. - Computer Sc., Biotechnology, Mathematics, Chemistry
M.Com., P.G.D.C.A., B.B.A., B.C.A.
B.Sc.–Computer Sc., Information Technology, Electronics, Physics, Mathematics, Biotechnology, Chemistry, Pharma. Chemistry
B.Com. – Comp. Appl., Tax Procedure, Economics
Proposed Courses – **B.Sc.** –Botany, Zoology
B.A. –Comp. Appl., Eng. Lit., Hindi Lit., Eco., Hist., Pol. Sc., Sociology

Appointments - Qualification & Salary as per norms for selection under college code 28 → **Principal/ Professor/ Associate Professor/ Assistant Professor/ Office Asstt. / Lab. Tech. / Library Asstt. / Sports Officer**

Subjects: Computer Sc., Electronics, Biotechnology, Chemistry, Pharmaceutical Chemistry, Mathematics, Statistics, Physics, Commerce, Management, English, Hindi, History, Sociology, Political Science, Economics, Botany, Zoology, Yoga.

Interested candidates should apply with Biodata and supporting documents within **7** days from the date of publication of this advertisement.

DIRECTOR

R-47480/2022

DMIC PITHAMPUR JAL PRABANDHAN LIMITED

(Formerly Known as Pithampur Jal Prabandhan Company Limited)
CIN : U41000MP2014SGC032618, Regd. Office : 1ST Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park Khandwa Road, Indore (MP) 452001, Email : pjpclindore@gmail.com, Ph: 0731-2971311, 2970611
No. DMICPJPL/INDORE/TECH/2022/4886 Date : 29.08.2022

NOTICE INVITING TENDER

DMIC PJPL, Indore invites online Percentage Rate tenders from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through e-portal : **https://www.mptenders.gov.in** as mention below :-

S. No.	Name of work	PAC	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of submission
1.	Renovation of Inspection Hut Jamunia Tank (Karam Intake well) Industrial Area Pithampur Sector-3, Pithampur Distt. Dhar (M.P.)	Rs. 18.73 Lakhs + GST	Rs. 2,360 /- (i/c GST)	Rs. 37,460/-	19.09.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system - **http://www.mptenders.gov.in** within 3 working days from publication in news paper.
M.P. Madhyam/106129/2022 R-47484/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
CIN : U51102MP1977SGC001392
Regional Office, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road Indore-452001 (M.P.), Ph. : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
No. MPIDC/RO/IND/TECH/22/5084 Date : 02.09.2022

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following work. The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Name of Work	Probable amount of contract (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form (in Rs.)	Last Date of Submission of Tender
Supply, Installation & Commissioning with 36 months operation & maintenance of 100 Nos. drinking water purifier & cooler at various industrial areas of MPIDC.	279.00	279000/-	17700/-	04.10.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.
M.P. Madhyam/106186/47490/2022 **ASSISTANT ENGINEER**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

दन्त शल्य चिकित्सक परीक्षा-2019

चयन सूची

पदनाम - दन्त चिकित्सक (डेंटल सर्जन)

क्रमांक : 6170/26/2019/चयन इन्दौर, दिनांक : 23 AUG 2022

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 06/2019/ दिनांक 28.11.2019 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में निम्नांकित तालिका में दर्शित पद विज्ञापित किये गये हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए, **दन्त शल्य चिकित्सक परीक्षा-2019** दिनांक **23.01.2022** को आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 18.02.2022 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में, म.प्र. कर्मचारी राज्य बीमा सेवा, श्रम विभाग के अंतर्गत पदनाम- दन्त चिकित्सक (डेंटल सर्जन) हेतु अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार दिनांक 12.04.2022 को आयोजित किये जाने के परिणामस्वरूप, लिखित परीक्षा + साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार चयन सूची घोषित की जाती है :-

दन्त चिकित्सक (डेन्टल सर्जन) (म.प्र. कर्मचारी राज्य बीमा सेवा, श्रम विभाग)

पद विवरण तालिका

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	1	0	0	1	0	2

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	100750	NEHA SHUKLA	F	UNR	UNR
2.	100013	RUDRA KUMAR GUPTA	M	OBC	OBC

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	100522	PRIYANKA GUPTA	F	UNR
2.	100140	AMRITA YADAV	F	OBC

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिये निर्देशों के तहत् अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत् आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए है जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हो। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किये बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

सचिव

जी-15946/47465/2022 म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर

कार्यालय मुख्य अभियंता

लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 06/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2022-23 भोपाल, दिनांक : 29.08.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु
1.	2022_PWDRB_219071_1	दतिया	पुल कार्य	दतिया जिले के रतनगढ़-बसई मलिक मार्ग में सिंध नदी पर पुराने पुल के समीप नवीन उच्चस्तरीय पुल पहुंच मार्ग सहित का शेष निर्माण कार्य।	प्रथम	3651.88	केवल ऑनलाइन
				कुल योग		**3651.88**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 19.09.2022 (17.30) बजे** निर्धारित है। वेबसाइट एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र
भोपाल (म.प्र.)

जी-16167/47475/2022

कार्यालय कलेक्टर
जिला-खण्डवा (म.प्र.)

क्रमांक-क/स्थापना/2022/12597 **खण्डवा, दिनांक : 24.08.2022**

विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, राजस्व विभाग के पत्र क्रमांक एफ-2/10/2012/सात/4 ए दिनांक 09 अगस्त 2017 एवं संशोधित आदेश क्रमांक 980/2-10/2012/सात-4 ए दिनांक 18.08.2017 एवं एफ-2/10/2012/सात/4 एवं दिनांक 04.01.2019 के तारतम्य में तहसील कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय में लोक सेवा प्रबंधन विभाग के कार्य हेतु संविदा आधार पर कार्यालय सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर निम्नानुसार शर्तों के अधीन नियुक्ति किये जाने बाबत् ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

(2) रिक्त पदों का विवरण :-

संविदा पद का नाम	मानदेय	कुल रिक्त पद	अनारक्षित	अ.ज.जा.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
कार्यालय सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	22770/- बाईस हजार सात सौ सत्तर मात्र प्रति माह	04	02 (01 ओपन) (01 महिला)	01 (ओपन)	01 (ओपन)

1. तालिका में दर्शित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन दिनांक 30.08.2022 से **दिनांक 16.09.2022 तक** ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत **www.mponline.gov.in** पर प्राप्त किये जावेंगे। पोर्टल शुल्क रुपये 100+ 18% GST प्रति अभ्यर्थी निर्धारित है।
2. संविदा अवधि 01 वर्ष की होगी। नियुक्ति के पश्चात् नियुक्त व्यक्ति को वार्षिक कार्य मूल्यांकन के आधार पर उपयुक्त होने की दशा में एक-एक वर्ष की सेवा वृद्धि की जा सकेगी।

(3) शैक्षणिक व्यवहारिक एवं तकनीकी योग्यता :-

1. कार्यालय पत्र एवं कार्यालयीन कार्य को हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण करने की दक्षता।
2. डाटा फिडिंग के कार्य की जानकारी।
3. दस्तावेजों की स्कैनिंग।
4. एम.एस. ऑफिस तथा डाटाबेस सॉफ्टवेयर में कार्य करने का 3 साल का अनुभव।
5. शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण।
6. न्यूनतम तकनीकी योग्यता CPCT परीक्षा उत्तीर्ण।

(4) नियुक्ति की प्रक्रिया :-

1. पात्र आवेदकों की सूची सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर निम्नानुसार प्रक्रिया अनुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी। सी.पी.सी.टी. के स्कोर कार्ड में दो सेक्शन होते हैं प्रथम सेक्शन कम्प्यूटर प्रोफिशियेन्सी एवं दूसर नेट टायपिंग (हिन्दी एवं अंग्रेजी) स्पीड का होता है। नेट टायपिंग स्पीड के लिये हिन्दी और अंग्रेजी दोनों डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के लिये क्वालिफाइड होना आवश्यक होगा। हिन्दी एवं अंग्रेजी नेट टायपिंग स्पीड में क्वालिफाइड होने की स्थिति में मेरिट का निर्धारण कम्प्यूटर प्रोफिशियेन्सी में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जावेगा। लेकिन मेरिट के निर्धारण में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को शामिल किया जायेगा, जिन्होंने हिन्दी एवं अंग्रेजी नेट टायपिंग में क्वालिफाई किया हो।
2. यदि दो या दो से अधिक आवेदकों के कम्प्यूटर प्रोफिशियेन्सी में समान अंक होंगे, तो हिन्दी टायपिंग के अंकों से मेरिट का निर्धारण होगा।
3. हिन्दी टायपिंग में समान अंक होने पर अंग्रेजी टायपिंग के अंकों के आधार पर मेरिट का निर्धारण किया जावेगा।
4. मेरिट में दो आवेदकों को कम्प्यूटर प्रोफिशियेन्सी, हिन्दी एवं अंग्रेजी में नेट टायपिंग सभी में समान अंक होने पर अधिक आयु वाले आवेदक को प्राथमिकता होगी।
5. **वैवाहिक स्थिति :-**
   (अ) महिला उम्मीदवार की स्थिति में 18 वर्ष से कम तथा पुरुष उम्मीदवार की स्थिति में 21 वर्ष से कम की आयु में विवाह हुआ हो तो पात्र नहीं होंगे।
   (ब) एक से अधिक विवाह किये गये उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे अगर प्रथम विवाह से विवाह विच्छेद न हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो।
6. ऐसे आवेदक जिनके दिनांक 26.01.2001 तथा उसके बाद तृतीय बच्चे का जन्म हुआ है चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
7. उम्मीदवार का चयन समिति द्वारा किया जावेगा। कलेक्टर जिला-खण्डवा का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा।
8. सभी विवादों का न्यायायिक क्षेत्र खण्डवा रहेगा।
9. मेरिट सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात् ही चयन प्रक्रिया पूर्ण मानी जावेगी। सत्यापन के दौरान दस्तावेज गलत अथवा अवैध पाये जाने पर चयन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

(5) प्रतीक्षा सूची :-

1. चयनित उम्मीदवारों में से प्रत्येक पद के लिए कम से कम दो उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची बनाई जावेगी।

प्रतीक्षा सूची की वैधता :-

1. प्रतीक्षा सूची की वैधता सामान्यतः एक वर्ष के लिये होगी।

(6) संविदा नियुक्ति की सामान्य शर्तें :-

संविदा अवधि :-

1. संविदा नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिये वैध होगी।

2. आयु सीमा :-

1. अनारक्षित वर्ग हेतु : न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष
2. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय विभाग/उपक्रम/निःशक्तजन/महिलाओं (आरक्षित एवं अनारक्षित)/भूतपूर्व सैनिक हेतु : न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष

नोट :- आयु की गणना 01 जुलाई 2022 के आधार पर की जावेगी।

3. संविदा नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा 01 माह का नोटिस या वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

मानदेय/पारिश्रमिक

4. संविदा सेवा में प्रति माह वेतन रुपये 22770/- मात्र (समस्त कटौत्रों सहित) देय होगा।
5. संविदा नियुक्ति के दौरान शासकीय आवास गृह की पात्रता नहीं होगी।
6. यात्रा भत्ते की पात्रता उसी प्रकार होगी जैसे किसी तृतीय श्रेणी के कर्मचारी को होती है।

अवकाश :-

7. वर्ष में 13 दिवस आकस्मिक अवकाश एवं 15 दिवस चिकित्सा अवकाश की पात्रता होगी। अवकाश का उपभोग जिला-कलेक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की स्वीकृति से किया जाएगा। बिना अवकाश स्वीकृत के अवकाश पर रहने/अनुपस्थित रहने पर अनुपस्थित की अवधि का वेतन देय नहीं होगा।

ई.पी.एफ. कटौत्रा :-

8. ई.पी.एफ. कटौत्रा के संबंध में ई.पी.एफ. फण्ड मिसलेनियस प्रोवीजनल एक्ट 1952 के प्रावधान लागू होंगे।

अन्य :-

9. कार्य पर उपस्थिति के समय मेडिकल बोर्ड का फिटनेस प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. संबंधित उम्मीदवार के चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन में यदि किसी प्रकार का प्रतिकूल विवरण प्राप्त होता है, तो ऐसी स्थिति में इनकी नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।
11. इस संविदा नियुक्ति के आधार पर नियमितिकरण संबंधी कोई मांग या दावा नहीं किया जावेगा।
12. संविदा नियुक्ति आदेश जारी करने के दिनांक से 15 दिन तक प्रभावशील रहेगा। इस अवधि में यदि संविदा नियुक्त व्यक्ति के द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया तो संविदा का नियुक्ति का ओदश स्वतः प्रभाव शून्य हो जावेगा।
13. संविदा पर नियुक्त व्यक्तियों का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जावेगा। जिससे उनके कार्य स्तर आदि का मूल्यांकन हो सके। गोपनीय प्रतिवेदन एवं कार्य मूल्यांकन के आधार पर आगामी वर्ष हेतु नियुक्ति पर विचार किया जावेगा।
14. संविदा पर नियुक्त व्यक्तियों पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम लागू होंगे।
15. अभ्यार्थी को मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
16. मध्यप्रदेश शासन में लागू आरक्षण नियमों का पूर्णतः पालन किया जावेगा।
17. संविदा पर नियुक्त कार्यालय सहायक एक माह का पूर्व का नोटिस कार्यालय को देकर अथवा एक माह का पारिश्रमिक नगद जमा कर संविदा सेवा से त्याग-पत्र दे सकता है।
18. विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है। किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता सुरक्षित रखता है।
19. संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी को शासन निर्देशानुसार परिशिष्ट-4 में अनुबंध निष्पादित करना होगा।
20. किसी भी विवाद की स्थिति में कार्यालय प्रमुख का निर्णय बंधनकारी होगा।

कलेक्टर

जी-16161/47477/2022 **जिला-खण्डवा (म.प्र.)**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सागर मण्डल सागर (म.प्र.)

दूरभाष नं. : कार्यालय 07582-228042, ई-मेल : seressagar@mp.gov.in

क्रमांक/1270/निविदा/ग्रा.यां.से./2022 **सागर, दिनांक : 29.08.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 04 एवं 05/2022-23

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Cover 2/3 (दो/तीन लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र.	ग्रायांसे संभाग	टेण्डर आई.डी. नंबर	कार्य का नाम	निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रु. लाख में)	निविदा आमंत्रण का क्रम	Covers
1.	दमोह	2022_RES_219091_1	गौरैया नदी पर चैक डैम निर्माण कार्य तेजगढ़ ग्रा.पं. तेजगढ़ वि.ख. तेन्दूखेड़ा	120.21	प्रथम	तीन लिफाफा पद्धति
2.	दमोह	2022_RES_219092_1	गोहदर नदी पर चैक डैम निर्माण कार्य पौड़ी ग्रा.पं. पौड़ी वि.ख. तेन्दूखेड़ा	86.54	प्रथम	
3.	छतरपुर	2022_RES_219095_1	ग्राम बमीठा में खेल मैदान में बाउन्ड्रीवाल सीढ़ियानुमा वि.ख. राजनगर	126.13	प्रथम	
4.	पन्ना	2022_RES_219096_1	बी.टी. रोड निर्माण कार्य पैकेज क्र. Panna BT0936 वि.ख. अजयगढ़	440.26	प्रथम	
5.	टीकमगढ़	2022_RES_219097_1	कुडीला में हाट बाजार का निर्माण एवं उत्सव भवन निर्माण ज.प. बल्देवगढ़	84.19	प्रथम	
6.	निवाड़ी	2022_RES_219098_1	ग्राम पंचायत टेहरका में स्टेडियम निर्माण कार्य ज. प. निवाड़ी	122.57	प्रथम	
7.	निवाड़ी	2022_RES_219104_1	ग्राम पंचायत पुछीकरगंवा में स्टेडियम निर्माण कार्य ज.प. निवाड़ी	122.57	प्रथम	
8.	सागर	2022_RES_219105_1	जैसीनगर में बस स्टेण्ड का निर्माण वि.ख. जैसीनगर	165.58	प्रथम	
9.	सागर क्र. 1	2022_RES_219106_1	शॉपिंग काम्प्लेक्स, खेल मैदान एवं सी.सी. रोड निर्माण पैकेज क्र. राहतगढ़ 1062 वि.ख. राहतगढ़	140.85	प्रथम	
10.	सागर क्र. 1	2022_RES_219107_1	मंगल भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण पैकेज क्र. राहतगढ़ 1063 वि.ख. राहतगढ़	108.31	प्रथम	
11.	सागर क्र. 1	2022_RES_219110_1	मंगल भवन निर्माण पैकेज क्र. जैसीनगर 1064 वि.ख. जैसीनगर	131.25	प्रथम	
12.	सागर क्र. 1	2022_RES_219112_1	आंगनवाड़ी भवन निर्माण समनापुर वि.ख. सागर	22.83	प्रथम	दो लिफाफा पद्धति
13.	सागर क्र. 1	2022_RES_219113_1	आंगनवाड़ी भवन निर्माण सेमराअंगद वि.ख. सागर	22.83	प्रथम	
14.	सागर क्र. 1	2022_RES_219114_1	आंगनवाड़ी भवन निर्माण खैरा वि.ख. खुरई	22.83	प्रथम	
15.	सागर क्र. 1	2022_RES_219115_1	सामुदायिक भवन निर्माण जरूआखेड़ा वि.ख. राहतगढ़	44.28	प्रथम	
16.	सागर क्र. 1	2022_RES_219255_1	सामुदायिक भवन निर्माण परसोरिया वि.ख. सागर	44.28	प्रथम	
17.	सागर क्र. 1	2022_RES_219256_1	सामुदायिक भवन निर्माण गढ़परहा वि.ख. सागर	44.28	प्रथम	
18.	दमोह	2022_RES_219257_1	स्टॉपडेम कम काजवे निर्माण कार्य बूढा हटा नाला वि.ख. हटा	44.28	प्रथम	
			योग	**1892.87**		

कुल योग राशि रु. 1892.87 लाख (रु. अठारह करोड़ बानवे लाख सतासी हजार मात्र)

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट), वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। अमानत राशि ऑनलाइन (**As per Tenders website link Bank/Online**) जमा ही मान्य की जावेगी। अमानत राशि ऑफलाइन मान्य नहीं की जावेगी।

निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की **दिनांक 31.08.2022 से प्रारंभ होकर दिनांक 12.09.2022 समय 05:30 बजे तक** निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (Cover-1) निविदा कवर 'ब' (Cover-2) एवं कवर 'स' (Cover-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (**Submit**) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेंगी। **समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

जी-16225/47479/2022 **सागर मण्डल सागर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, भवन/सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)

निविदा सूचना 05/एस.ए.सी./वर्ष 2022-23/ **शहडोल, 00.00.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. मझगंवा बैगान टोला लं. 1.85 कि.मी. खोल्हाड़ कुदरी मार्ग लं. 1.50 कि.मी. बुढार पकरिया मार्ग लं. 2.50 कि.मी. एवं पडखुरी पहुंच मार्ग लं. 2.00 कि.मी. कुल 7.85 में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	निविदा आमंत्रण	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. की राशि	निविदा की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2022_PWDRB_218750_1	शहडोल	प्रथम	69.81	69810/-	10000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. साखी तिराहा से सी.जी. बॉर्डर लं. 2.00 कि.मी. डोगरी टाला सनन्द टोला लं. 2.00 कि.मी. ढाखर से छतई मार्ग लं. 1.70 कि.मी. कुल लं. 6.70 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।

2022_PWDRB_218751_1	शहडोल	प्रथम	57.67	57670/-	10000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. कंचनपुर पहुंच मार्ग लं. 1.50 कि.मी. में जमुई हेलीपैड पहुंच मार्ग लं. 0.20 कि.मी. रेस्ट हाउस कैम्पस शहडोल लं. 0.20 कि.मी. पाण्डवनगर मुडना नदी मार्ग लं. 1.55 कि.मी. मेकी से छतरपुर मार्ग लं. 2.00 कि.मी. एवं पिपरिया देवगंवा मार्ग लं. 3.00 कि.मी. कुल लं. 8.45 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।

2022_PWDRB_218752_1	शहडोल	प्रथम	78.22	78220/-	10000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. नगर परिषद् ब्यौहारी वार्ड नं. 5 में गोदावल पहुंच मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_218753_1	शहडोल	प्रथम	94.61	94610/-	10000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. तराई डोल से कोटी मार्ग का निर्माण कार्य लं. 3.00 कि.मी.।

2022_PWDRB_218754_1	शहडोल	प्रथम	207.22	207220/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. अमलीखेरवा (कोइलहा) से छिरहनी (छिरहटी) पहुंच मार्ग लं. 3.00 कि.मी. एवं कपीलधार धनौरा से अमिलिहा पहुंच मार्ग लं. 3.00 कि.मी. कुल लं. 6.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_218755_1	शहडोल	प्रथम	395.02	395020/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. विक्रमपुर पिपतरा छाता पहुंच मार्ग लं. 4.50 कि.मी. एवं ग्राम जमुई से एफ.सी.आई. गोदाम शहडोल वाया बीज निगम लं. 2.00 कि.मी. कुल लं. 6.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_218756_1	शहडोल	प्रथम	460.91	460910/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. खन्नौधी से गोपालपुर मार्ग का निर्माण कार्य लं. 5.50 कि.मी.।

2022_PWDRB_218757_1	शहडोल	प्रथम	535.85	535850/-	20000/-	10 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. जे.जे. रोड दरौड़ी से भटिगंवा कला लखनौटी मार्ग लं. 6.80 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_218758_1	शहडोल	प्रथम	637.27	637270/-	20000/-	10 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. खन्नौधी से मलमाथर वाया भाटाकछार मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 6.30 कि.मी.।

2022_PWDRB_218759_1	शहडोल	प्रथम	678.03	678030/-	20000/-	11 माह वर्षाऋतु सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. कुदरी कोटमा मार्ग लं. 1.70 कि.मी. झुमाटोला देवरी नं. 2 पैलवाह सालिवहरा रोड लं. 7.00 कि.मी. एवं बिजौरी बेगा चहकी टोला से झीरसागर लं. 2.50 कि.मी. कुल लं. 11.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_218760_1	शहडोल	प्रथम	749.97	749970/-	20000/-	11 माह वर्षाऋतु सहित

ऑनलाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय **दिनांक 01.09.2022 सुबह 10.30 से अंतिम दिनांक 16.09.2022 शाम 17.30 तक** एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 01.09.2022 सुबह 10.30 से अन्तिम दिनांक 01.09.2022 शाम 17.30 तक है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
जी-16173/47476/2022 **शहडोल संभाग शहडोल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धार

फोन : 07292-222342 (An ISO9001:2015 Certified office)
eepheddha@mp.nic.in

नि.सू.क्रं./21/2022-23 **धार, दिनांक : 25.08.2022**

निविदा सूचना

निम्न निविदा संबंधी विवरण की विस्तृत जानकारी **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि दिनांक 09.09.2022 शाम 5:30 बजे तक** निर्धारित है। उपरोक्त निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी। उक्त संशोधन केवल वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत धार विकासखण्ड के ग्राम धरावरा, बेरछा एवं कराडिया में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

नि. सू. क्रं.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य की कुल अनु. लागत (रु. लाख में)	कार्य पूर्णता की अवधि	निविदा आमंत्रण
21/2022-23	2022_PHED_218278	200.32	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत धार विकासखण्ड के ग्राम करंजवा में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन. आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218279	79.95	04 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत नालछा विकासखण्ड के ग्राम गोविन्दपुरा एवं काकलपुरा में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218280	121.07	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत नालछा विकासखण्ड के ग्राम गुलवा, नारायणपुरा एवं नजीकवडोदा एवं सुलावड में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218281	476.49	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन निशन के अन्तर्गत तिरला विकासखण्ड के ग्राम भुवादा, सादडीयाकुआं सेमलीपुरा, मीनाखेडी चैलाय एवं अम्बापुरा में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन. आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218282	412.72	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत बदनावर विकासखण्ड के ग्राम रतनपुरा, बामाखेडी, सकतली एवं पिपल्या में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218283	193.23	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत बदनावर विकासखण्ड के ग्राम दांगीखेड़ी, दुधववाल, कचनारिया एवं कलोला में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218284	189.52	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत बदनावर विकासखण्ड के ग्राम झिंझारण, फुलेडी, गोन्दीखेडा एवं छौकलां में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218285	299.65	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत धरमपुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचघाटी एवं लुन्हेराखुर्द में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218286	163.07	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत उमरवन विकासखण्ड के ग्राम कोरिया, मोरखल, रणगांव, खडीमोली, रणदा एवं कल्याणपुरा में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218287	481.90	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्य का नाम :- खण्ड चार में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत उमरवन विकासखण्ड के ग्राम कोठडा, राजपुरा एवं मलनगांव में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

21/2022-23	2022_PHED_218288	217.00	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

कार्यपालन यंत्री
जी-15989/47468/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धार**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 09/वर्ष 2022-23/कार्य.यं. **नरसिंहपुर, दिनांक : 26.08.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत चिरहकलां से कौड़िया मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. का निर्माण कार्य।

टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2022_PWDRB_214083_2	नरसिंहपुर	निर्माण	189.28	1,90,000	12,500	द्वितीय आमंत्रण	8 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत नांदनेर से गिढ़वानी मार्ग लंबाई 3.66 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_214084_2	नरसिंहपुर	निर्माण	290.76	2,91,000	15,000	द्वितीय आमंत्रण	8 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत बेलखेड़ी से सासवहू मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_	नरसिंहपुर	निर्माण	327.82	3,28,000	15,000	द्वितीय आमंत्रण	8 माह वर्षाऋतु	सभी दस्तावेज ऑनलाइन

किसानों के लिए नए ट्रांसफार्मर मात्र दो घंटे में होंगे उपलब्ध

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार बिजली कंपनी किसानों की हर संभव मदद कर रही है। बिजली कंपनी ने एक माह बाद प्रारंभ होने वाले रबी सीजन की प्रभावी तैयारी कर मालवा-निमाड़ के सभी 15 जिलों की सिंचाई व्यवस्था के लिए 12 हजार ट्रांसफार्मर का अग्रिम स्टॉक रखा है। पात्रतानुसार मात्र 2 घंटे में ट्रांसफार्मर जारी कर दिए जायेंगे, जिससे रबी का सिंचाई कार्य प्रभावित न हो। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि क्षेत्र के सभी जिलों में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। ट्रांसफार्मर में खराबी आने की सूचना के बाद जल्दी ही इन्हें बदला जायेगा। उन्होंने बताया कि कंपनी क्षेत्र में 13 लाख से ज्यादा किसानों को रबी सीजन में सिंचाई के लिए गुणवत्तापूर्ण बिजली वितरित की जायेगी। इस बार सिर्फ रबी सिंचाई के लिए लोड सवा तीन हजार मेगावॉट के पार पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर में किसी कारण से खराबी आने पर कम से कम समय में पात्रतानुसार बदला जायेगा। श्री तोमर ने बताया कि कंपनी के स्थाई ट्रांसफार्मर डिपो इंदौर, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, धार, बड़वाह में कुल 8 हजार ट्रांसफार्मर का स्टॉक रहेगा। इसी तरह रबी सीजन के लिए बने अस्थाई डिपो देवास, आगर, शाजापुर, मनासा, बुरहानपुर, खंडवा, बड़वानी, झाबुआ, अलीराजपुर में आवश्यकतानुसार 300 से 600 ट्रांसफार्मर का स्टॉक हर वक्त उपलब्ध रहेगा।

214095_2							सहित	प्रस्तुत करें।

योग 807.86

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 10.09.2022, (17.00) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** में देखी जा सकती हैं। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत दिनांक 10.09.2022, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-16071/47472/2022 **लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

सूचना-पत्र क्रमांक 01/04/2022, दिनांक 24.08.2022

सहायक कुलसचिव परीक्षा - 2022
परीक्षा स्थगन की सूचना

01 मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **उच्च शिक्षा विभाग**, मध्य प्रदेश शासन हेतु सहायक कुलसचिव के कुल 13 पदों की पूर्ति हेतु परीक्षा का विज्ञापन क्रमांक 04/2022, दिनांक 25.07.2022 आयोग की वेबसाइट **http://mppsc.mp.gov.in** पर जारी किया गया था।

02 उक्त परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से (OMR Sheet आधारित) दिनांक 25.09.2022 को प्रदेश के 04 संभागीय मुख्यालयों इन्दौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी थी। जिसे आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है। उक्त पद हेतु निर्धारित परीक्षा दिनांक 25.09.2022 के स्थान पर, नवीन परीक्षा तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

म.प्र. माध्यम/15951/47466/2022 **उप सचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना
सूबात रोड, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 2453-54/निविदा/नि.सू.क. 11/2022-23 **मुरैना, दिनांक : 18.08.2022**

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क एवं पुल कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 25.03.2022 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपयों में)	अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2022_ PWDRB_ 217549	निर्माण कार्य शनिचरा मंदिर से रिठौरा व्हाया अंगदसिंह का पुरा मार्ग लम्बाई 7.00 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित)	105012000/- (दस करोड़ पचास लाख बारह हजार)	1000000/-	30000/- + Portal Charges	18 माह
2022_ PWDRB_ 217550	निर्माण कार्य 1. खिटौरा मार्ग से अवस्थीपुरा, कटेलापुरा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी., 2. गलेथा से रमले का पुरा मार्ग लम्बाई. 3.20 कि.मी., 3. सिकरौदा दीखतपुरा मार्ग लम्बाई 3.10 कि.मी., 4. दीखतपुरा नहर की पुलिया से पिपरसा रेल्वे क्रॉसिंग तक मार्ग लं. 1.80 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित)	64805000/- (छः करोड़ अड़तालीस लाख पांच हजार)	648050/-	20000/- + Portal Charges	18 माह
2022_ PWDRB_ 217551	निर्माण कार्य 1. चाचोड़ी से भर्रा मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी., 2. गुनापुरा से बीलगढ़ा मार्ग लं. 4.00 कि.मी., 3. शेखपुर रोड से नयागांव मार्ग लं. 1.30 कि.मी., कुल 8.80 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित)	65467000/- (छः करोड़ चौवन लाख सरसठ हजार)	654670/-	20000/- + Portal Charges	18 माह
2022_ PWDRB_ 217553	निर्माण कार्य 1. संतोषपुर से कुआ का तोर मार्ग लम्बाई 2.90 कि.मी., 2. बटेश्वरा रोड से कुँवर बाबा मंदिर, डवेरा, नेरावली से गुर्जा मार्ग लं. 2.50 कि.मी., 3. राधी राधेन टपरा मार्ग लं. 3.10 कि.मी. कुल 8.50 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित)	62623000/- (छः करोड़ छब्बीस लाख तेइस हजार)	626230/-	20000/- + Portal Charges	18 माह
2022_ PWDRB_ 217554	निर्माण कार्य शनिचरा मंदिर भटपुरा रूनीपुर से रिठौरा मार्ग लम्बाई 4.20 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित)	50825000/- (पांच करोड़ आठ लाख पच्चीस हजार)	508250/-	20000/- + Portal Charges	18 माह
	योग - 05 कार्य	**347732000/- (चौंतीस करोड़ सतहत्तर लाख बत्तीस हजार)**			

1.	ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक	- 22.08.2022 समय 17:30 बजे
2.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक	- 22.08.2022 समय 17:30 बजे से
3.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक	- **06.09.2022 समय 17:30 बजे तक**
4.	प्री-बिड मीटिंग दिनांक	- 31.08.2022 समय 11:30 बजे
5.	ऑनलाइन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक	- 22.08.2022 समय 17:30 बजे से
6.	ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक	- 06.09.2022 समय 17:30 बजे तक
7.	बिड ओपनिंग दिनांक	- 08.09.2022 समय 10:30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेवर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होंगी।

b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।

c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

d. संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।

e. निविदाएं ऑनलाइन ही प्रस्तुत की जावें, भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।

f. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे।

g. प्री-बिड मीटिंग दिनांक 31.08.2022 को कार्यालयीन समय 11:30 बजे कार्यालय मुख्य अभियंता (उ.परि.) लोक निर्माण विभाग ग्वालियर में की जावेगी।

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना
फोन नं. : 07532-226361

जी-15980/47467/2022

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग भिण्ड (म.प्र.)
Website : www.mp.gov.in/pwd.mp, Email : eepwdbhind@mp.nic.in
(Phone : 07534-234714, Fax : 233301)

क्रमांक 4196/व.ले.लि./2022.23 **भिण्ड, दिनांक : 26.8.2022**

निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 03/2022-23

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क कार्यों की अनुसूची दर प्रभावशील दिनांक 25.03.2022 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदा में अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. संभाग भिण्ड निर्माण कार्य (1) सांकरी से नई गढ़ी पहुंच मार्ग लम्बाई 2.50 कि.मी. (2) खेराहट से बजरिया पहुंच मार्ग लम्बाई 4.30 कि.मी. कुल लंबाई 6.80 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग सहित)

टेण्डर आई.डी.क्र.	अनुमानित लागत (लाखों में)	अग्रिम धरोहर राशि (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	आमंत्रण क्रमांक	भौतिक दस्तावेज जमा करने का स्थान
2022_ PWDRB_ 218616	517.77 (पांच करोड़ सत्रह लाख सतत्तर हजार)	517770/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	ऑनलाइन

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 2. संभाग भिण्ड निर्माण कार्य (1) पीपरी से रमपुरा पहुंच मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. (2) भदाकुर पठा से स्योंढा पहुंच मार्ग लम्बाई 2.940 कि.मी. कुल लंबाई 6.44 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग सहित)

2022_ PWDRB_ 218631	565.96 (पांच करोड़ पैंसठ लाख छियानवे हजार)	565960/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	ऑनलाइन

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 3. संभाग भिण्ड निर्माण कार्य (1) इंगोसा रायपुरा से बालुपुरा मार्ग लम्बाई 3.80 कि.मी. (2) मोतीपुरा से नवलपुरा मार्ग लम्बाई 1.80 कि.मी. (3) ओझा मार्ग से फूले का पुरा मार्ग लम्बाई 0.96 कि.मी. (4) परसोना एप्रोच मार्ग से बेरियापुरा पहुंच मार्ग लम्बाई 2.68 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग सहित) (5) हीरालाल का पुरा से रूपसहाय का पुरा मार्ग लम्बाई 2.50 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग सहित) कुल लम्बाई 11.74 कि.मी.।

2022_ PWDRB_ 218701	727.74 (सात करोड़ सतांईस लाख चौहत्तर हजार)	727740/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	ऑनलाइन

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 4. संभाग भिण्ड निर्माण कार्य (1) भिण्ड अमायन मार्ग से भारौली कलां स्कूल रामपाल बाबा मंदिर मार्ग लम्बाई 1.80 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग सहित) (2) जामना मार्ग से मानपुरा पहुंच मार्ग लम्बाई 1.90 कि.मी. (3) गुसिंग से सीता की गढ़िया मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. (4) खैरा से श्यामपुरा मार्ग लम्बाई 2.20 कि.मी. (5) डुडियन से विक्रमपुरा मार्ग लम्बाई 0.70 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग सहित) कुल लम्बाई 8.70 कि.मी.।

2022_ PWDRB_ 218713	554.84 (पांच करोड़ चौवन लाख चौरासी हजार)	554840/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	ऑनलाइन

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 5. संभाग भिण्ड निर्माण कार्य (1) आई.टी.आई. सब स्टेशन से बिल्होरा व्हाया चरथर पहुंच मार्ग लम्बाई 5.90 कि.मी. (2) चूरेपुरा से टेहनगुर मार्ग लम्बाई 3.64 कि.मी. कुल लम्बाई 9.54 कि.मी.

2022_ PWDRB_ 218715	757.35 (सात करोड़ सत्तावन लाख पैंतीस हजार)	757350/-	20000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	ऑनलाइन

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 6. संभाग भिण्ड बी.टी. रिन्यूल कार्य (1) सारूपुरा-टीकरी-बीसलपुरा-हररराजपुरा-ऐंतहार-पीपरी मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. (2) लहार अमायन से भारौली भिण्ड मार्ग लम्बाई 9.00 कि.मी. (3) गोहद चितौरा मौ-मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. कुल लम्बाई 21.00 कि.मी.।

2022_ PWDRB_ 218716	484.57 (चार करोड़ चौरासी लाख सत्तावन हजार)	484570/-	15000/-	10 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	ऑनलाइन

योग :- 06 कार्य :- 3608.23 (छत्तीस करोड़ आठ लाख तेईस हजार)

1.	ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक	29.08.2022 समय 17.30 बजे
2.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक	29.08.2022 समय 17.30 बजे
3.	निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक	**12.09.2022 समय 17.30 बजे**
4.	ऑनलाइन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक	29.08.2022 समय 17.30 बजे
5.	ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक	12.09.2022 समय 17.30 बजे
6.	बिड आपेनिंग दिनांक	14.09.2022 समय 11.30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेबर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होंगी।

b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।

c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।

e. समस्त जरूरी दस्तावेज ऑनलाइन ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

f. उपरोक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-16214/47478/2022 **लो.नि.वि. संभाग भिण्ड, मो.नं. 9753913817**

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित हिनोतिया और गुजरखेड़ा ग्राम में लिया नुकसान का जायजा

विदिशा, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा जिले के बाढ़ प्रभावित ग्राम हिनोतिया और गुजरखेड़ा में ग्रामीणों की व्यथा जानने के बाद उनसे संवाद करते हुये कहा है कि गणेश जी की स्थापना कर अपनी जनता के बीच आया हूं। गणेश जी के बाद जनता ही मेरी भगवान है, ग्राम हिनोतिया और गुजरखेड़ा आकर मैं जनता की पूजा कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे ग्रामीण भाई यदि परेशान हैं तो मैं चैन से कैसे बैठ सकता हूं। केवल हिनोतिया और गुजरखेड़ा ही नहीं, विदिशा जिले के 1336 गांवों के 27 हजार 639 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि जिनके मकान बाढ़ से टूट गये हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे आवास निर्माण कर दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि फसलों को हुए नुकसान के लिए आरबीसी 6-4 में सहायता के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि से भी भरपाई की जाएगी। साथ ही गाय, भैंस, बकरी आदि मवेशियों के लिए भी मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके पास रहने के लिये घर नहीं बचा, उन्हें घर बनने तक अस्थायी आश्रय स्थलों में रखा जाएगा, जिससे वे अपने बच्चों का पालन-पोषण कर सकें। उन्होंने जिला कलेक्टर को तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से जिंदगी बचाने की चुनौती के बाद अब सभी पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिंदगी पटरी पर आ जाये, फिर सड़क और पुल-पुलियों के काम भी किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जो भी क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, उन्हें इस संकट और परेशानी से पार निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि विदिशा जिले में बाढ़ से हुई क्षति के अब तक के आकलन के आधार पर 11 करोड़ 3 लाख 15 हजार रुपये तत्काल प्रभावितों के खातों में अंतरित किये जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात

जीएसडीपी के 1.5 प्रतिशत का अतिरिक्त उधार लेने की अनुमति का किया अनुरोध

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से उनके निवास पर भेंट कर राज्य के वित्तीय परिदृश्य से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कोविड वैश्विक महामारी के कारण राज्य की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे वांछित राजस्व प्राप्तियों में कमी आई है, जो विभिन्न विकास परियोजनाओं को प्रभावित कर रही है। उन्होंने बताया की वर्ष 2024-25 तक भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मध्यप्रदेश अपने हिस्से का योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए पूंजीगत व्यय में पर्याप्त वृद्धि की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूंजीगत व्यय के लिए राज्य का बजट आवंटन 48 हजार 800 करोड़ रुपये रखा गया है, जो राज्य की जीएसडीपी का लगभग 4 प्रतिशत है।

श्री चौहान ने बताया की बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए भी मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया की पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) में विकसित किए जाने वाले बुनियादी ढाँचे की लागत का 40 प्रतिशत योगदान भी राज्य सरकार वहन कर रही है। उन्होंने बताया की केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्य डिस्कॉम द्वारा बकाया राशि 213 करोड़ रुपये का 40 मासिक किश्तों में भुगतान किया जा रहा है। राज्य डिस्कॉम ने वित्तीय स्थिरता में सुधार करते हुए अपने एटीएंडसी लॉस को वित्त वर्ष 2021 में 41.55 प्रतिशत से घटा कर वित्त वर्ष 2021-22 में 20.32 प्रतिशत कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की वर्तमान अधिकांश राजस्व प्राप्तियाँ पहले से ही अन्य नियोजित व्यय के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री चौहान ने अनुरोध किया कि राज्य सरकार को पूंजीगत व्यय और बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए अतिरिक्त वित्त संसाधनों की आवश्यकता है। इसके दृष्टिगत राज्य को जीएसडीपी के 1.5 प्रतिशत का अतिरिक्त उधार लेने की अनुमति दी जाए।

आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण में महायज्ञ सिद्ध होगा रोज़गार दिवस कार्यक्रम

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

इंदौर, मध्यप्रदेश देश का ऐसा राज्य है जहां बेरोज़गारी की दर सबसे कम है। हमारे प्रयास हैं कि धीरे-धीरे प्रदेश को बेरोज़गारी मुक्त बनाया जाए। किसी भी युवा को मध्यप्रदेश की धरती पर निराश होने की आवश्यकता नहीं है, यहां शिक्षा भी मिलेगी और रोज़गार भी। शासन का संकल्प है कि हर माह विभिन्न कार्यक्रमों से लगभग ढाई लाख लोगों को आजीविका से जोड़ा जाए। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में रोज़गार दिवस न केवल एक मील का पत्थर है बल्कि महायज्ञ है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

23 लाख हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में दिया लाभ

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व पटल पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश सरकार भी अपने युवाओं को स्व-रोज़गार के बेहतर अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश में पहला रोज़गार दिवस 12 जनवरी 2022 को 5 लाख से अधिक प्रदेशवासियों को अलग-अलग योजनाओं में रोज़गार प्रदान किया गया। इसी क्रम में 31 मार्च तक लगभग 13 लाख हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर 7 हजार करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किये गये। एक अप्रैल से 22 अगस्त 2022 तक लगभग 9 लाख 52 हजार लोगों को 6 हजार करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

टॉय क्लस्टर से मिलेगा 2 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 42 क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से बने टॉय क्लस्टर का शुभारंभ इंदौर में किया गया। मध्य भारत के इस पहले टॉय क्लस्टर में 20 लघु इकाइयां स्थापित होंगी तथा 2 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। क्लस्टर के प्रथम चरण में 80 करोड़ रुपये का निवेश संभावित है।

एक साल में एक लाख सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही भोपाल में 3 सितम्बर को विशाल कार्यक्रम में लगभग 16 हजार शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में भी भर्ती नियमित रूप से की जा रही है। राज्य शासन का लक्ष्य है कि एक साल में लगभग एक लाख सरकारी नौकरी प्रदेशवासियों को दी जाए।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की स्व-सहायता समूह की महिलाएँ चमत्कार कर रही हैं। वे न केवल ग्रामीण क्षेत्र में, बल्कि शहरी क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। वर्तमान में समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे व्यवसाय का टर्नओवर 20 हजार करोड़ रुपये है। समूह द्वारा किए जा रहे उत्पादों के निर्माण के लिए हर माह बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका केवल 2 प्रतिशत ब्याज समूह को देना होता है। शेष ब्याज राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है। समूह की महिलाओं द्वारा प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में पोषण आहार की फैक्ट्रियां भी संचालित की जा रही हैं।

प्रदेशवासी रोज़गार मांगने वाले नहीं बल्कि रोज़गार देने वाले बनेंगे

श्री चौहान ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम का लक्ष्य है कि लाभांवित हितग्राहियों से दूसरों में आत्मविश्वास भरा जा सके, कोई भी निराश न रहे। प्रदेश के हर व्यक्ति को स्व-रोज़गार एवं रोज़गार के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएंगे। प्रदेशवासी रोज़गार मांगने वाले नहीं बल्कि रोज़गार देने वाले बनेंगे।

प्रदेश को बनायेंगे एक्सपोर्ट हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न औद्योगिक इकाइयां, आईटी इंडस्ट्री, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, क्लस्टर सेटअप, स्टार्टअप आदि से प्रदेश में न केवल निवेश बढ़ रहा है, बल्कि रोज़गार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में कार्यरत औद्योगिक इकाइयों से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

हमारी सरकार का लक्ष्य लोगों की जिन्दगी को बेहतर बनाना

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस से चलेगा अभियान

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमारी सरकार का लक्ष्य लोगों की जिन्दगी को बेहतर बनाना है। इस उद्देश्य से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिवस 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाएगा। जिलों के प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टर अपने-अपने जिले में अभियान का नेतृत्व करेंगे। अभियान में सांसद, विधायक तथा जन-प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान में ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर दो शिविर लगाए जाएंगे। जो व्यक्ति पात्र हैं और योजना से नहीं जुड़े हैं, उन्हें त्वरित रूप से प्रथम शिविर में मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। जिन प्रकरणों में शिविर स्थल पर निराकरण संभव नहीं है, उन्हें विचार उपरांत दूसरे शिविर में निराकृत किया जाएगा और संबंधित व्यक्ति को निर्णय के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि गरीब कल्याण-किसान कल्याण और आम आदमी की बेहतरी के लिए चलाया जाने वाला यह अभियान कर्मकाण्ड नहीं अपितु यज्ञ होगा, जिसमें किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। अभियान में राज्य स्तर पर विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव आवश्यक मार्गदर्शन और व्यवस्थाओं में समन्वय करेंगे। लक्ष्य की पूर्ति में नीतिगत कठिनाई आने पर त्वरित रूप से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावितों के साथ खड़ी है राज्य सरकार - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में अतिवृष्टि और बाढ़ से घर, घरेलू सामान, फसल और पशुओं की बहुत हानि हुई है। हमारी पहली प्राथमिकता नुकसान की भरपाई करना है। राज्य सरकार संकट के समय प्रदेशवासियों के साथ है। जिलों के प्रभारी मंत्री राहत के लिए सर्वे की मॉनीटरिंग करें। राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त दल से क्षति का आकलन कराया जाए। इस प्रक्रिया में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में लें। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। सर्वे के बाद सार्वजनिक स्थानों पर सूची चस्पा की जाए और सूची में उल्लेखित नाम ग्रामवासियों को पढ़ कर सुनाये जायें, यदि कोई व्यक्ति आपत्ति करता है तो उसकी आपत्ति को सुना जाए। जल्द से जल्द राहत राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में एक बैठक में बाढ़ से प्रदेश में हुए नुकसान, जारी राहत कार्यों और राहत राशि वितरण पर चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आई भीषण बाढ़ में कोई जनहानि नहीं होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह टीम मध्यप्रदेश की तत्परता, कर्तव्य परायणता का ही परिणाम है कि हम बाढ़ में फंसे सभी लोगों की जान बचाने में सफल हो पाए। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस प्रशासन, जन-प्रतिनिधियों, पंचायत और नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने बचाव और राहत का हरसंभव प्रयास किया।

श्री चौहान ने कहा की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने, दवा छिड़कने, पेयजल की आपूर्ति और इलाज की व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिन परिवारों के मकान पूरी तरह बह गए हैं या क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके आवास बनने तक अस्थाई आवास की व्यवस्था की जाए। राहत के लिए राशि की कमी नहीं आने दी जायेगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में बाढ़ राहत कार्यों पर आयोजित एक बैठक के दौरान हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के जरिय राशि अंतरित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने विदिशा जिले के 534 गांवों के 14 हजार 419 लाभार्थियों को 11 करोड़ 3 लाख 15 हजार रुपये की राहत राशि सिंगल क्लिक से उनके खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने विदिशा जिला प्रशासन द्वारा क्षति के सर्वे की त्वरित कार्यवाही कर प्रभावितों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराने की प्रशंसा की। कलेक्टर ने जानकारी दी कि अभी तक के सर्वे में जिले में कुल 910 गांवों के 22 हजार 443 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिले में 663 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

दिव्यांग विद्यार्थियों से ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन आमंत्रित

भोपाल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये संचालित प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल www.scholarships.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर और पोस्ट मैट्रिक तथा टॉप क्लास छात्रवृत्ति के लिये 31 अक्टूबर 2022 है। सभी छात्रवृत्तियों के लिये सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र अनिवार्य है।

कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिये प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति में अभिभावक की वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। गैर छात्रावासियों के लिये 500 रुपये प्रतिमाह और छात्रावासियों के लिये 800 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति के साथ प्रतिवर्ष 1000 रुपये पुस्तक अनुदान और 2 से 4 हजार रुपये तक दिव्यांगता भत्ता दिया जाएगा। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 11वीं से स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के छात्र-छात्राओं के अभिभावक की वार्षिक आय भी ढाई लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, डिग्री से संबंधित स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिये रख-रखाव भत्ते की दरें भी अलग-अलग हैं। छात्रावासियों के लिये 900 से 1600 रुपये, गैर छात्रावासियों के लिये 550 से 750 रुपये प्रतिमाह सहित ट्यूशन शुल्क अधिकतम डेढ़ लाख रुपये, पुस्तक भत्ता 1500 रुपये और दिव्यांगता भत्ता 2 हजार से 4 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिया जाएगा।

टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना में उत्कृष्टता के 240 अधिसूचित संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा दिव्यांग छात्रों को लाभान्वित किया जाएगा। इसमें अभिभावक की वार्षिक आय 6 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। छात्रावासियों के लिये 3 हजार रुपये, गैर छात्रावासियों के लिये 1500 रुपये मासिक रख-रखाव भत्ता, 2 हजार रुपये प्रतिमाह दिव्यांगता भत्ता, 5 हजार रुपये प्रति वर्ष पुस्तक अनुदान और 2 लाख रुपये प्रति वर्ष ट्यूशन फीस देय होगी। राज्य स्तर पर प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा इन छात्रवृत्ति योजनाओं का अनुश्रवण किया जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बलात्कार के दोषियों और आतंकियों को उम्र भर रहना होगा कारावास में

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में बंदियों की रिहाई की अवधि की प्रस्तावित नीति-2022 पर चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में विभिन्न अधिनियमों में आजीवन कारावास से दंडित बंदियों की रिहाई की अवधि की प्रस्तावित नीति-2022 पर चर्चा हुई। वर्तमान में प्रदेश में वर्ष 2012 की नीति लागू है। वर्तमान में प्रदेश के 131 जेलों में 12 हजार से अधिक बंदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

आजीवन कारावास की सजा प्राप्त बंदियों के संबंध में जो नई नीति तैयार की गई है, उसमें जघन्य अपराधियों को कोई राहत नहीं मिलेगी। आतंकी गतिविधियों और नाबालिगों से बलात्कार के अपराधियों का कारावास 14 वर्ष में समाप्त नहीं होगा। मध्यप्रदेश में ऐसे अपराधियों को अंतिम सांस तक कारावास में ही रहने की नीति बनाई गई है। ऐसे अपराधियों में विभिन्न अधिनियम में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाए गए दोषी, नाबालिग से बलात्कार के दोषी, गैंगरेप के दोषियों, जहरीली शराब बनाने, विदेशी मुद्रा से जुड़े अपराधों, दो या दो से अधिक प्रकरण में हत्या के दोषी को अब अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। शासकीय सेवकों की सेवा के दौरान हत्या का अपराध करने वाले दोषी भी शामिल होंगे। इसी तरह राज्य के विरुद्ध अपराध और सेना के किसी भी अंग से संबंधित अपराध घटित करने वाले अपराधी भी किसी रियायत का लाभ नहीं ले सकेंगे। इन अपराधों में आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को अब जेल में ही अंतिम सांस तक रहना होगा।

आजीवन कारावास से दंडित धारा 376 के दोषी बंदी भी 20 वर्ष का वास्तविक कारावास और परिहार सहित 25 वर्ष पूर्ण करने से पहले जेल से रिहा नहीं हो सकेंगे। जिन आजीवन कारावास के बंदियों को 14 साल या 20 साल की वास्तविक सजा के बाद रिहाई की पात्रता बनेगी वह भी तभी रिहा होंगे जब कलेक्टर, एसपी और जिला प्रोसीक्यूशन आफिसर की अनुशंसा होगी और जेल मुख्यालय द्वारा उक्त अनुशंसा के आधार पर राज्य सरकार को भेजा जाएगा और जिसमें राज्य सरकार की स्वीकृति होगी।

पूर्व में लागू वर्ष 2012 की नीति में साल में दो बार आजीवन कारावास काट रहे बंदियों के रिहाई की नीति के अनुसार तथा जिला स्तरीय समिति की अनुशंसानुसार जेल मुख्यालय द्वारा कार्यवाही की जाती थी। अब वर्ष में चार बार 15 अगस्त, 26 जनवरी, 14 अप्रैल और 2 अक्टूबर को नवीन नीति के प्रावधान तथा जिला स्तरीय समिति एवं जेल मुख्यालय की अनुशंसा पर राज्य सरकार की अनुमति से की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजीवन कारावास के ऐसे बंदी जो अच्छे व्यवहार, आचरण आदि के कारण समय पूर्व रिहाई का लाभ लेते हैं, वे अलग श्रेणी के हैं और आतंकी, बलात्कारी बिल्कुल अलग श्रेणी के अपराधी हैं। बलात्कार के मामलों में किसी भी स्थिति में बंदियों को समय पूर्व रिहाई का लाभ नहीं मिलना चाहिए। ऐसे अपराधी समाज विरोधी हैं। कारावास में रिहाई का अर्थ सिर्फ सदव्यवहार और आगे अपराध मुक्त जीवन का संकेत देने वाले अपराधियों पर ही लागू हो सकता है। श्री चौहान ने कहा कि जागरूकता अभियान से बलात्कार के मामलों में कमी लाने के लिए एक कार्य-योजना पर भी अमल किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कम उम्र की बालिकाओं के साथ यौन अपराध करने वाले अपराधियों को सख्त से सख्त सजा के मौजूदा प्रावधानों को सख्ती के साथ बनाए रखना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि दस राज्यों की नीतियों के अध्ययन के बाद यह प्रस्तावित नीति तैयार की गई है। इसके लिए अपर मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी।

परियोजनाओं के क्रियान्वयन का वैज्ञानिक तरीका है पीएम गतिशक्ति

भोपाल, पीएम गतिशक्ति, परियोजनाओं के क्रियान्वयन का वैज्ञानिक तरीका है। पीएम गतिशक्ति के लागू होने के बाद विभिन्न अधोसंरचना परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं और विलंब में कमी आएगी। इससे समय की बचत के साथ संसाधनों का मितव्ययी उपयोग संभव होगा। परियोजनाओं को पूर्ण करने में अधिक समय नहीं लगने से लागत भी नहीं बढ़ेगी और भारत मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में तेजी से उभरेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रीगण के सम्मुख हुए पीएम गतिशक्ति योजना के प्रस्तुतिकरण के बिन्दुओं पर मंत्रीगण को संबोधित करते हुये कहीं।

प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि पीएम गतिशक्ति योजना में अधोसंरचना परियोजनाओं से संबंधित केंद्र सरकार के 16 मंत्रालय तथा राज्य सरकारों को शामिल किया गया है। डिजिटल प्लेटफार्म इस योजना का आधार है। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय तथा राज्य सरकारें आवश्यक जानकारियां इस डिजिटल पोर्टल पर उपलब्ध करा रहे हैं। पीएम गतिशक्ति से हर विभाग की गतिविधियों से दूसरे विभाग को अवगत कराना, परियोजनाओं की प्राथमिकताएं निर्धारित करना, समय और लागत के संदर्भ में श्रेष्ठतम मार्ग का चयन, सभी विभागों के समन्वित तरीके से काम करने और अधोसंरचना परियोजनाओं का जीवंत अपडेट सरलता से संभव होगा।

पीएम गतिशक्ति योजना में कृषि, ऊर्जा, जल संसाधन, उद्योग, नगरीय प्रशासन, सड़क और परिवहन से जुड़े विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रदेश में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक हो चुकी है। तकनीकी विशेषज्ञों की समिति की भी व्यवस्था है। प्रदेश में पीएम गतिशक्ति योजना का क्रियान्वयन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा किया जाएगा। प्रदेश में गतिशक्ति कॉन्क्लेव प्रस्तावित है।

लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता के लिए संभागवार करें आवेदन

भोपाल, लता मंगेशकर अलंकरण के अंतर्गत लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता प्रदेश के उज्जैन, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, सागर और ग्वालियर संभाग में आयोजित होगी। संभाग स्तर पर इच्छुक प्रतियोगियों को आवेदन और नियमावली उपलब्ध कराने के साथ आवेदन जमा करने की सुविधा दी गई है। साथ ही अकादमी की वेबसाइट www.kalaacademy.mp.com पर भी आवदेन उपलब्ध है। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग 8 से 15 और 15 से 25 वर्ष के लिये होगी। हर संभाग के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और स्थान अलग-अलग होंगे, जो अकादमी की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

भोपाल एवं नर्मदापुरम् संभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, रवीन्द्रनाथ टैगोर मार्ग भोपाल, उज्जैन संभाग के लिए शासकीय संगीत महाविद्यालय उज्जैन, इंदौर संभाग के लिए शासकीय लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय इंदौर और ग्वालियर-चंबल संभाग में माधव संगीत महाविद्यालय ग्वालियर में आवेदन पत्र 12 सितंबर तक जमा किए जा सकेंगे। सागर संभाग में आदर्श संगीत महाविद्यालय सागर में 15 सितंबर तक आवेदन-पत्र जमा किए जा सकेंगे।

रीवा संभाग में शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर तथा जबलपुर और शहडोल संभाग में सुर प्रभा संगीत महाविद्यालय, जबलपुर में आवदेन 9 सितम्बर 2022 तक जमा किए जा सकेंगे।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर ज़िलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मध्यप्रदेश योग आयोग के गठन का अनुसमर्थन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रिपरिषद ने राज्य के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ जीवनशैली एवं निरोग जीवन जीने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश योग आयोग के गठन का अनुसमर्थन किया। आयोग अपनी गतिविधियों का संचालन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के माध्यम से करेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये निर्णय इस प्रकार हैं-

- मध्यप्रदेश योग आयोग का प्रशासकीय विभाग स्कूल शिक्षा विभाग होगा। आयोग में राज्य शासन द्वारा मनोनीत योग के क्षेत्र में कार्यरत एवं अति विशिष्ट योगदान देने वाले अशासकीय व्यक्ति अध्यक्ष रहेंगे।
- महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष (पदेन) योग आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में रहेंगे।
- राज्य शासन द्वारा मनोनीत योग के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले 5 व्यक्ति अशासकीय सदस्य के रूप में रहेंगे। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्था के निदेशक पदेन सचिव के रूप में कार्य करेंगे।
- स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष, चिकित्सा शिक्षा, सामाजिक न्याय, खेल एवं युवा कल्याण, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास एवं पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव के प्रतिनिधि शासकीय सदस्य होंगे।
- मंत्रिपरिषद ने विशेष प्रकरण मानते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी श्री प्रियांशु राजावत को थॉमस कप में स्वर्ण पदक अर्जित करने पर 10 लाख रुपये प्रोत्साहनस्वरूप देने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा खनिज साधन विभाग में खनिज राजस्व बकाया की वसूली के लिये 'समाधान योजना' मंजूर की गई है। योजना में वर्ष 1960-61 से वर्ष 2009-10 तक खनिज राजस्व बकाया पर देय ब्याज पूर्णतः माफ किया गया है।
- वर्ष 2010-11 से वर्ष 2019-20 तक की अवधि में 5 लाख रुपये तक बकाया राशि पर देय ब्याज पूर्णतः माफ एवं 5 लाख रुपये से अधिक बकाया राशि पर देय ब्याज पर 18 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया। इसके अनुसार छूट देने के बाद मूल बकाया राशि 60 करोड़ 7 लाख रुपये के विरुद्ध ब्याज सहित राशि 66 करोड़ 48 लाख रुपये की वसूली सुनिश्चित हो सकेगी।
- यदि खनिज बकाया के विरुद्ध न्यायालयीन वाद प्रचलित हैं, तब इस योजना में राशि जमा होने पर वाद वापस लिया जा सकेगा। योजना के लागू होने से वर्ष 1960-61 से वर्ष 2019-20 तक की लंबित बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित हो सकेगी।
- मंत्रिपरिषद ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य विभागीय योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिये 365 कम्प्यूटर ऑपरेटर्स के पद सृजन करने की स्वीकृति दी।
- इस तरह 52 जिला मुख्यालय एवं 313 विकासखण्ड के लिये एक कम्प्यूटर ऑपरेटर का पद सृजित किया जाएगा। पदों की पूर्ति आउटसोर्सिंग संस्था से की जायेगी।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2022 को पुनर्स्थापित करने के प्रारूप को अनुमोदित किया। संशोधन विधेयक, 2022 के अनुसार अध्यादेश से पूर्व में प्रेस्टीज विश्वविद्यालय इंदौर, टाइम्स विश्वविद्यालय भोपाल, डॉ. प्रीति ग्लोबल विश्वविद्यालय शिवपुरी एवं एल.एन.सी.टी. विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर को स्थापित किया गया है।
- साथ ही अन्य 3 निजी विश्वविद्यालय अमलतास विश्वविद्यालय देवास, आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर एवं विक्रांत विश्वविद्यालय ग्वालियर की स्थापना के लिए विधेयक के प्रारूप को अनुमोदित किया गया।
- संस्कृत भाषा तथा उसके साहित्य के अध्यापन क्षेत्र में अनुसंधान और व्यापक अध्ययन को बढ़ावा देने के प्रयोजन से स्कूल स्तर पर संस्कृत शिक्षा को विनियमित करने के लिये उससे संशक्त एवं आनुषांगिक अन्य विषयों के लिये एक अधिनियम के माध्यम से महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की 2008 में स्थापना हुई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अधिकारों की रक्षा और न्याय दिलाना विधि विद्यार्थियों का कर्तव्य

भोपाल, वकील, विधि और व्यवस्था के रक्षक हैं। कानून का राज ठीक चले, लोगों के अधिकारों की रक्षा हो और गरीब को न्याय मिले यह सुनिश्चित करना विधि के विद्यार्थियों का कर्तव्य और दायित्व भी है। वकील स्वयं को अपनी प्रेक्टिस तक सीमित न करते हुए देश और समाज को दिशा देने का कार्य भी करें। इन कार्यों से ही हमारा जीवन सार्थक होगा। अपने जीवन को अर्थपूर्ण और उद्देश्यपरक बनाना, स्वयं के लिए और समाज एवं राष्ट्र के लिए भी आवश्यक है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय ने मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान देश में विधि क्षेत्र में विशिष्ट स्थान बनाए, इसके लिए राज्य शासन हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। संस्थान की गौरवशाली परम्परा रही है। देश और दुनिया में संस्थान का सम्मान स्थापित रहे और उसका विस्तार हो, यह हम सबका प्रयास होना चाहिए। श्री चौहान ने सभी विद्यार्थियों को अपने जन्म-दिवस और जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौध रोपण के लिए प्रेरित किया।

स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष श्री विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वकील पंचायत कर देश में नवाचार किया है। प्रदेश के 205 न्यायालयों में कम्प्यूटराइजेशन की प्रक्रिया आरंभ कर न्यायालयीन प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करने की दिशा में प्रयास किया। मुख्यमंत्री की समस्याओं को सुलझाने की प्रवृत्ति अद्भुत है।

रोज़गार और स्व-रोज़गार दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में रोज़गार और स्व-रोज़गार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार निर्माण-क्षेत्र में विशेष ध्यान दे रही है, जिसमें बड़ी संख्या में रोज़गार उत्पन्न होंगे। ये बातें वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने उज्जैन में रोज़गार दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री देवड़ा ने हितग्राहियों से कहा कि आपके सुनहरे भविष्य का जो संकल्प लिया गया है, उसे पूरा करने में सरकार सहयोग करेगी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में ज़िले के 206 हितग्राहियों को 3 करोड़ 77 लाख रुपये के ऋण स्वीकृति-पत्र प्रदान किये।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बनी योजनाओं का मध्यप्रदेश को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं छूटा जिसके लिए केंद्र की योजना नहीं बनी और प्रदेश को लाभ नहीं हो रहा। चाहे कृषि का क्षेत्र हो, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग का क्षेत्र हो या स्टार्टअप नीति हो या कृषि उद्यमिता का क्षेत्र हो। हर क्षेत्र में रोज़गार को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई हैं।

श्री देवड़ा ने कहा कि हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बिना गारंटी के बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उद्यम क्रांति योजना में युवाओं को अपना उद्योग स्थापित करने के लिए शासन ऋण और ब्याज अनुदान भी देगा। उज्जैन में भी केंद्र की अनेक योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी अर्थ-व्यवस्था निरंतर बढ़ती रही है। इसके लिये अब हमारा लक्ष्य ऐसे क्षेत्रों पर है जहां तेजी से रोज़गार के अवसर मिलने की संभावनाएं हैं। एमएसएमई सेक्टर में बड़ी संख्या में स्टार्टअप आए हैं। छोटे कस्बों में भी तेजी से स्टार्टअप आ रहे हैं।

विद्यार्थियों को रोज़गार से जोड़ने परिणाममूलक पाठ्यक्रम तैयार हों

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, विद्यार्थियों को रोज़गार से जोड़ने के लिए उच्च शिक्षा विभाग परिणाममूलक पाठ्यक्रम तैयार कराए। रोज़गार और स्व-रोज़गार राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप इन्क्यूबेशन सेंटर्स का संचालन बेहतर ढंग से कर विद्यार्थियों को लाभान्वित करें। स्व-रोज़गार के लिए प्लेसमेंट सेल को प्रभावी बनाया जाए। अधिकाधिक युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ें। प्रदेश में 150 महाविद्यालयों को गुणवत्ता अध्ययन केंद्र के रूप में उन्नयन किया गया है। प्रदेश में भवनविहीन महाविद्यालयों के कार्य समय पर पूर्ण हों और उनकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए नीति तैयार हो गई है। राज्य शोध एवं ज्ञान फाउण्डेशन की स्थापना के लिए तेजी से प्रयास किए जाएं।

श्री चौहान ने कहा कि विभाग के रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर और भोपाल में इन्क्यूबेशन सेंटर्स स्थापित किए गए हैं। ऐसे पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाए, जिससे विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रोज़गार प्राप्त कर सकें। ये पाठ्यक्रम परिणाममूलक होने चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम तैयार करें, जिससे विद्यार्थियों को एक साथ प्लेसमेंट लेटर दे सकें। प्रदेश में 100 महाविद्यालयों में लगभग 200 स्मार्ट क्लास संचालित हो रही हैं और 10 संभागीय मुख्यालयों में डिजिटल स्टूडियो स्थापित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोज़गार और स्व-रोज़गार के लिए प्रशिक्षण जारी रखें। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन नैक से मान्यता प्राप्त प्रदेश का एकमात्र ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विभिन्न गतिविधियों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए।

आयुष चिकित्सा का लोगों तक पहुंचे लाभ

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आयुष विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि आयुष विभाग की योजनाओं और आयुष चिकित्सा पद्धति को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। आमजन को इस चिकित्सा पद्धति का अधिक लाभ मिले, इसके लिए विभाग के प्रयासों को बढ़ाया जाए। भोपाल का खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय अपनी सार्थक गतिविधियों से जाना जाता है।

बैठक में बताया गया कि भोपाल में सुपर स्पेशलिटी पंचकर्म चिकित्सालय शीघ्र प्रारंभ होगा। हाउसिंग बोर्ड ने हर्बल गार्डन ऑफ स्टेट इंपॉर्टेंस के कार्य के लिए वास्तुविद का चयन भी कर लिया है। प्रदेश में 10 जिला आयुष कार्यालय के भवन बन कर तैयार हो गए हैं। इसी तरह 50 औषधालय भवन और उज्जैन का महाविद्यालय भवन भी बन कर पूरा हो गया है। बताया गया कि प्रदेश में इस समय 362 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही 200 नए सेंटर प्रारंभ करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही 16 महाविद्यालयों में आयुष विंग प्रारंभ की जा रही है। ग्वालियर, भोपाल और रीवा के आयुष महाविद्यालयों में शोध पीठ की स्थापना की कार्रवाई भी प्रचलित है।

जानकारी दी गई कि अमरकंटक में जनजाति एवं आयुर्वेदिक वैद्यों को उनके पारंपरिक जड़ी-बूटियों के ज्ञान के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आयुर्वेद औषधीय पौधों के सर्वे का कार्य भी पूर्ण किया गया है। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने प्रदेश के 4 जिले मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर और शहडोल में आयुर्वेदिक पौधों के मानकीकरण का कार्य प्रारंभ किया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

आईटीआई में प्रवेश के लिये अंतिम अवसर

- दसवीं पश्चात् आईटीआई में 2 वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी म.प्र. राज्य ओपन स्कूल/माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा 12वीं समकक्षता हेतु पात्रता परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
- अगस्त 2022 से प्रारंभ नये सत्र में शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन के पोर्टल iti.mponline.gov.in के माध्यम से प्रारंभ।
- समस्त आवेदकों को रजिस्ट्रेशन तथा च्वाइस फिलिंग करना अनिवार्य।
- प्रवेश विवरण एवं अन्य जानकारी निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध
  www.dsd.mp.gov.in, iti.mponline.gov.in

78 आकर्षक व्यवसाय

कुल 45940 सीट्स में से कुछ ही सीट्स रिक्त

प्रवेश के लिए अंतिम अवसर

संचालक, कौशल विकास
सीईओ, म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड

रोज़गार की पढ़ाई, चलें आईटीआई

"आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य है। वर्तमान में युवाओं को आधुनिक, कौशल तकनीकी में हुनरमंद बनाना समय की आवश्यकता भी है। प्रदेश की सभी आईटीआई में इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग व्यवसाय के प्रशिक्षण के साथ-साथ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, युवाओं को आधुनिक रोज़गार मूलक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मध्यप्रदेश में स्किल्ड युवाओं को ग्लोबल पहचान मिले, यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है।"

यशोधरा राजे सिंधिया
मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण,
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी D-11084/R-47474/2022

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2022

पश्चिम बंगाल में

जल्द तैयार होगा दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक

पश्चिम बंगाल के मायापुर में 'टेम्पल ऑफ वैदिक

प्लैनेटेरियम (वैदिक तारामंडल का मंदिर) बनाया जा रहा है, जो दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक होगा। तैयार होने के बाद यह कंबोडिया के 12वीं शताब्दी में निर्मित अंगकोरवाट मंदिर को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक बन जाएगा। यह 2024 में उद्घाटन के लिए तैयार होगा। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) की एक परियोजना के तहत गंगा नदी के किनारे बनाए जा रहे इस मंदिर का उद्देश्य सदियों पुरानी वैदिक संस्कृति और परंपराओं को सभी के लिए सुलभ बनाना है।

सांसद अनुराग शर्मा

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के कोषाध्यक्ष बने

65वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में झांसी-

ललितपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग शर्मा को संघ का अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया है। इस वार्षिक सम्मेलन में 55 देशों के 180 सांसद और विधानसभा क्षेत्रों के स्पीकर और चुने हुए प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए। भारत से लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिरला के नेतृत्व में 100 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। इसमें सांसदों के अलावा विभिन्न राज्यों की विधानसभा के स्पीकर शामिल हुए। यह सम्मेलन क्षेत्रों के समुदाय को मजबूत, शक्तिशाली और प्रभावी संसदीय संस्थानों का निर्माण करने में सक्षम बनाएगा।

इम्फाल में

अखिल मणिपुर शुमंग लीला महोत्सव शुरू

मणिपुर की राजधानी इम्फाल में 50वां अखिल मणिपुर

शुमंग लीला महोत्सव शुरू हुआ। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल ला गणेशन और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह शामिल हुए। महोत्सव के दौरान राज्यपाल ने 49वें अखिल मणिपुर शुमंग लीला महोत्सव के विजेताओं को पदक भी वितरित किए। बता दें, शुमंग लीला मणिपुर में रंगमंच का एक पारंपरिक रूप है। इसमें महिला कलाकारों की भूमिकाएँ भी पुरुषों द्वारा निभाई जाती हैं। जबकि महिला थिएटर समूहों में पुरुष पात्रों को भी महिला कलाकारों द्वारा निभाया जाता है।

गौतम अडानी

तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बने

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार अडानी ग्रुप के

मालिक गौतम अडानी दुनिया में तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अडानी के पास इस समय 137.4 बिलियन डॉलर (करीब 11 लाख करोड़) की संपत्ति है। इस लिस्ट में अडानी से आगे अमेरिकी एलन मस्क और जेफ बेजोस हैं, जो क्रमशः पहले और दूसरे नंबर पर हैं। यह पहली बार है जब कोई एशियाई व्यक्ति ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के शीर्ष तीन में शामिल हुआ है। इस लिस्ट में रिलायंस के प्रमुख मुकेश अंबानी 91.9 बिलियन डॉलर (7.3 लाख करोड़ रुपये) के साथ 11वें नंबर पर हैं।

दिविता राय

मिस दीवा यूनिवर्स बनीं

कर्नाटक की दिविता राय ने मिस दीवा यूनिवर्स 2022

का खिताब अपने नाम किया है। अब दिविता 71वें मिस यूनिवर्स पेजेंट में हिस्सा लेंगी और मिस यूनिवर्स का ताज पाने के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पिछले साल 2021 में मिस दीवा यूनिवर्स का ताज हरनाज संधू ने अपने नाम किया था, जो वर्तमान में मिस यूनिवर्स भी हैं। तेलंगाना की प्रज्ञा अय्यागरी ने मिस दीवा सुपरनेशनल 2022 का खिताब अपने नाम किया है। 23 वर्षीया दिविता आर्किटेक्ट हैं और पेशे से मॉडल हैं। उन्हें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, गाने सुनना, किताबें पढ़ना पसंद है।

हरिद्वार

देश का सर्वश्रेष्ठ आकांक्षी जिला घोषित

नीति आयोग ने हरिद्वार को पांच मानकों के आधार पर

देश का सर्वश्रेष्ठ आकांक्षी जिला घोषित किया है। इसके साथ ही आयोग ने जिले के विकास के लिए तीन करोड़ रुपये अतिरिक्त आवंटित किए हैं। इससे पहले जुलाई में बिहार के गया को शीर्ष आकांक्षी जिला घोषित किया था, लेकिन एक महीने बाद ही हरिद्वार ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए सर्वश्रेष्ठ जिले का तमगा हासिल कर लिया। बता दें कि नीति आयोग की ओर से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य और पोषण, कृषि संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी ढांचा सुविधाओं के तहत रैंकिंग दी जाती है।

हीरो इलेक्ट्रिक ने

जियो बीपी से किया समझौता

हीरो इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग को बढ़ावा देने के लिए जियो बीपी से एक समझौता किया है। इस साझेदारी के तहत हीरो इलेक्ट्रिक के ग्राहकों की जियो-बीपी के व्यापक चार्जिंग और स्वैपिंग नेटवर्क तक पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। हीरो इलेक्ट्रिक और जियो-बीपी ऐप के माध्यम से ग्राहक अपने पास के चार्जिंग स्टेशन को आसानी से ढूंढ़ सकेंगे। बता दें, जियो बीपी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और यूके की दिग्गज ऊर्जा कंपनी बीपी के बीच ज्वाइंट वेंचर है।

महेंद्र शाह

आईडीएफसी बैंक के एमडी और सीईओ नियुक्त

आईडीएफसी बैंक ने महेंद्र शाह को बैंक का नया प्रबंध

निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। शाह की नियुक्ति 1 अक्टूबर से 30 सितंबर 2023 तक के लिए की गई है। महेंद्र शाह वर्तमान एमडी और सीईओ सुनील कक्कड़ की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। इसके पहले महेंद्र शाह आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के ग्रुप कंपनी सेक्रेटरी थे। उन्होंने एसकेएफ बियरिंग्स इंडिया लिमिटेड में टैक्सेशन हेड के रूप में काम किया है। वह फाइजर लिमिटेड में फाइनेंस ऑफिसर भी रह चुके हैं।

अनंग ताल

राष्ट्रीय स्मारक घोषित

दिल्ली में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मेहरौली में कुतुबमीनार के पास स्थित अनंग ताल को राष्ट्रीय

स्मारक घोषित किया गया है। इसका गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया। इसपर राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण के प्रमुख अनंत विजय ने कहा कि यह दिल्लीवासियों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि जब हमने 2019 नवंबर में कुतुबमीनार का दौरा किया तो पता चला कि अनंग ताल कितना ऐतिहासिक है। यह दिल्ली के संस्थापक व महान सम्राट अनंग पाल तोमर की निशानी है।

ईशा आउटरीच ने

कर्नाटक सरकार से किया समझौता

कर्नाटक सरकार और ईशा आउटरीच ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत प्रदेश सरकार और ईशा आउटरीच 'कावेरी कॉलिंग' अभियान के दायरे में आने वाले और कावेरी घाटी के जिलों में राज्य सरकार की विभिन्न कृषि वानिकी प्रोत्साहन योजनाओं के बीच तालमेल बनाकर तथा मिलकर काम करेंगे। कोडागु, मैसूर, मांड्या, बेंगलुरु ग्रामीण, चामराजनगर, चिक्कमगलुरु, हासन, रामनगर और तुमकुरु जिले कावेरी घाटी जिलों में शामिल हैं।

केवी सुब्रमण्यम

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम

को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया। केवी सुब्रमण्यम अर्थशास्त्री सुरजीत एस भल्ला का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 31 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। सुरजीत भल्ला 2019 में आईएमएफ के बोर्ड में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए थे। सुब्रमण्यम नवंबर से अपना पद संभालेंगे और उनका कार्यकाल तीन साल का होगा।

रॉयल एनफील्ड ने

भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने यूनेस्को से किया समझौता

रॉयल एनफील्ड और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक

और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने के लिए एक समझौता किया है। इसके तहत प्रदर्शनी, पैनल चर्चा, फिल्म स्क्रीनिंग, प्रदर्शन और व्याख्यान शामिल हैं। इस कार्यक्रम को पश्चिमी हिमालय और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में सांस्कृतिक विरासत के एक अनुभवात्मक और रचनात्मक प्रदर्शन के रूप में तैयार किया गया है।

वैज्ञानिक समीर वी. कामत

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अध्यक्ष नियुक्त

वैज्ञानिक समीर वी. कामत को रक्षा अनुसंधान और

विकास विभाग का सचिव तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कामत, वर्तमान में डीआरडीओ के 'नेवल सिस्टम्स एंड मैटेरियल्स' प्रभाग के महानिदेशक हैं। वह जी. सतीश रेड्डी का स्थान लेंगे, जिन्हें रक्षा मंत्री का वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। कामत 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने या अगले आदेश तक पद पर रहेंगे।

जर्मनी में

हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन सेवा शुरू

जर्मनी में हाइड्रोजन से चलने वाला दुनिया का पहला यात्री ट्रेन नेटवर्क लॉन्च किया गया है। जर्मनी के राज्य लोअर सैक्सोनी में फ्रांसीसी निर्माता एल्सटॉम की बनाई हाइड्रोजन ईंधन सेल ड्राइव वाली 14 ट्रेनें डीजल ट्रेनों की जगह लेंगी। नई ट्रेनों में से पांच पहले से ही परिचालन में हैं, जबकि अन्य इस साल के अंत तक चलने वाली हैं। चार साल पहले इसका परीक्षण शुरू हुआ था। दो साल के परीक्षण संचालन के दौरान, दो प्री-सीरीज ट्रेनें बिना किसी समस्या के चलीं।

एंजेला मर्केल

यूनेस्को शांति पुरस्कार से होंगी सम्मानित

जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल को शरणार्थियों का

स्वागत करने के उनके प्रयासों के लिए वर्ष 2022 यूनेस्को शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। एंजेला मर्केल ने अपने कार्यकाल के दौरान वर्ष 2015 में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए विश्व के संकट ग्रस्त देशों सीरिया, इराक, अफगानिस्तान और इरिट्रिया से लगभग 12 लाख शरणार्थियों को जर्मनी में बसाने का फैसला किया था। इस कदम के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है। यूनेस्को शांति पुरस्कार को फेलिक्स हौफौएट-बोगेन शांति पुरस्कार के रूप में जाना जाता है।

स्मृति शेष

सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव का निधन

सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव

का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। गोर्बाचेव लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। उन्होंने बिना युद्ध किए ही शीत युद्ध को खत्म करा दिया था, हालांकि वो सोवियत संघ के पतन को रोक नहीं पाए थे। मिखाइल सोवियत संघ के 8वें और आखिरी राष्ट्रपति थे। गोर्बाचेव सोवियत संघ के एक वेहद प्रभावशाली नेता थे। उन्होंने अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डिसआर्मामेंट एग्रीमेंट किया था। कोल्ड वॉर शांतिपूर्वक खत्म करने के लिए उन्हें 1990 में नोबेल प्राइज भी दिया गया था।

ब्राजील के वनों में 26 साल से अकेले रह रहे शख्स की मौत

ब्राजील के अमेजन के वर्षावनों में रहने वाले

दुनिया के सबसे अकेले शख्स की मौत हो गई। यह व्यक्ति 26 साल से जंगल में अकेले रह रहा था। आज तक उसको किसी ने देखा नहीं था और न ही उसकी कोई स्पष्ट तस्वीर थी। इसकी उम्र 60 के करीब बताई जा रही है। यह अपने कबीले का आखिरी मेंबर था। इसे मैन ऑफ होल के नाम से जाना जाता था, क्योंकि इसने 50 से ज्यादा झोपड़ियां बनाई थीं और इनमें 10 फीट के गड्ढे कर दिए थे। गड्ढों में वह खुद रहता था और जंगली सूअर का शिकार भी करता था।

अर्थशास्त्री अभिजीत सेन का निधन

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अग्रणी विशेषज्ञ अर्थशास्त्री

अभिजीत सेन का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। योजना आयोग के सदस्य रह चुके सेन उस ऐतिहासिक रिपोर्ट के लेखक थे, जिसने कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) को एक वैधानिक निकाय बनाने और न्यूनतम समर्थन मूल्य के निर्धारण की सिफारिश की थी। सेन को 1997 में सीएसीपी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उन्होंने जुलाई 2000 में दीर्घकालिक अनाज नीति पर एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट लिखी थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग, सागर संभाग, सागर

क्र./3100/म.बा.वि./2022-23 सागर, दिनांक : 29.08.2022

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं/
मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पद हेतु विज्ञापन

सागर संभाग में संचालित एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में 65 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, 145 आंगनवाड़ी सहायिकाओं एवं 03 मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित पदों के लिये पात्र महिला अभ्यर्थियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

क्र.	जिला का नाम	परियोजना का नाम	आं.वा. कार्यकर्ता के रिक्त पदों की संख्या	आं.वा. सहायिका के रिक्त पदों की संख्या	मिनी आं.वा. कार्यकर्ता के रिक्त पदों की संख्या
1.	दमोह	दमोह ग्रामीण	4	4	0
		हटा	3	7	0
		पटेरा	1	5	0
		पथरिया	1	2	0
		बटियागढ़	0	1	0
		जबेरा	0	6	0
		तेन्दूखेड़ा	0	2	0
		योग :-	**9**	**27**	**0**
2.	पन्ना	पन्ना ग्रामीण	1	0	0
		पवई	2	6	0
		गुन्नौर	4	6	0
		शाहनगर	2	0	1
		अजयगढ़	1	3	0
		योग :-	**10**	**15**	**1**
3.	सागर	सागर शहरी 1	1	10	0
		सागर शहरी 2	1	3	0
		सागर ग्रामीण 1	1	1	0
		सागर ग्रामीण 2	0	4	0
		बीना शहरी	1	1	0
		बीना ग्रामीण	6	3	0
		देवरी	0	1	0
		केसली	1	3	0
		गढ़ाकोटा	1	0	0
		मालथौन	2	3	0
		राहतगढ़	2	2	1
		खुरई	2	10	0
		रहली	2	1	0
		शाहगढ़	0	8	0
		जैसीनगर	0	0	1
		बण्डा	3	6	0
		योग :-	**23**	**56**	**2**
4.	टीकमगढ़	टीकमगढ़ ग्रामीण	1	1	0
		पलेरा	0	4	0
		जतारा 1	1	1	0
		जतारा 2	1	1	0
		बल्देवगढ़	0	0	0
		योग :-	**3**	**7**	**0**
5.	निवाड़ी	निवाड़ी	0	3	0
		पृथ्वीपुर	1	0	0
		योग :-	**1**	**3**	**0**
6.	छतरपुर	लवकुश नगर	3	2	0
		छतरपुर ग्रामीण	2	4	0
		ईसानगर 2	0	5	0
		बिजावर	1	3	0
		बक्स्वाहा	1	3	0
		नौगांव 2	1	2	0
		राजनगर 1	1	2	0
		बड़ामलहरा 1	3	1	0
		बड़ामलहरा 2	1	2	0
		गौरीहार	3	7	0
		नौगांव 1	1	2	0
		राजनगर-2	2	4	0
		योग :-	**19**	**37**	**0**
		योग सागर संभाग	**65**	**145**	**3**

उपरोक्त चार्ट अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों की नामवार एवं नियम निर्देश, शर्तें आवेदन का प्रारूप एवं अन्य अर्हतायें संबंधित जिला कार्यालय एवं संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। जिस ग्राम/वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम, शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिये। संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय में **दिनांक 15.09.2022 तक** जमा कर निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति अभिस्वीकृत प्राप्त कर सकते हैं।

संभागीय संयुक्त संचालक
जी-16128/47469/2022 महिला एवं बाल विकास, सागर संभाग सागर

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 921/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 25.08.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.09.2022** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_218262	**टर्न की पद्धति पर :-** पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत बांध में कुल भराव क्षमता 18.5 मि.घ.मी. कम से कम एवं 4400 हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रेशराईज्ड पाइप (होज) सिस्टम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बुरहानपुर	11618.60

जी-16066/47470/2022 अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर
गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर

E-mail ID :- cepwdwest@mp.nic.in, Phone No. 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 04/सा./40/निविदा/2022-23 **इंदौर, दिनांक : 24.08.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र.	पोर्टल क्रमांक	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2022_PWDRB_218085	अलीराजपुर	अलीराजपुर भाण्डाखापर अखोली बोरझाड़ मार्ग कि.मी. 7/2 से 19/10 (PART of MDR MP MDR-47-02) ट्रांसफार्म सबस्टेशन एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग सहित कुल लंबाई 12.80 कि.मी. निर्माण कार्य।	1420.61	1000000/-	30000/-	21 माह वर्षाकाल सहित
			महायोग	**1420.61 लाख**			

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **दिनांक 08.09.2022, 17.30 तक** निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। सभी दस्तावेज केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजें जावें।

मुख्य अभियंता
जी-16077/47473/2022 लो.नि.वि. पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग, अशोकनगर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 05/वर्ष 2022-23/का.यं. **अशोकनगर, दिनांक : 25.08.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. धरोहर राशि 2. निविदा प्रपत्र की राशि
1.	2022_PWDRB_218408_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत किरोंदा से धतुरिया व्हाया गनिहारी, बमूरिया मार्ग लंबाई 12.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	1125.60	1. रु. 10,00,000/- 2. रु. 30,000/-
2.	2022_PWDRB_218409_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत कालावाग से तिघरी मार्ग लंबाई 7.30 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	795.74	1. रु. 7,95,740/- 2. रु. 20,000/-
3.	2022_PWDRB_218411_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के मुंगावली स्टेशन से हुरेरी मार्ग लं. 5.00 कि.मी., बमोरी टांका से गुरैया (परासरी) मार्ग लंबाई 1.94 कि.मी. एवं बर्री से बर्री चक्क (बर्री से नरखेड़ा) मार्ग लं. 0.60 कि.मी. कुल लंबाई 7.54 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	543.20	1. रु. 5,43,200/- 2. रु. 20,000/-
4.	2022_PWDRB_218412_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत महुअन से छपरा मार्ग लंबाई 4.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	474.06	1. रु. 4,74,060/- 2. रु. 15,000/-
5.	2022_PWDRB_218413_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत मारोन से रेहटवास रेल्वे स्टेशन व्हाया खुजरई मार्ग लंबाई 5.80 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	424.49	1. रु. 4,24,490/- 2. रु. 15,000/-
6.	2022_PWDRB_218414_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत धमना से लिधौरा मार्ग व्हाया बमनाई मार्ग लंबाई 4.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	352.23	1. रु. 3,52,230/- 2. रु. 15,000/-
7.	2022_PWDRB_218415_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत बेरखेड़ी से कुम्हरां आदिवासी बस्ती तक मार्ग लंबाई 4.70 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	330.01	1. रु. 3,30,010/- 2. रु. 15,000/-
8.	2022_PWDRB_218417_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत मथाना से पिपरोदा मार्ग लंबाई 1.40 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	193.87	1. रु. 1,93,870/- 2. रु. 12,500/-
9.	2022_PWDRB_218418_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत पनउआ से सींगाखेड़ी व्हाया पीहेला मार्ग लंबाई 2.27 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	168.16	1. रु. 1,68,160/- 2. रु. 12,500/-
10.	2022_PWDRB_218419_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत निसाजी तारण तरण जैन मंदिर मल्हारगढ़ से नवघाट वेतवा नदी मार्ग लंबाई 1.74 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	163.50	1. रु. 1,63,500/- 2. रु. 12,500/-
			Total :-		**4570.86**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन सबमिट करने की **अंतिम तिथि 20.09.2022 (17.30) बजे** निर्धारित है। निविदा दिनांक 22.09.2022 (12.00) बजे मुख्य अभियंता, उत्तर परिक्षेत्र, लो.नि.वि. ग्वालियर के कार्यालय में खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-16069/47471/2022 लो.नि.वि. संभाग अशोकनगर

भारत की जैव अर्थव्यवस्था में तेजी से हो रहा है विकास

पिछले 8 वर्षों में 8 गुना बढ़ी भारतीय जैव अर्थव्यवस्था

दुनिया के तमाम देश अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए जैविक संसाधनों के उपयोग के लिए नए-नए अनुसंधान कर रहे हैं। भारत भी अपनी अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए नए रास्ते बना रहा है। ऐसे में जैव अर्थव्यवस्था यानी बायो इकोनॉमी भी एक सशक्त माध्यम है। इस क्षेत्र की मजबूती के लिए केंद्र सरकार ने कई पहल की शुरुआत भी की है। कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो-2022 का उद्घाटन करते हुए कहा था कि भारत की जैव अर्थव्यवस्था पिछले 8 वर्षों में 8 गुना बढ़ी है। इस क्षेत्र में हम 10 अरब डॉलर से बढ़कर 80 अरब डॉलर तक पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा था कि भारत बायोटेक के वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में शीर्ष 10 देशों की लीग में पहुंचने से बहुत दूर नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में इस क्षेत्र के विकास में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) के योगदान का भी जिक्र किया था।

बायोटेक के क्षेत्र में अवसरों की भूमि है भारत

भारत को बायोटेक के क्षेत्र में अवसरों की भूमि माना जा रहा है। इसके पांच प्रमुख कारक हैं। **पहला**- विविध जनसंख्या और विविध जलवायु क्षेत्र, **दूसरा**- भारत का प्रतिभाशाली मानव पूंजी पूल, **तीसरा**- भारत में व्यापार करने में आसानी के लिए बढ़ते प्रयास। **चौथा**- भारत में बायो-प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है और **पांचवां**- भारत का बायोटेक सेक्टर और इसकी सफलता का ट्रैक रिकॉर्ड। पिछले 8 वर्षों में देश में स्टार्टअप की संख्या, कुछ सौ से बढ़कर 70 हजार तक पहुंच गई है। इसमें भी 5 हजार से अधिक स्टार्ट अप्स, बायोटेक से जुड़े हैं। पिछले साल में ही 1100 बायोटेक स्टार्टअप उभरे। बीते वर्षों में भारत में 'ईज ऑफ लिविंग' के लिए जो अभियान चले हैं, उन्होंने बायोटेक सेक्टर के लिए नई संभावनाएं बना दी हैं। हाल में ही भारत ने पेट्रोल में इथेनॉल की 10 प्रतिशत ब्लेंडिंग का टारगेट हासिल किया है। भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का टारगेट भी 2030 से 5 साल कम करके 2025 कर लिया है। ये सारे प्रयास, बायोटेक के क्षेत्र में रोज़गार के भी नए अवसर बनाएंगे।

जैव अर्थव्यवस्था क्या है?

जैव अर्थव्यवस्था में अर्थव्यवस्था के वह क्षेत्र शामिल हैं, जो भूमि और समुद्र से अक्षय जैविक संसाधनों का उपयोग करते हैं। जैव अर्थव्यवस्था में जैविक संसाधनों का उत्पादन, उपयोग और उनका संरक्षण आता है, इसमें इससे संबंधित ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी और नवाचार आता है, जिससे उपलब्ध जानकारी, उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं का उपयोग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में किया जाता है। भारत का जैव तकनीकी उद्योग जगत पांच बड़े स्तंभों पर आधारित है- जैविक ऊर्जा, जैविक कृषि, बायो फार्मा, बायो इंडस्ट्रियल और जैव सेवाओं का एक समग्र स्तंभ जिसमें बायो आईटी और शोध सेवाएं शामिल हैं।

जैव अर्थव्यवस्था का उद्देश्य सतत् विकास और चक्रीय अर्थव्यवस्था दोनों को बढ़ावा देना है। विशेष रूप से चक्रीय अर्थव्यवस्था के पुनः उपयोग, मरम्मत और पुनर्चक्रण का सिद्धांत जैव अर्थव्यवस्था का मूलभूत हिस्सा है। पुनः उपयोग, मरम्मत और पुनर्चक्रण के माध्यम से अपशिष्ट की कुल मात्रा और उसके प्रभाव को कम किया जाता है। यह ऊर्जा की भी बचत करता है तथा वायु और जल प्रदूषण को कम करता है, इस प्रकार पर्यावरण, जलवायु एवं जैव विविधता की क्षति को रोकने में यह मदद करता है।

जैव अर्थव्यवस्था की जरूरत क्यों पड़ी?

वैश्विक जनसंख्या वृद्धि और कई संसाधनों की अधिक खपत से पर्यावरणीय दबाव और जलवायु परिवर्तन बढ़ रहा है। ऐसे में जैव अर्थव्यवस्था इन चुनौतियों से निपटने में मदद करती है। यह कई उद्देश्यों को पूरा करती है, जैसे- खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, अधिक टिकाऊ प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देना और गैर-नवीकरणीय संसाधनों, जैसे- जीवाश्म प्राकृतिक संसाधनों और खनिजों पर निर्भरता को कम करना है। इसके अलावा जैव-अर्थव्यवस्था ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है और जलवायु परिवर्तन को कम करने और अनुकूल बनाने में सहायता करती है।

देश में जैव अर्थव्यवस्था का योगदान कितना है?

भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2019 के 44 अरब डॉलर से बढ़कर 2021 में 80.1 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गयी है। इस क्षेत्र में तेजी से विकास को देखते हुए सरकार की तरफ से कहा गया है कि जैव अर्थव्यवस्था द्वारा 2025 तक 150 बिलियन डॉलर और 2030 तक 300 बिलियन डॉलर के आंकड़े को छूने की संभावना है।

सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए उपयोगी है जैव अर्थव्यवस्था

विश्व के लगभग हर देश जैव अर्थव्यवस्था को सामाजिक चुनौतियों के समाधान के तौर पर देख रहे हैं। जैसे- बायोमास या नवीकरणीय संसाधनों का ऊर्जा उत्पादन प्रक्रियाओं में उपयोग किया जा रहा है। आज जैव उर्वरकों जैसे हरित रसायनों और सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, साथ में अपशिष्ट निष्पादन में भी इसके जरिए कमी लाई जा रही है। इन सारी चीजों का कार्बन उत्सर्जन, खाद्यान्न एवं पोषण, स्वास्थ्य, ऊर्जा निर्भरता एवं पर्यावरण पर गहरा असर पड़ सकता है। जैव तकनीकी क्षेत्र, शोध संस्थानों और बढ़ते हुए जैव तकनीकी स्टार्टअप इकोसिस्टम से नवाचार युक्त समाधानों की अपेक्षा की जा रही है।

जैव अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में केंद्र सरकार की पहल

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एकीकृत सहयोग में स्टार्टअप, उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान निकायों से जुड़ी जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक) पहलों के लिए 75 'अमृत' अनुदान की घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (DBT-BIRAC) की यह 75 अमृत टीम अनुदान पहल के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'जय अनुसंधान' के आह्वान को बढ़ावा देगी। भारत को जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक वैश्विक नेतृत्व के तौर पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का समाधान करने के लिए ऐसा अनुदान व्यापक रूप से स्वास्थ्य, कृषि बायोटेक, जलवायु परिवर्तन, सिंथेटिक, जीव विज्ञान और टिकाऊ जैव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्रों में प्रदान किया जाएगा। यह पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जय अनुसंधान के मंत्र को आगे लेकर जायेंगी। इस बार लाल किले की प्राचीर से अनुसंधान के महत्व को बताते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान के बाद जय अनुसंधान को भी जोड़ा है।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- भारत दक्षिण एशिया में शीर्ष 3 और दुनिया में बायो टेक्नोलॉजी के टॉप 12 डेस्टिनेशन्स में से एक है। हमारी वैश्विक बायो टेक्नोलॉजी उद्योग में लगभग 3 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके अलावा, भारत में अमेरिका के बाहर यूएसएफडीए द्वारा अनुमोदित विनिर्माण संयंत्रों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।
- बीआईआरएसी-डीबीटी ने 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 74 विशेष बायो-इनक्यूबेशन केंद्रों का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है, जिसमें उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में 7 बायो-इनक्यूबेटर शामिल हैं।
- उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बायोटेक को आगे ले जाने की अपार संभावनाएं और प्रतिभा हैं। सरकार द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए विशेष बायोटेक इग्निशन ग्रांट कॉल भी लॉन्च किया गया है और बायोटेक समाधान विकसित करने के लिए उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के 25 स्टार्टअप और उद्यमियों को 50 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता की घोषणा की गई है।
- इसके अलावा केंद्र सरकार ने जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति में संशोधनों को मंजूरी दी है वहीं जैव ईंधन उत्पादन बढ़ाने और अप्रैल 2023 से 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत का निर्णय लिया है। अन्य क्षेत्र जैसे- जैव-कृषि जिसमें बीटी कॉटन, कीटनाशक, समुद्री जैव-तकनीक और पशु जैव-तकनीक में जैव अर्थव्यवस्था को वर्ष 2025 तक 5 बिलियन डॉलर से 20 बिलियन डॉलर के योगदान के साथ दोगुना करने की क्षमता है।
- बायोटेक स्टार्टअप की संख्या पिछले 10 वर्षों में 50 से बढ़कर 5,300 से अधिक हो गई है। सरकार को उम्मीद है कि मजबूत टैलेंट पूल से उत्पन्न होने वाले बायोटेक स्टार्टअप 2025 तक 2 गुना बढ़कर 10,000 से अधिक हो जाएंगे।
- जैव संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच वर्ष 2016 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत जैव-संसाधन एवं सतत् विकास संस्थान द्वारा 'जैव अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय मिशन' शुरू किया गया था।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इस वर्ष किस देश ने महिला वर्ग में एफआईएच प्रो लीग का खिताब जीता है?
(अ) अर्जेंटीना (ब) नीदरलैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) फ्रांस

2. ईगा स्वितेक ने कितनी बार फ्रेंच ओपन एकल खिताब जीता है?
(अ) एक बार
(ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

3. इनमें से किस देश ने अब तक आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप नहीं जीता है?
(अ) भारत (ब) वेस्टइंडीज
(स) द. अफ्रीका (द) श्रीलंका

4. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी फ्रांस की फुटबॉल टीम का सदस्य नहीं है?
(अ) करीम बेंजेमा
(ब) जॉर्डन पिकफोर्ड
(स) एंटोनिए ग्रिजमैन
(द) बेंजामिन पेवार्ड

5. जॉर्ज रसेल किस देश के दिग्गज फॉर्मूला-वन कार रेसर हैं?
(अ) मोनाको (ब) स्पेन
(स) ब्रिटेन (द) इटली

6. वाका क्रिकेट मैदान ऑस्ट्रेलिया के किस शहर में स्थित है?
(अ) एडिलेड (ब) मेलबर्न
(स) ब्रिस्बेन (द) पर्थ

7. वर्ष 2019 में शंघाई मास्टर्स का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(द) मेट पेविक

8. ओलिंपिक पदक विजेता खिलाड़ी बजरंग पूनिया और रवि दाहिया किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) मुक्केबाजी (ब) कुश्ती
(स) एथेलेटिक्स (द) भारोत्तोलन

9. एंजेलिक कर्बर किस देश की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हैं?
(अ) अमेरिका (ब) यूक्रेन
(स) जर्मनी (द) अर्जेंटीना

10. सेनेगल के फुटबॉलर साडियो माने किस क्लब के लिए खेलते हैं?
(अ) मेनचेस्टर सिटी
(ब) जुवेंटस
(स) पेरिस सेंट जर्मेन
(द) वायर्न म्युनिख

11. किस देश के नाम वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है?
(अ) द. अफ्रीका (ब) न्यूजीलैंड
(स) इंग्लैंड (द) अफगानिस्तान

12. इस वर्ष मैक्सिकन ओपन में पुरुष एकल वर्ग में चैम्पियन बने हैं?
(अ) ग्रिगोर दिमित्रोव
(ब) राफेल नडाल
(स) केविन एंडरसन
(द) कैमरन नॉरी

13. ग्रीस ने कितनी बार यूएफा यूरो कप का खिताब जीता है?
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

14. वर्ष 2023 में वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप किस देश में खेली जायेगी?
(अ) जापान (ब) स्पेन
(स) इंडोनेशिया (द) डेनमार्क

15. भारत ने इस वर्ष कॉमनवेल्थ गेम्स में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) 20 (ब) 21
(स) 22 (द) 25

16. महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते थे?
(अ) फुटबॉल (ब) हॉकी
(स) फर्राटा दौड़ (द) कुश्ती

17. इस वर्ष ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी थी?
(अ) चेन यूफेई
(ब) आन से यंग
(स) ताई जू यिंग
(द) अकाने यामागुची

18. इस वर्ष किस खिलाड़ी ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता है?
(अ) हर्बर्ट हुर्काज
(ब) डेनिल मेदवेदेव
(स) जेनिक सिनर
(द) आंद्रे रूबलेव

19. इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) चंडीगढ़ (ब) पंचकुला
(स) गुवाहाटी (द) पुणे

20. क्रिस्टी गिलमोर किस देश की दिग्गज शटलर हैं?
(अ) इंग्लैंड (ब) कनाडा
(स) थाईलैंड (द) ऑस्ट्रेलिया

21. आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप-2021 में मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गये थे?
(अ) बाबर आजम
(ब) डेविड वॉर्नर
(स) डेरिल मिशेल
(द) वानिंदु हसरंगा

22. वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी को डब्ल्यूटीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?
(अ) एश्ले बार्टी
(ब) नाओमी ओसाका
(स) सिमोना हालेप
(द) इनमें से कोई नहीं

23. ओलिंपिक चैम्पियन एथलीट सिफान हसन किस देश का प्रतिनिधित्व करतीं हैं?
(अ) बेल्जियम (ब) जमैका
(स) बहामास (द) नीदरलैंड

24. ब्रिगिड कोसगेइ किस देश की दिग्गज मैराथन धाविका हैं?
(अ) केन्या (ब) इथियोपिया
(स) युगांडा (द) जमैका

25. भारत में किस वर्ष कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किया गया था?
(अ) वर्ष 2006 (ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2014
(द) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (द), 18. (अ), 19. (ब), 20. (अ), 21. (ब), 22. (अ), 23. (द), 24. (अ), 25.(ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य अध्ययन

1. निम्न संगठनों में किसका मुख्यालय जेनेवा में नहीं है?
(अ) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
(ब) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
(स) यूनेस्को
(द) विश्व व्यापार संगठन (WTO)
उत्तर- (स) यूनेस्को।
व्याख्या - यूनेस्को का मुख्यालय पेरिस (फ्रांस) में है।

2. निम्न में धातु निष्कर्षण की विधि विद्युत अपघटन है -
(अ) सोडियम
(ब) पोटेशियम
(स) एल्युमिनियम
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - K, Na, Ca, Mg, Al सभी धातुओं का निष्कर्षण की विधि विद्युत अपघटन है।

3. निम्न में से किसका प्रयोग निशान लगाने वाली स्याही बनाने में किया जाता है?
(अ) सिल्वर क्लोराइड
(ब) सिल्वर नाइट्रेट
(स) कैल्सियम कार्बाइड
(द) जिंक फॉस्फाइड
उत्तर - (ब) सिल्वर नाइट्रेट।

4. निम्न में किस अम्ल का प्रयोग खाना पचाने में होता है?
(अ) HCl (ब) H_2SO_4
(स) HNO_3 (द) H_2S
उत्तर - (अ) HCL

5. राज्यसभा का पहली बार गठन किया गया -
(अ) 13 मई 1952 को
(ब) 3 अप्रैल 1952 को
(स) 17 अप्रैल 1952 को
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) 3 अप्रैल 1952 को।
व्याख्या - राज्यसभा की पहली बैठक 13 मई 1952 को हुई थी और इसका गठन 3 अप्रैल 1952 को किया गया।

6. नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का क्रम कौनसा है?
(अ) 13वां (ब) 12वां
(स) 14वां (द) 15वां
उत्तर - (स) 14वां।

7. राष्ट्रपति के निर्वाचन में सम्मिलित निर्वाचक मंडल, भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?
(अ) अनुच्छेद 52 में
(ब) अनुच्छेद 53 में
(स) अनुच्छेद 54 में
(द) अनुच्छेद 55 में
उत्तर - (स) अनुच्छेद 54 में।

8. प्रधानमंत्री के परामर्श के आधार पर राष्ट्रपति के द्वारा लोकसभा को समय से पूर्व कितनी बार भंग किया गया है?
(अ) 6 बार (ब) 7 बार
(स) 8 बार (द) 9 बार
उत्तर - (स) 8 बार।

9. धान में खैरा रोग किसकी कमी के कारण होता है?
(अ) जस्ता (ब) ऑक्सीजन
(स) सोडियम (द) पोटेशियम
उत्तर - (अ) जस्ता।

10. किस ऋतु को मानसून प्रत्यावर्तन का काल कहा जाता है?
(अ) शरद ऋतु को
(ब) ग्रीष्म ऋतु को
(स) वर्षा ऋतु को
(द) सभी ऋतुओं में।
उत्तर - (अ) शरद ऋतु को।
व्याख्या - शरद ऋतु में बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की उत्पत्ति होती है।

11. धारवाड़ का पठार किस राज्य में स्थित है?
(अ) आंध्रप्रदेश (ब) तेलंगाना
(स) कर्नाटक (द) उड़ीसा
उत्तर - (स) कर्नाटक।

12. K-2 भारत की सर्वोच्च ऊंची चोटी है जो स्थित है?
(अ) वृहद् हिमालय में
(ब) मध्य हिमालय में
(स) ट्रांस हिमालय में
(द) शिवालिक हिमालय में
उत्तर - (स) ट्रांस हिमालय में।
व्याख्या - K-2 की ऊंचाई 8,611 मी. है।

13. निम्न में से कौनसा ब्लॉक पर्वत नहीं है?
(अ) साल्ट रेंज (ब) ब्लैक फॉरेस्ट
(स) आल्पस (द) वॉस्जेस पर्वत
उत्तर - (स) आल्पस।

14. ई-कॉमर्स में हम चयनित उत्पाद को किस विकल्प में रख सकते हैं?
(अ) बास्केट (ब) कार्ट
(स) COD (द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) कार्ट।

15. मॉड्यूलेशन और डिमॉड्यूलेशन के लिए प्रयोग होने वाला उपकरण कौनसा है?
(अ) डिमोड
(ब) कनेक्टर
(स) मॉडेम
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (स) मॉडेम।

16. निम्न में से कौन पॉइंट-टू पॉइंट संचार का उदाहरण है?
(अ) रेडियो संचार
(ब) टेलीविजन संचार
(स) मोबाइल संचार
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) मोबाइल संचार।

17. निम्न में से ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है?
(अ) जावा (ब) डॉस
(स) यूनिक्स (द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) जावा।

18. पर्सनल ब्लॉगिंग का जनक किसे कहा जाता है?
(अ) जॉन बर्गर (ब) राफेल कार्टर
(स) जस्टिन हॉल (द) बलजीत सिंह
उत्तर - (स) जस्टिन हॉल।

19. हर्ष के समय स्कंदगुप्त नामक अधिकारी था?
(अ) हस्त सेना का प्रधान
(ब) अश्व सेना का प्रधान
(स) सेनापति
(द) युद्ध व शांति अधिकारी
उत्तर - (अ) हस्त सेना का प्रधान।

20. सोशल सर्विस लीग की स्थापना किसके द्वारा की गई?
(अ) गोपाल हरि देशमुख
(ब) एन.एम. जोशी
(स) एम.जी. रानाडे
(द) दादा भाई नौरॉजी
उत्तर - (ब) एन.एम. जोशी।

21. अनूप राग किसने लिखा?
(अ) आमीर खां
(ब) कुमार गंधर्व
(स) तानसेन
(द) अलाउद्दीन खां
उत्तर - (ब) कुमार गंधर्व।

22. दुर्लभ वाद-विनोद समारोह म.प्र. में कहाँ आयोजित किया जाता है?
(अ) भोपाल (ब) सीहोर
(स) देवास (द) धार
उत्तर - (अ) भोपाल।

23. मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध नृत्य महोत्सव कहां पर मनाया जाता है?
(अ) भोपाल (ब) खजुराहो
(स) दिल्ली (द) ग्वालियर
उत्तर - (ब) खजुराहो।

24. निम्न में से कौन संविधान निर्माता परिषद और संसद सदस्य रहा?
(अ) भवानी प्रसाद मिश्र
(ब) माखनलाल चतुर्वेदी
(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'।

25. म.प्र. के बरेला में किसकी समाधि है?
(अ) रानी अवंतीबाई
(ब) रानी दुर्गावती
(स) रानी लक्ष्मीबाई
(द) लड़ई सरकार
उत्तर - (ब) रानी दुर्गावती।

26. म.प्र. की किस जनजाति की पंचायत को 'गोहिया' कहते हैं?
(अ) अगरिया (ब) कोल
(स) सहरिया (द) भारिया
उत्तर - (ब) कोल।

27. सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र म.प्र. में कौनसा है?
(अ) सिंगरौली (ब) जोहिला
(स) पेंच घाटी (द) सोहागपुर
उत्तर - (द) सोहागपुर।

28. म.प्र. में रॉक फास्फेट खनिज का उत्खनन किस जिले में होता है?
(अ) कटनी (ब) झाबुआ
(स) शहडोल (द) बैतूल
उत्तर - (ब) झाबुआ।

29. साइलोमैलीन तथा ब्रोनाइट किसके प्रमुख अयस्क हैं?
(अ) मैग्नीज
(ब) सोना
(स) एल्युमीनियम
(द) चाँदी
उत्तर - (अ) मैग्नीज।

30. 'RUSA' अभियान निम्न में से किसकी वित्तीय सहायता से संपूर्ण भारत में लागू किया गया है?
(अ) आर.बी.आई.
(ब) यूनिसेफ
(स) विश्व बैंक
(द) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
उत्तर - (स) विश्व बैंक।

31. बजट तैयार करने का उत्तरदायित्व किसका है?
(अ) राजस्व विभाग
(ब) गृह विभाग
(स) व्यय विभाग
(द) आर्थिक मामलों का विभाग
उत्तर - (द) आर्थिक मामलों का विभाग।

32. पक्षियों और सरिसृपों में उत्सर्जी पदार्थ होता है?
(अ) यूरिया (ब) यूरिक अम्ल
(स) अमोनिया (द) अमीनों अम्ल
उत्तर - (ब) यूरिक अम्ल।

33. निम्न में से कौन लौह का अच्छा स्रोत है?
(अ) गाजर (ब) मटर
(स) चावल (द) पालक
उत्तर - (द) पालक।

34. मानव मस्तिष्क का कौनसा भाग दृश्य एवं श्रवण शक्तियों को नियंत्रित करता है?
(अ) प्रमस्तिष्क
(ब) हाइपोथैलेमस
(स) मध्य मस्तिष्क
(द) अनुमस्तिष्क
उत्तर - (स) मध्य मस्तिष्क।

35. दो प्रचलित आउटपुट डिवाइस हैं?
(अ) की बोर्ड और माउस
(ब) सीडी और फ्लॉपी
(स) मॉनीटर और प्रिंटर
(द) स्कैनर और प्रिंटर
उत्तर - (स) मॉनीटर और प्रिंटर।

36. निम्नलिखित करों में से राज्य सरकारों द्वारा कौनसा कर नहीं लगाया जाता है?
(अ) मनोरंजन कर
(ब) राज्य उत्पादक शुल्क
(स) कृषि आय कर
(द) निगम कर
उत्तर - (द) निगम कर।

37. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान की अवस्थिति किस पर्वतमाला पर है?
(अ) सतपुड़ा पर्वतमाला
(ब) मैकाल श्रेणी
(स) विंध्याचल पर्वतमाला
(द) अरावली पर्वतमाला
उत्तर - (स) विंध्याचल पर्वतमाला।

38. 'अम्ल वर्षा' के लिए जिम्मेदार कारकों के नाम बताइये?
(अ) CO_2 और N_2O
(ब) CO और CO_2
(स) O_3 और CO_2
(द) NO_2 और SO_2
उत्तर - (द) NO_2 और SO_2

39. "म.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण" का गठन कब किया गया था?
(अ) 5 सितम्बर 2006
(ब) 27 सितम्बर 2006
(स) 5 सितम्बर 2007
(द) 27 सितम्बर 2007
उत्तर - (स) 5 सितम्बर 2007

40. मध्यप्रदेश के किस भाग में सर्वाधिक वर्षा होती है?
(अ) पश्चिमी भाग
(ब) उत्तरी भाग
(स) दक्षिणी भाग
(द) दक्षिण-पूर्वी भाग
उत्तर - (द) दक्षिण-पूर्वी भाग।

41. भारत में 'काली मिट्टी' का सर्वाधिक विस्तार कहां पाया जाता है?
(अ) उत्तरप्रदेश (ब) महाराष्ट्र
(स) मध्यप्रदेश (द) गुजरात
उत्तर - (ब) महाराष्ट्र।

42. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) का क्षेत्रीय कार्यालय इनमें से किस स्थान पर नहीं है?
(अ) भोपाल (ब) चेन्नई
(स) कोलकाता (द) हैदराबाद
उत्तर - (द) हैदराबाद।

43. राष्ट्रीय आय संबंधी आकड़ों के लिए निम्नलिखित में से किस वर्ष को आधार वर्ष बनाया गया है?
(अ) 2010-11 (ब) 2012-13
(स) 2011-12 (द) 2013-14
उत्तर - (स) 2011-12

44. आय असमानता के रेखा-चित्रीय निरूपण को दर्शाता है?
(अ) एंजल का नियम
(ब) लॉरेंज वक्र
(स) फिलिप्स वक्र
(द) लाफर वक्र
उत्तर - (ब) लॉरेंज वक्र।

45. अपने प्रदूषकों के कारण कौनसी नदी 'जैविक मरुस्थल' कहलाती है?
(अ) दामोदर (ब) पेरियार
(स) यमुना (द) महानदी
उत्तर - (अ) दामोदर।

46. भारत का पहला आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कहाँ की गयी है?
(अ) हैदराबाद (ब) बेंगलुरु
(स) चेन्नई (द) लातूर
उत्तर - (द) लातूर।

47. निम्नलिखित में से 'भूरा कोयला' के रूप में भी जाना जाता है?
(अ) एन्थ्रेसाइट (ब) पीट
(स) लिग्नाइट (द) बिटुमिनस
उत्तर - (स) लिग्नाइट।

48. मध्यप्रदेश का प्रथम सौर ऊर्जा द्वारा संचालित हवाई अड्डा कौनसा है?
(अ) देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा
(ब) राजा भोज हवाई अड्डा
(स) रानी दुर्गावती हवाई अड्डा
(द) खजुराहो हवाई अड्डा
उत्तर - (अ) देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा।

49. संविधान के कौनसे अनुच्छेद में निर्णयों या आदेशों का उच्चतम न्यायालय द्वारा पुनार्विलोकन (Review) किया जाता है?
(अ) अनुच्छेद 136
(ब) अनुच्छेद 137
(स) अनुच्छेद 138
(द) अनुच्छेद 141
उत्तर - (ब) अनुच्छेद 137

50. निम्नलिखित में से कौन मध्यप्रदेश में नगरपालिकाओं के लेखाओं की संपरीक्षा करता है?
(अ) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(ब) मध्यप्रदेश का महालेखाकार कार्यालय
(स) राज्य का मुख्य सचिव
(द) राज्य का विधानमंडल
उत्तर - (द) राज्य का विधानमंडल।
व्याख्या - राज्य का विधानमंडल म.प्र. में नगरपालिकाओं की संपरीक्षा के संबंध में अधिकृत है - अनुच्छेद 243Z

51. एक व्यक्ति नगरपालिका का चुनाव लड़ सकता है यदि उसने पूर्ण कर ली है?
(अ) 25 वर्ष की आयु
(ब) 30 वर्ष की आयु
(स) 21 वर्ष की आयु
(द) 18 वर्ष की आयु
उत्तर - (स) 21 वर्ष की आयु।

- सुजय जैन
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

सैनिक स्कूल के लिए सीहोर में भूमि आवंटित

भोपाल, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने राजस्व विभाग में भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में भूमि आवंटन संबंधी 12 प्रकरणों पर चर्चा की गई, जिसमें से 4 प्रकरणों के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। शेष 8 प्रकरण अनुमोदन के लिए कैबिनेट में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

सोलह हेक्टेयर में बनेगा सैनिक स्कूल

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश द्वारा सीहोर में ग्राम वगवाड़ा में सैनिक स्कूल के लिए 16 हेक्टेयर की भूमि स्थायी पट्टे के रूप में देने पर सहमति प्रदान की गई।

धाकड़ समाज मंदसौर को छात्रावास निर्माण के लिए मंदसौर स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 94 रकबा में 0.209 हेक्टेयर भूमि, सरस्वती शिक्षा समिति, मोतीनगर को सागर में भूमि आवंटन और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (भारत सरकार का उपक्रम) एलिम्को सहायक का उपक्रम 16/2 भानपुरा देवास को भूमि आवंटन के लिए सहमति दी गई।

भूमि आवंटन संबंधी 12 प्रकरणों में से शेष 8 प्रकरण क्रमशः श्री सिद्धि विनायक बाल कल्याण समिति को शैक्षणिक प्रयोजन के लिए ग्राम बुढीबरलाई इंदौर में 1204 वर्गमीटर, श्री पूर्णा शिक्षा प्रसार समिति भैंसदेही, ध्रुव बाल शिक्षण समिति सोयतकलां, मण्डोदा बाल विकास समिति को ग्राम मण्डोदा में 0.34 हेक्टेयर, श्री राम मुरली बाल कल्याण समिति को तराना तहसील में 1.75 हेक्टेयर, एकात्म मानव संस्कार समिति को ग्राम मोड़ी में 0.60 हेक्टेयर, एकात्म शिक्षण समिति को भैंसोदा जिला आगर में 1.300 हेक्टेयर और श्री राजेश दवे, अध्यक्ष समग्र न्यास भोपाल को ग्राम ककराना अलीराजपुर में 0.8700 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने के लिए प्रकरणों को कैबिनेट से अनुमोदन का निर्णय लिया गया।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

आधुनिक भारत का इतिहास

1. 'मुंशी शिव गांव की संधि' किस युद्ध का परिणाम थी?
(अ) पालखेड़ा का युद्ध
(ब) तृतीय-आँग्ल मराठा युद्ध
(स) खेड़ा का युद्ध
(द) पानीपत का तृतीय युद्ध
उत्तर- (अ) पालखेड़ा का युद्ध (1728)।

2. इल्बर्ट बिल विवाद का संबंध किस वायसराय से है?
(अ) लॉर्ड लिटन
(ब) लॉर्ड डलहौजी
(स) लॉर्ड रिपन
(द) लॉर्ड कर्जन
उत्तर- (स) लॉर्ड रिपन।

3. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है? संगठन
(अ) हिन्दू महासभा
(ब) तत्वबोधिनी सभा
(स) आर्य समाज
(द) रामकृष्ण मिशन
संस्थापक
(अ) मदनमोहन मालवीय
(ब) अरविंद घोष
(स) स्वामी दयानंद सरस्वती
(द) विवेकानंद
उत्तर- (ब) तत्वबोधिनी सभा- अरविंद घोष

4. खगोलशास्त्र के अध्ययन के लिए 'जिजमोहम्मद शाही' नामक सारणी किसने बनवाई थी?
(अ) औरंगजेब
(ब) बहादुरशाह जफर
(स) राजा जयसिंह
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) राजा जयसिंह।

5. उत्तर भारत का 'मार्टिन लूथर किंग' किसे कहा जाता है?
(अ) राजा राममोहन राय
(ब) स्वामी विवेकानंद
(स) स्वामी दयानंद सरस्वती
(द) ज्योतिबा फुले
उत्तर- (स) स्वामी दयानंद सरस्वती।

6. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?
(अ) शिशु वध प्रतिबंध - लॉर्ड वेलेस्ली
(ब) हिन्दू विधवा पुनर्विवाह - विलियम बैंटिक
(स) शारदा एक्ट - इर्विन
(द) नैटिव मैरिज एक्ट - नॉर्थब्रुक
उत्तर- (ब) हिन्दू विधवा पुनर्विवाह - विलियम बैंटिक।

7. सुबोध पत्रिका का संबंध किस संगठन से है?
(अ) आर्य समाज
(ब) प्रार्थना समाज
(स) ब्रह्म समाज
(द) सत्यशोधक समाज
उत्तर- (ब) प्रार्थना समाज।

8. उत्तरी भारत की भूमिकर व्यवस्था का जनक किसे कहा जाता है?
(अ) वॉरेन हेस्टिंग्स
(ब) कैप्टन रीड
(स) मॉर्टिन बर्ड
(द) मुनरो
उत्तर- (स) मॉर्टिन बर्ड।

9. 'पील कमीशन' के गठन का संबंध किससे है?
(अ) कृषि व्यवस्था
(ब) शिक्षा सुधार
(स) प्रशासनिक सुधार
(द) सैन्य पुनर्गठन
उत्तर- (द) सैन्य पुनर्गठन।

10. गाँधी-दास-पैक्ट को कांग्रेस के किस अधिवेशन में अनुमोदित किया गया था?
(अ) फैजपुर (ब) नागपुर
(स) कलकत्ता (द) बेलगांव
उत्तर- (द) बेलगांव अधिवेशन।

11. वह राष्ट्रवादी नेता जो 1925 में केंद्रीय विधान परिषद में अध्यक्ष चुना गया?
(अ) विट्ठल भाई पटेल
(ब) जवाहरलाल नेहरू
(स) एम.ए. अंसारी
(द) सी.आर. दास
उत्तर- (अ) विट्ठल भाई पटेल।

12. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान घटी घटनाओं का सही कालानुक्रम क्या होगा?
(1) चौरा-चौरी हिंसा
(2) मार्ले-मिंटो सुधार
(3) दाण्डी यात्रा
(4) मोंट फोर्ड सुधार
(अ) 2, 3, 1, 4 (ब) 2, 1, 3, 4
(स) 4, 3, 1, 2 (द) 2, 4, 1, 3
उत्तर- (द) 2, 4, 1, 3

13. महात्मा गांधी ने 'अहमदाबाद टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन' की स्थापना कब की थी?
(अ) 1920 (ब) 1919
(स) 1918 (द) 1917
उत्तर- (स) 1918 (अनुसुईया बेन के साथ मिलकर)।

14. किसने जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोधस्वरूप वायसराय की कार्यकारिणी परिषद से इस्तीफा दे दिया था?
(अ) वल्लभभाई पटेल
(ब) एस.पी. सिन्हा
(स) विट्ठलभाई पटेल
(द) शंकरन नायर
उत्तर- (द) शंकरन नायर।

15. हंटर आयोग की कमेटी में 3 भारतीय सदस्यों में से कौन कमेटी में शामिल नहीं था?
(अ) चिमनलाल शीतलवाड़
(ब) साहबजादा सुल्तान अहमद
(स) जगतनारायण
(द) मदनमोहन मालवीय
उत्तर- (द) मदनमोहन मालवीय।

16. 'सेफ्टी वाल्व' सिद्धांत के प्रतिपादक कौन थे?
(अ) बाल गंगाधर तिलक
(ब) महात्मा गांधी
(स) महादेव गोविंद रानाडे
(द) लाला लाजपत राय
उत्तर- (द) लाला लाजपत राय।

17. कार्लाइल सर्कुलर किस भारतीय आंदोलन के समय लाया गया था?
(अ) असहयोग आंदोलन
(ब) स्वदेशी आंदोलन
(स) भारत छोड़ो आंदोलन
(द) दाण्डी यात्रा
उत्तर- (ब) स्वदेशी आंदोलन।

18. हेमचंद्र कानून गो का संबंध किस संगठन से था?
(अ) गदर पार्टी
(ब) अभिनव भारत
(स) हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन पार्टी
(द) अनुशीलन समिति
उत्तर- (द) अनुशीलन समिति।

19. बैंकुवर में स्वदेश सेवक गृह की स्थापना किसने की थी?
(अ) वी.डी. सावरकर
(ब) जी.डी. कुमार
(स) श्याम जी वर्मा
(द) सुभाषचंद्र बोस
उत्तर- (ब) जी.डी. कुमार।

20. 1915 में राजा महेंद्रप्रताप ने किसकी सहायता से काबुल में भारत की स्वतंत्र और अस्थाई सरकार की स्थापना की?
(अ) मास्टर सूर्यसेन
(ब) मुहम्मद अली बरकतउल्ला
(स) मोहम्मद अली जिन्ना
(द) सुभाषचंद्र बोस
उत्तर- (ब) मुहम्मद अली बरकतउल्ला।

21. निम्न में से किस संगठन के सदस्यों को होमरूल लीग का सदस्य बनने की अनुमति नहीं थी?
(अ) सर्वेंट्स ऑफ इण्डिया सोसायटी
(ब) मुस्लिम लीग
(स) आर्य समाज
(द) गदर पार्टी
उत्तर- (अ) सर्वेंट्स ऑफ इण्डिया सोसायटी।

22. 'गिफ्ट टू मोनोथिस्ट' के रचयिता कौन हैं?
(अ) स्वामी विवेकानंद
(ब) बालगंगाधर तिलक
(स) राजा राममोहन राय
(द) दयानंद सरस्वती
उत्तर- (स) राजा राममोहन राय।

23. 'लोकहितवादी' के नाम से किसे जाना जाता है?
(अ) एम.जी. रानाडे
(ब) स्वामी विवेकानंद
(स) गोपाल हरि देशमुख
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) गोपाल हरि देशमुख।

24. विलियम बैंटिक ने किसकी सहायता से ठगी प्रथा का अंत किया था?
(अ) जनरल लेक
(ब) वेलेस्ली
(स) कर्नल स्लीमन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) कर्नल स्लीमन।

25. 'चटगाँव आर्मरी रेड' नामक घटना का संबंध किस संस्था से था?
(अ) गदर पार्टी
(ब) स्वदेश-सेवक-गृह
(स) हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन
(द) इण्डियन रिपब्लिकन आर्मी
उत्तर- (द) इण्डियन रिपब्लिकन आर्मी।

26. बिजौलिया कृषक-आंदोलन के नेतृत्वकर्ता कौन थे?
(अ) सीताराम दास
(ब) माणिक्य लाल वर्मा
(स) विजय सिंह पथिक
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी।

27. कम्युनल अवार्ड के विरोध में गांधी जी ने आमरण अनशन कहां पर किया था?
(अ) साबरमती आश्रम
(ब) विरला भवन
(स) यरवदा जेल
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) यरवदा जेल।

28. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सरकार ने आंदोलन को दबाने हेतु कौन-सा ऑपरेशन चलाया था?
(अ) थंडर बोल्ट (ब) शक्ति
(स) यूनिटी (द) जीरो ऑवर
उत्तर- (द) ऑपरेशन जीरो ऑवर।

29. पूना पैक्ट के तहत केंद्रीय विधान मण्डल में कितने प्रतिशत सीट दलितों के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया था?
(अ) 20% (ब) 18%
(स) 21% (द) 19%
उत्तर- (ब) 18%

30. किस गवर्नर जनरल के कार्यकाल में नया पोस्ट ऑफिस एक्ट तथा पहली बार डाक टिकट का प्रचलन हुआ?
(अ) डलहौजी (ब) रिपन
(स) लिटन (द) कर्जन
उत्तर- (अ) डलहौजी।

31. 'तकावी ऋण' संबंधित था -
(अ) कृषि
(ब) शिक्षा
(स) व्यापार
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) कृषि

32. 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना किसने की थी?
(अ) अजीत सिंह
(ब) भगत सिंह
(स) चंद्रशेखर आजाद
(द) लाला लाजपत राय
उत्तर- (ब) भगत सिंह।

33. 'द इण्डियन वॉर ऑफ इण्डिपेंडेंस' के लेखक कौन हैं?
(अ) लाला लाजपत राय
(ब) भगत सिंह
(स) सुभाष चंद्र बोस
(द) वी.डी. सावरकर
उत्तर- (द) वी.डी. सावरकर।

34. बंगाल विभाजन के दौरान 'एकला चलो रे' का नारा किसके द्वारा दिया गया था?
(अ) रवींद्रनाथ टैगोर
(ब) जतिनदास
(स) सी.आर. दास
(द) सुभाष चंद्र बोस
उत्तर- (अ) रवींद्रनाथ टैगोर।

35. 'पूना सार्वजनिक सभा' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1860 ई. (ब) 1865 ई.
(स) 1870 ई. (द) 1875 ई.
उत्तर- (स) 1870 ई.।

36. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बलिया में समानांतर सरकार का गठन किसके नेतृत्व में किया गया?
(अ) सूर्यसेन
(ब) चित्तू पाण्डेय
(स) जयप्रकाश नारायण
(द) नाना पाटिल
उत्तर- (ब) चित्तू पाण्डेय।

37. 'मोपला विद्रोह' का संबंध भारत के किस क्षेत्र से था?
(अ) कोंकण-क्षेत्र
(ब) कोरोमण्डल-क्षेत्र
(स) मालाबार क्षेत्र
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) मालाबार क्षेत्र।

38. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान किसने भूमिगत रहकर कांग्रेस रेडियो का कार्य किया?
(अ) ऊषा मेहता
(ब) जयप्रकाश नारायण
(स) सुभाष चंद्र बोस
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) ऊषा मेहता।

39. 'स्वराज पार्टी' का गठन किस आंदोलन की विफलता के बाद किया गया था?
(अ) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(ब) दाण्डी मार्च
(स) असहयोग आंदोलन
(द) भारत छोड़ो आंदोलन
उत्तर- (स) असहयोग आंदोलन।

40. 'अगस्त प्रस्ताव' किस वायसराय द्वारा पेश किया गया था?
(अ) लॉर्ड लिटन
(ब) लॉर्ड इर्विन
(स) लॉर्ड वेलिंगटन
(द) लॉर्ड लिनलिथगो
उत्तर- (द) लॉर्ड लिनलिथगो।

41. कांग्रेस के किस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज को कांग्रेस का अंतिम लक्ष्य घोषित किया गया?
(अ) लाहौर (ब) कराची
(स) कलकत्ता (द) नागपुर
उत्तर- (अ) लाहौर।

42. 'भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम' किस वायसराय के काल में पारित हुआ था?
(अ) रिपन (ब) कर्जन
(स) लिटन (द) कैनिंग
उत्तर- (ब) कर्जन।

43. 'इनाम कमीशन' के गठन का उद्देश्य था -
(अ) सैन्य सुधार हेतु
(ब) कृषि सुधार हेतु
(स) भूमिकर रहित जागीरों का पता लगाना
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (स) भूमिकर रहित जागीरों का पता लगाना।

44. माउंटबेटन योजना कब प्रकाशित हुई थी?
(अ) 3 जून, 1947
(ब) 3 जुलाई, 1947
(स) 4 मार्च, 1948
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) 3 जून, 1947।

45. 'बेदरा की लड़ाई' किस वर्ष हुई थी?
(अ) 1760 ई. (ब) 1759 ई.
(स) 1758 ई. (द) 1757 ई.
उत्तर- (ब) 1759 ई.।

46. 'यांडबू की संधि' से किस युद्ध का अंत हुआ था?
(अ) प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध
(ब) द्वितीय आंग्ल-बर्मा युद्ध
(स) तृतीय आंग्ल-बर्मा युद्ध
(द) आंग्ल-नेपाल युद्ध
उत्तर- (अ) प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध।

47. 'मिरात उल अखबार' का प्रकाशन किस भाषा में किया गया था?
(अ) उर्दू (ब) हिंदी
(स) मराठी (द) फारसी
उत्तर- (द) फारसी।

48. 'इण्डियन रिफॉर्म एसोसिएशन' की स्थापना किसने की थी?
(अ) देवेंद्र नाथ टैगोर
(ब) केशव चंद्र सेन
(स) राधाकांत दबे
(द) राजा राममोहन राय
उत्तर- (ब) केशव चंद्र सेन।

49. 'आर्य महिला समाज' की स्थापना किसने की थी?
(अ) गंगा बाई
(ब) सावित्री बाई
(स) पंडिता रमाबाई
(द) कादंबिनी गांगुली
उत्तर- (स) पंडिता रमाबाई।

50. 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना किसने की थी?
(अ) ज्योतिबा फुले
(ब) हरविलास शारदा
(स) अरविंद घोष
(द) ईश्वरचंद्र विद्यासागर
उत्तर- (अ) ज्योतिबा फुले।

51. अखिल भारतीय हरिजन-संघ की स्थापना किसने की थी?
(अ) डॉ. अंबेडकर
(ब) महात्मा गांधी
(स) जवाहरलाल नेहरू
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) महात्मा गांधी।

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

राजनीति विज्ञान

भाग-1 : राजनीतिक सिद्धांत एवं विचारक

1. "राजा को प्रजा से इस प्रकार कर वसूलना चाहिए जिस प्रकार माली वृक्षों से पके फलों को ही तोड़ता है।" यह कथन है -
अ. कौटिल्य का
ब. महात्मा गांधी का
स. भीष्म पितामह का
द. एडम स्मिथ का।

2. इनमें से किसे सुकरात ने सर्वाधिक प्रभावित किया है -
अ. प्लेटो को
ब. सिकंदर को
स. अरस्तु को
द. मैकियावली को।

3. इनमें से कौन-सा कथन अरस्तु का नहीं है -
अ. "राज्य आत्मनिर्भर है।"
ब. "राज्य जीवधारी के समान है।"
स. "राज्य व्यक्ति से श्रेष्ठ नहीं है।"
द. "राज्य व्यक्ति का पूर्वगामी है जो प्रकृति द्वारा निर्मित है।"

4. इनमें से कौन प्राकृतिक अधिकारों का/के प्रतिपादक है/हैं-
1. बैंथम 2. लॉक
3. थामस पेन 4. बर्क
अ. केवल 1
ब. केवल 3
स. 2 एवं 3
द. 1 एवं 4

5. इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है -
अ. पोलीमार्कस के अनुसार "मित्रों के साथ भलाई और शत्रुओं से बुराई करना ही सच्चा न्याय है।"
ब. ग्लाकान ने कहा है, "न्याय एक कृत्रिम वस्तु है और भय की सन्तान है।"
स. थ्रेसीमेकस का मानना है, "शक्तिशाली का हित और स्वार्थ ही न्याय है।"
द. निकोलस के अनुसार "अपने वक्तव्यों और कार्यों में सच्चा होना, देवताओं और मनुष्यों के प्रति अपने ऋण को चुकाना न्याय है।"

6. महाभारत के अठारह पर्व (अध्याय) में शांति पर्व का क्रम है -
अ. 10वां ब. 11वां
स. 12वां द. 16वां।

7. चाणक्य ने चतुरंग सेना में सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना है -
अ. पैदल सेना ब. हस्ति सेना
स. अश्व सेना द. रथ सेना को।

8. प्लेटो ने एक आदर्श राज्य की आवश्यक जनसंख्या बतायी है -
अ. 3060 ब. 4500
स. 5040 द. 10,000

9. 7वीं सदी में चीनी यात्री हेनसांग ने किसके शासनकाल में भारत की यात्रा की थी -
अ. चंद्रगुप्त मौर्य
ब. समुद्रगुप्त
स. विक्रमादित्य
द. हर्षवर्धन।

10. इतिहास के अंत की अवधारणा प्रस्तुत की है -
अ. हंटिंगटन ने
ब. कार्ल पॉपर ने
स. फुकोयामा ने
द. डुवर्जर ने।

भाग-2 : तुलनात्मक राजनीति

11. ब्रिटेन के राजमुकुट को किसने 'सुविधाजनक उपकल्पना' कहा है-
अ. मुनरो ने ब. सिडनी लो ने
स. डायसी ने द. जेनिंग्स ने।

12. इनमें से किस देश में संघात्मक शासन प्रणाली कार्यरत नहीं है -
अ. अमेरिका ब. कनाडा
स. स्विट्जरलैंड द. ब्रिटेन।

13. गलत जोड़ी को चुनिये -
द्वितीय सदन की - देश
सदस्य संख्या
अ. 100 - अमेरिका
ब. 250 - भारत
स. 300 - फ्रांस
द. 450 - ब्रिटेन

14. 'विधि की उचित प्रक्रिया' का सिद्धांत किस संविधान की विशेषता है -
अ. अमेरिकन
ब. कनाडियन
स. स्विस
द. जापानी।

15. स्विस संविधान में कितने अनुच्छेद हैं -
अ. 105 ब. 135
स. 195 द. 245

16. राजनीतिक दलों से संबंधित प्रसिद्ध विश्लेषणकर्ता हैं -
अ. लार्ड ब्राइस ब. डुवर्जर
स. लियो स्ट्रास द. हंटिंगटन।

17. मारिस जोन्स द्वारा प्रतिपादित भारतीय राजनीति के तीन मुहावरे हैं -
अ. ज्ञानात्मक, वैराग्यात्मक एवं मूल्यात्मक
ब. पारंपरिक, आधुनिक एवं संतवादी
स. सहभागी, संकुचित एवं आदर्शवादी
द. क्रियात्मक, संघात्मक एवं आलोचनात्मक।

18. "वास्तव में तुलनात्मक सरकार वर्तमान विश्व में राष्ट्रीय सरकारों के प्रतिमानों का तुलनात्मक अध्ययन हैं।" यह कथन है -
अ. रोजा लक्जमबर्ग का
ब. लास्की का
स. जीन ब्लाण्डेल का
द. जेनिंग्स ने।

19. राजनीतिक सड़न/पतन की अवधारणा प्रस्तुत की है -
अ. हंटिंगटन ने ब. कार्ल पॉपर ने
स. डुवर्जर ने द. फुकोयामा ने।

20. चीन में सर्वशक्तिशाली दल है -
अ. समाजवादी दल
ब. साम्यवादी दल
स. स्वराजवादी दल
द. महासंस्कृतिवादी दल।

भाग-3 : भारतीय शासन और राजनीति

21. किसने 1893 में 'इन्दुप्रकाश' में कई लेख लिखकर कांग्रेस की अति उदारवादी नीति की आलोचना की थी -
अ. विपिनचंद्र पाल ने
ब. लोकमान्य तिलक ने
स. अरविंद घोष ने
द. जस्टिस सप्रू ने ।

22. भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची जोड़ी गई है -
अ. 1981 में ब. 1985 में
स. 1995 में द. 1999 में।

23. मध्यप्रदेश में सम्पन्न पंचायती राज चुनाव (2022) में कितने सरपंच निर्विरोध चुने गए हैं -
अ. 375 ब. 490
स. 600 द. 715

24. इनमें से कौन संविधान सभा की सदस्या नहीं थीं -
अ. सुचेता कृपलानी
ब. सरोजनी नायडू
स. विजय लक्ष्मी पंडित
द. बेगम हजरत महल।

25. उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ में न्यूनतम सदस्य होना चाहिए -
अ. 3 ब. 5
स. 7 द. 9

26. एक भारतीय नागरिक के मूल कर्तव्यों में शामिल हैं -
1. संविधान, राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रगान का सम्मान करना
2. वन्यजीवों एवं पर्यावरण की रक्षा करना
3. सत्ताधारी दल के प्रति निष्ठा रखना
4. वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर जीवन जीना।
अ. 1, 2 एवं 4
ब. 1, 2 एवं 3
स. मात्र 1 एवं 2
द. उक्त सभी।

27. इनमें से कौन अब तक राज्यसभा के लिये मनोनीत नहीं हुआ -
अ. वैजयंतीमाला
ब. रेखा
स. माधुरी दीक्षित
द. जयाप्रदा।

28. किस अनुच्छेद में राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं के संरक्षण करने का प्रावधान किया गया है -
अ. अनुच्छेद-46
ब. अनुच्छेद-47
स. अनुच्छेद-48
द. अनुच्छेद-49

29. किसी अवित्तीय विधेयक को राज्य सभा अधिकतम कितने दिन रोक सकती है -
अ. 60 दिन ब. 90 दिन
स. 120 दिन द. 180 दिन।

30. भारतीय संविधान में 'अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा' का उल्लेख किया गया है -
अ. प्रस्तावना
ब. मूलाधिकारों
स. नीति निदेशक तत्वों
द. आपातकालीन उपबंधों में।

भाग-4 : लोक प्रशासन

31. "प्रशासन का अर्थ कार्य करना नहीं अपितु कार्य कराना है।" यह कथन किससे संबंधित है -
अ. एकीकृत दृष्टिकोण से
ब. व्यापक दृष्टिकोण से
स. प्रबन्धकीय दृष्टिकोण से
द. वैज्ञानिक दृष्टिकोण से

32. नवीन प्रशासन के प्रमुख समर्थक हैं -
अ. वुडरो विल्सन
ब. मेक्सवेबर
स. एल्टन मेयो
द. फ्रेंक मेरीनो

33. इनमें से किस देश में संसदीय कार्यपालिका का अस्तित्व नहीं है -
अ. ब्राजील में ब. कनाडा में
स. जापान में द. ब्रिटेन में।

34. लूथर गुलिक के लोक प्रशासन के क्षेत्र संबंधी मत POSDCORB में P एवं B का अभिप्राय है-
अ. प्रिंसीपल एवं बॉस
ब. प्लानिंग एवं बजटिंग
स. प्रमोशन एवं बोनस
द. प्रमोटर एवं ब्यूरो।

35. लोक प्रशासन के व्यवहारवादी अध्ययन संबंधी दृष्टिकोण के प्रमुख विद्वान हैं-
अ. एफ.डब्लू. रिग्स
ब. जे.एम. गॉस
स. राबर्ट डहल
द. राबर्ट मर्टन।

36. लोक प्रशासन और निजी प्रशासन किन बातों में समान है -
अ. योजना बनाना
ब. कर्मचारियों में समन्वय
स. हिसाब-किताब रखना
द. उपरोक्त तीनों।

37. भारत का पहला कौनसा विश्वविद्यालय जिसने सबसे पहले लोक प्रशासन एवं स्थानीय स्वशासन विभाग की स्थापना की थी -
अ. जवाहरलाल नेहरू वि.वि.
ब. नागपुर विश्वविद्यालय
स. सागर विश्वविद्यालय
द. राजस्थान विश्वविद्यालय।

38. 'Democracy in Crisis' के लेखक है -
अ. एच.जे. लॉस्की
ब. हर्बट साइमन
स. टी.एच. ग्रीन
द. कार्ल डॉयच।

39. भारतीय लोक प्रशासन संस्थान स्थित है -
अ. चेन्नई में ब. दिल्ली में
स. बंगलुरू में द. हैदराबाद में।

40. मिन्नोब्रुक सम्मेलन का विचारणीय विषय था :
अ. परिवर्तनशील समाज में लोक प्रशासन की उपादेयता
ब. लोक प्रशासन को विज्ञान की श्रेणी में रखना
स. लोक प्रशासन के कला श्रेणी में रखना
द. लोक प्रशासन की सामयिक परिभाषा तय करना।

भाग-5 : अंतर्राष्ट्रीय संबंध

41. किसने अपनी पुस्तक Theory of International Politics (1979) में युद्धों एवं तनावों को समाप्त करने में 'सहयोग एवं संघर्ष' दोनों स्थितियों को आवश्यकतानुसार अपनाने पर बल दिया है-
अ. मार्गेन्थाउ न
ब. कैनेथ वॉल्ट्ज
स. कैपलान
द. हेनरी किसिंजर ने।

42. तनाव शैथिल्य के रूप में प्रयुक्त शब्द देतान्त (Detente) किस भाषा का है -
अ. रूसी ब. पुर्तगाली
स. फ्रेन्च द. स्पेनिश।

43. अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन का मुख्यालय स्थित है -
अ. रोम में ब. जिनेवा में
स. लियोन में द. न्यूयॉर्क में।

44. गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की वर्तमान में कुल सदस्य संख्या हैं -
अ. 102 ब. 109
स. 118 द. 120

45. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति पर खाड़ी संकट-I और II क्रमशः छाए रहे हैं -
अ. 1989 एवं 1991 में
ब. 1995 एवं 1998 में
स. 1991 एवं 2003 में
द. 2003 एवं 2012 में।

46. CTBT पर भारत ने हस्ताक्षर किये हैं -
अ. 1968 में
ब. 1995 में
स. 2005 में
द. इनमें से कोई नहीं।

47. ताशकंद समझौता हुआ था -
अ. 1966 में ब. 1972 में
स. 1978 में द. 1984 में।

48. "सोवियत संघ की गुटनिरपेक्ष आंदोलन से स्वाभाविक मित्रता रही है।" ऐसा कहा है-
अ. ब्रेझनेव ने
ब. रोनाल्ड रीगन ने
स. राजीव गांधी ने
द. फिदेल कास्त्रो ने।

49. हाल ही में एशियाई विकास बैंक से किस राज्य ने 12 मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए 4000 करोड़ रुपये का ऋण लेने हेतु समझौता किया है -
अ. महाराष्ट्र ब. उत्तरप्रदेश
स. मध्यप्रदेश द. बिहार।

50. इनमें से कौन तापी पाइप लाइन गैस परियोजना से संबंधित नहीं है -
अ. अफगानिस्तान
ब. तुर्केमिस्तान
स. अजरबैजान
द. इंडिया।

हल

1. अ, 2. अ, 3. स, 4. स, 5. द, 6. अ, 7. ब, 8. स, 9. द, 10. स, 11. ब, 12. द, 13. द, 14. अ, 15. स, 16. ब, 17. ब, 18. स, 19. अ, 20. ब, 21. स, 22. ब, 23. स, 24. द, 25. ब, 26. अ, 27. स, 28. द, 29. द, 30. स, 31. स, 32. द, 33. अ, 34. ब, 35. स, 36. द, 37. ब, 38. अ, 39. ब, 40. अ, 41. ब, 42. स, 43. स, 44. द, 45. स, 46. द, 47. अ, 48. द, 49. अ, 50. स

व्याख्यात्मक हल

3. स. अरस्तु ने राज्य को व्यक्ति से श्रेष्ठ माना है।
5. द. यह कथन सेफेलस का है।
8. स. प्लेटो ने जहां राज्य की आवश्यक जनसंख्या 5040 बतायी है तो रूसो ने 10,000 मानी है।
12. द. ब्रिटेन में एकात्मक शासन प्रणाली कार्यरत है।
13. द. वर्तमान में ब्रिटिश लार्ड सभा में 1000 से ज्यादा सदस्य हैं, क्योंकि इसके कुछ सदस्य आजीवन पदासीन रहते हैं।
20. ब. चीन में एकल दलीय प्रणाली ही चल रही है। यहां साम्यवादी पार्टी ही सर्वशक्तिशाली एकमात्र दल के रूप में चुनाव लड़ती है।
30. स. अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसका उल्लेख संविधान में नीति निदेशक सिद्धांतों के तहत अनुच्छेद-51 में किया गया है।
46. द. भारत ने भेदभावपूर्ण प्रावधान बने रहने के कारण अभी तक CTBT पर हस्ताक्षर नही किये हैं।
50. स. तापी (TAPI) पाइपलाइन गैस परियोजना से संबंधित देश हैं- तुर्केमिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इंडिया।

डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक सहायक प्राध्यापक : राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन हैं।)

कॅरियर की राहें

फर्नीचर सेक्टर में बढ़ रहे कॅरियर के मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

फर्नीचर हमारे घरों और ऑफिसों का अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की बढ़ती रचनात्मक पसंद, खर्च करने की बेहतर क्षमता और बाजार में उपलब्ध फर्नीचर की बेहतरीन डिजाइन ने फर्नीचर सेक्टर को तेजी से बढ़ाया है। स्थिति यह है कि परंपरागत फर्नीचर का बाजार अब केवल गांवों और छोटे कस्बों तक ही सिमटकर रह गया है, जबकि देश में बढ़ते मध्यम वर्ग, बढ़ती वैश्विक कंपनियों और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में आए जबर्दस्त उछाल ने डिजाइनर फर्नीचरों की कल्पना के परे तेज गति दे दी है। अब देश के फर्नीचर सेक्टर में घरेलू बाजार एवं निर्यात की नई संभावनाओं का जो परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है, उससे फर्नीचर सेक्टर में कॅरियर की बेहतर संभावनाएं छोटे-छोटे गांवों से लेकर नगर एवं महानगरों तक उभरकर दिखाई दे रही हैं।

फर्नीचर सेक्टर के बढ़ने के साथ बढ़े हैं कॅरियर के अवसर

गौरतलब है कि देश में फर्नीचर उद्योग के विकास के मद्देनजर सरकार ने दो बड़े लक्ष्यों के लिए नई रणनीति बनाई है। एक देश में चीन से होने वाले करीब एक अरब डॉलर के फर्नीचर आयात को कम करने के परिप्रेक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत फर्नीचर उद्योग को हरसंभव प्रोत्साहन देना और दो वैश्विक फर्नीचर निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखते हुए भारत से किए जा रहे फर्नीचर निर्यात को ऊंचाई तक पहुंचाना। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रणनीतिक कदम आगे बढ़ाए हैं। जिस तरह चीन का फर्नीचर सेक्टर अपने विशालकाय फर्नीचर क्लस्टर के कारण दुनियाभर में सबसे आगे है, उसी आधार पर अब भारत में भी फर्नीचर क्लस्टर स्थापित करने की रणनीति सुनिश्चित की गई है। देश में फर्नीचर निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर आधुनिकीकरण, अभिनव डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण फर्नीचर निर्माण के लिए प्रोत्साहनों के कारण निर्यात बाजार में भी भारत की अहमियत बढ़ेगी और ऐसे में कॅरियर के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।

फर्नीचर सेक्टर में कॅरियर की नई संभावनाएं

देश के फर्नीचर विशेषज्ञों के मुताबिक इस समय भारत में फर्नीचर का संगठित बाजार करीब 5 अरब डॉलर का है। ट्रेड प्रमोशन कौंसिल ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत की फर्नीचर इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है और यह 2024 तक करीब 50 अरब डॉलर के आकार की ऊंचाई पर पहुंच सकती है। भारत अपना अधिकांश ब्रांडेड फर्नीचर मुख्य रूप से चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया, इटली और थाईलैंड से आयात करता है। लेकिन अब फर्नीचर आयात में कमी करके घरेलू बाजार में ही फर्नीचर मैन्युफैक्चरिंग के नए प्रोत्साहनों से इस सेक्टर को तेजी से बढ़ाया जा सकेगा। इस समय फर्नीचर का वैश्विक निर्यात बाजार करीब 246 अरब डॉलर वार्षिक का है। जहां करीब 75 अरब डॉलर के निर्यात के साथ चीन पहले नंबर पर है। वहीं करीब 1.6 अरब डॉलर निर्यात के साथ भारत बहुत पीछे है। ऐसे में बाजार के कई गुना बढ़ने की संभावनाओं के मद्देनजर इस सेक्टर में कॅरियर के अवसर भी कई गुना बढ़ना संभावित हैं।

फर्नीचर सेक्टर में कॅरियर की स्किल्स

फर्नीचर सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए फर्नीचर डिजाइनिंग की बुनियाद जरूरी है। फर्नीचर डिजाइनिंग के लिए रचनात्मक और कलात्मक पहलू का मजबूत होना अति आवश्यक है, साथ ही कम्प्यूटर तथा कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी होनी चाहिए। मार्केटिंग स्किल्स तथा बिजनेस की भी समझ अनिवार्य है। चूंकि फर्नीचर डिजाइनर का काम एक बेजान लकड़ी में जान डालकर उसे बदलते बाजार के अनुरूप आकर्षक रूप देना होता है, अतएव फर्नीचर डिजाइनिंग के क्षेत्र में काम करने के लिए मार्केट में डिजाइनिंग को लेकर क्या कुछ नया किया जा रहा है उस ओर भी पैनी नजर रखनी होती है।

फर्नीचर सेक्टर में कॅरियर के मौके

फर्नीचर की नई-नई डिजाइनों और विविध उपयोगिताओं के कारण फर्नीचर सेक्टर में रोज़गार और स्वरोज़गार के मौके तेजी से बढ़ रहे हैं। इनमें फर्नीचर डिजाइनिंग और मार्केटिंग से संबंधित विभिन्न तरह के कॅरियर के अवसर हैं। किसी प्रतिष्ठित संस्थान से फर्नीचर डिजाइनिंग का कोर्स करने के बाद किसी भी डिजाइनर के साथ काम किया जा सकता है। भारत में फर्नीचर निर्माण के क्षेत्र में कई विदेशी कंपनियां भी आ चुकी हैं। अगर आप अपना स्वयं का रोज़गार शुरू करना चाहते हैं, तो डिग्री या डिप्लोमा के आधार पर बैंक से ऋण मिल जाता है। फर्नीचर की कई बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बड़ी संख्या में नियुक्तियां निकालती हैं। कई प्रशिक्षण संस्थान भी इस फील्ड के अनुभवी लोगों को रोज़गार के अवसर मुहैया कराते हैं। इस फील्ड में डिजाइनिंग की गुणवत्ता और अनुभव के आधार पर अच्छी आमदनी मुट्ठियों में की जा सकती हैं।

फर्नीचर डिजाइनिंग के कोर्स

सामान्यतः फर्नीचर डिजाइनिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए फर्नीचर डिजाइनिंग में सर्टिफिकेट डिप्लोमा डिग्री के साथ-साथ पोस्ट ग्रेजुएशन के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इसके अलावा इंटीरियर डिजाइनिंग के तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में भी फर्नीचर डिजाइनिंग एक महत्वपूर्ण भाग होता है।

फर्नीचर डिजाइनिंग के कोर्स कहां से करें

देश में जहां फर्नीचर डिजाइनिंग के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग हैं, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों में कई संस्थाओं में फर्नीचर डिजाइनिंग से संबंधित विभिन्न कोर्स उपलब्ध हैं। अपनी उपयुक्तता के अनुरूप किसी गुणवत्तापूर्ण संस्थान से फर्नीचर डिजाइनिंग से संबंधित कोर्स करके फर्नीचर सेक्टर में अच्छे कॅरियर की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

प्रदेश के 46 नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिये 27 सितम्बर को मतदान

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 18 जिलों के 46 नगरीय निकायों के आम निर्वाचन-2022 का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इन नगरीय निकायों में मतदान 27 सितम्बर को और मतगणना 30 सितम्बर को होगी। मतदान ईवीएम से होगा। संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 5 सितम्बर, 2022 को सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 12 सितम्बर (दोपहर 3 बजे तक) है। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 13 सितम्बर को की जायेगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 15 सितम्बर है। इसी दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। मतदान 27 सितम्बर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 30 सितम्बर को सुबह 9 बजे से होगी।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि जिला सागर की नगर परिषद करांपुर, नगरपालिका परिषद खुरई, गढ़ाकोटा, सिंगरौली की नगर परिषद सरई, बरगवां, शहडोल की नगर परिषद बुढ़ार, जयसिंह नगर, नगरपालिका परिषद शहडोल, अनूपपुर की नगर परिषद बरगवां (अमलाई), नगरपालिका परिषद कोतमा, विजुरी, उमरिया की नगरपालिका परिषद पाली, डिण्डोरी की नगर परिषद डिण्डोरी, शहपुरा, मण्डला की नगर परिषद बम्हनीबंजर, बिछिया, निवास, नगरपालिका परिषद मण्डला, नैनपुर, बालाघाट की नगर परिषद बैहर, नगरपालिका परिषद मलाजखण्ड, सिवनी की नगर परिषद लखनादौन, छिंदवाड़ा की नगर परिषद मोहगाँव हवेली, हर्रई, नगरपालिका परिषद पांढुर्ना, सौंसर, दमुआ, जुन्नारदेव, बैतूल की नगर परिषद चिचोली, आठनेर, नगरपालिका परिषद सारणी, रायसेन की नगर परिषद देवरी, खण्डवा की नगर परिषद छनेरा, पुनासा, बुरहानपुर की नगरपालिका परिषद नेपानगर, खरगोन की नगर परिषद मण्डलेश्वर, महेश्वर, भीकनगांव, अलीराजपुर की नगर परिषद चन्द्रशेखर आजाद नगर, जोबट, नगरपालिका परिषद अलीराजपुर, झाबुआ की नगर परिषद थांदला, पेटलावद, रानापुर, नगरपालिका परिषद झाबुआ और जिला रतलाम की नगर परिषद सैलाना में निर्वाचन होगा।

कुल मतदाता 8 लाख 42 हजार 515

कुल 17 नगरपालिका और 29 नगर परिषद में आम निर्वाचन होना है। इनमें से 6 नव-गठित नगर परिषद हैं। कुल वार्डों की संख्या 814 और कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1212, कुल मतदाता 8 लाख 42 हजार 515 हैं। इनमें से 4 लाख 25 हजार 370 पुरुष, 4 लाख 17 हजार 79 महिला एवं 66 अन्य मतदाता हैं।

गुना और भोपाल में नागरिक केंद्रित सामुदायिक निगरानी

भोपाल, राज्य सरकार ने बीमारी से जीवन बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर नागरिक केंद्रित सामुदायिक निगरानी मॉडल 'स्वास्थ्य कवच' को गुना जिले के दो विकासखण्ड और भोपाल शहर की तीन शहरी मलिन बस्तियों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने की मंजूरी दी है। स्टेट आईडीएसपी इस पहल को यूएसएआईडी (इंटीग्रेटेड डिजीजेज सर्विलांस प्रोग्राम) और जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी से संबद्ध कर कार्यान्वित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में 'स्वास्थ्य कवच' की जानकारी दी और इसके महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कवच का उद्देश्य बीमारी के प्रकोप की पहचान और प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करना है। 'स्वास्थ्य कवच' का मोबाइल एप्लीकेशन (स्मार्ट फोन उपयोगकर्ताओं के लिए) और इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (गैर-स्मार्ट फोन उपयोगकर्ताओं) के लिए उपयोगी होगा।

श्रमोदय विद्यालयों को मॉडल के तौर पर तैयार करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में श्रम विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रदेश में श्रमोदय विद्यालयों को मॉडल के तौर पर तैयार करें। इन विद्यालयों की व्यवस्थाओं को देखने मैं भी जाऊंगा। भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सभी पात्र निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड अभियान चला कर बनाए जाना सुनिश्चित करें। संबल योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनजाति पंचायत में इंजीनियर तैयार करें। लेबर केस मैनेजमेंट सिस्टम प्रारंभ करने के लिए निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भर्ती की कार्यवाही तेजी से करें।

श्री चौहान ने कहा कि मेरे द्वारा की गई घोषणाओं को शीघ्रता से पूरा किया जाए। विभाग की 33 सेवाएं लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम में शामिल हैं, इनका लाभ बिना किसी असुविधा के श्रमिकों को दिया जाए। असंगठित श्रमिकों के डाटा बेस को ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज किया जाए।

नशामुक्त भारत अभियान में चार जिले और हुए शामिल

भोपाल, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशीले पदार्थों और ड्रग के विरुद्ध लोगों, विशेष रूप से युवा वर्ग को जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित नशामुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण में देश के 100 जिलों को जोड़ा गया है। इसमें मध्यप्रदेश के 4 जिले देवास, मुरैना, धार और राजगढ़ शामिल हैं। नशामुक्त भारत अभियान 15 अगस्त 2020 से देश के 272 जिलों में संचालित है, जिसमें 15 जिले मध्यप्रदेश के हैं।

उल्लेखनीय है कि एक माह पूर्व नशामुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य और दतिया जिले को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले जिला श्रेणी में प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया था। अभियान के द्वितीय चरण में चयनित देवास, मुरैना, धार और राजगढ़ जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत और सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण के अधिकारियों को इस संबंध में राज्य शासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

संबंधित जिलों के अधिकारियों से कहा गया है कि नशामुक्त भारत अभियान के लिये अनुभाग स्तरीय समिति का गठन करने के साथ नशामुक्ति के लिये जन-जागरूकता कार्यक्रम विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में नशामुक्ति के विशेष अभियान का सतत क्रियान्वयन करें।

खेल चर्चा

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये आवेदन आमंत्रित

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने वर्ष 2022 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि भारतीय ओलिंपिक संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय खेल महासंघ, खेल संवर्धन बोर्ड तथा राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों को इन पुरस्कारों के लिये सूचित कर दिया गया है। इन पुरस्कारों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर, 2022 तय की गई है।

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती बेल्जियम ग्रांप्री

फ्रांकोरचैंप्स, नीदर्लैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन सर्किट

पर अपना दबदबा मजबूत बनाते हुये बेल्जियम ग्रांप्री रेस में जीत दर्ज की है। वर्स्टापेन ने 44 लैप वाली इस रेस को एक घंटे 25 मिनट 52.894 सेकंड में पूरा किया। वर्स्टापेन ने इस रेस में 14वें स्थान से शुरुआत की थी। इसके बावजूद वर्स्टापेन रेस में शीर्ष स्थान हासिल करने में कामयाब रहे। यह वर्स्टापेन की इस सत्र की नौवीं और कुल 29वीं जीत है। इस जीत के साथ वर्स्टापेन ने ड्राइवर्स स्टैंडिंग में 284 अंकों के साथ शीर्ष पर कब्जा बरकरार रखा है।

लिंथोई ने विश्व जूडो कैडेट चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

सेराजेवो, भारत की युवा जूडो खिलाड़ी लिंथोई ने अंडर-18 विश्व जूडो कैडेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। 15 वर्षीय लिंथोई ने महिलाओं की 57 किलोग्राम भार वर्ग स्पर्धा में ब्राजील की बियांका रीस को हराया। लिंथोई जूडो विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बन गई हैं। फाइनल मुकाबले में लिंथोई को बियांका ने कड़ी टक्कर दी। इसके बावजूद लिंथोई 1-0 से मैच जीतने में सफल रहीं। लिंथोई भारत की बेहतरीन जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। लिंथोई वर्ष 2017 में सब जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चर्चा में आई थीं।

राहुल शर्मा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्ण लेग स्पिनर राहुल शर्मा ने क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। राहुल ने ट्विटर के जरिये संन्यास का ऐलान किया। राहुल का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर साधारण रहा। उन्होंने भारत के लिये 4 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 6 तथा 2 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 3 विकेट लिये हैं। राहुल ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच 28 जुलाई, 2012 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। राहुल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहचान मिली थी। राहुल ने आईपीएल-2011 सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था। इस सत्र में राहुल ने सहारा पुणे वॉरियर के लिये खेलते हुये 14 मैचों में 16 विकेट लिये थे। इसी प्रदर्शन के चलते उन्हें टीम इंडिया में जगह मिली थी। राहुल ने आईपीएल में 40 मैच खेले हैं।

भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया

दुबई, भारत ने एशिया कप का आगाज बेहद शानदार तरीके से किया। भारत ने टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हराया। भारत के लिए हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से पाकिस्तान को पस्त कर दिया।

मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी करने को कहा। भुवनेश्वर कुमार ने पारी के तीसरे ओवर में बाबर आजमत (10) को आउट कर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। इसके बाद आवेश खान ने फखर जमान को जल्द ही आउट कर पाकिस्तान को दबाव में ला दिया। इसके बाद मोहम्मद रिजवान ने इफ्तिखार अहमद (28) के साथ मिलकर पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाज के आउट होने के बाद पाकिस्तान की टीम बिखर गई। रिजवान ने 43 रन की पारी खेली, पाकिस्तान के मध्य क्रम और निचले क्रम के बल्लेबाज रनों के लिए संघर्ष करते नजर आए। पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवरों में 147 रन पर सिमट गई। भारत के लिए भुवनेश्वर ने 4, पंड्या ने 3, अर्शदीप ने 2 तथा आवेश खान ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत भी खराब रही। पाकिस्तान के युवा गेंदबाज नसीम शाह ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर के.एल. राहुल को आउट कर मैच को रोमांचक बना दिया। कप्तान रोहित शर्मा भी महज 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली (35) और रविंद्र जडेजा (35) ने पारी को संभाला। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने अंतिम ओवरों में तेजतर्रार पारी खेली। भारत को अंतिम ओवर में जीत के लिए 7 रन की जरूरत थी। पंड्या ने दर्शनीय छक्का लगाकर भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई।

- **भारत ने इस जीत के साथ पाकिस्तान से आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्व कप में मिली हार का बदला लिया।**
- **भारत की एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी जीत है।**
- **विराट कोहली ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100 मैच पूरे किये।**
- **विराट क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 100-100 मैच खेलने वाले भारत के पहले तथा विश्व के दूसरे खिलाड़ी बने।**
- **विराट ने 262 वन-डे, 102 टेस्ट और 101 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।**
- **भारत के लिए सबसे ज्यादा ट्वेंटी-20 मैच खेलने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है।**

भारत ने हांगकांग को हराया

भारत ने एशिया में अपने दूसरे लीग मुकाबले में हांगकांग के खिलाफ जीत दर्ज की। भारत ने हांगकांग को 40 रन से हराया। मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट खोकर 192 रन बनाये। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में 68 रन बनाये, वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली ने 44 गेंदों में 59 रन बनाये। इनके अलावा के.एल. राहुल ने 36 तथा रोहित शर्मा ने 21 रन बनाये। इसके जवाब में हांगकांग की टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 152 रन ही बना सकी। हांगकांग के लिए बाबर हयात ने सर्वाधिक 41 तथा किंचित शाह ने 30 रनों की पारी खेली।

जेम्स एंडरसन ने पूरे किये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 950 विकेट

मैनचेस्टर, इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने नया इतिहास रच दिया है। एंडरसन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 950 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गये हैं। एंडरसन ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर खेले गये टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। एंडरसन के इस प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टेस्ट मैच में पारी और 85 रन से हराया। मैच में एंडरसन ने दोनों पारियों में कुल 6 विकेट लिये। एंडरसन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 951 विकेट हो गये हैं। उन्होंने टेस्ट में 664, वन-डे अंतर्राष्ट्रीय में 269 और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 18 विकेट लिये हैं। एंडरसन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में मुरलीधरन (1347), शेन वार्न (1001) और अनिल कुंबले (956) से पीछे हैं।

शरत ने विश्व चैम्पियनशिप से नाम लिया वापस

नई दिल्ली, भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने टेबल टेनिस विश्व चैम्पियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है। शरत पारिवारिक कारणों से विश्व चैम्पियनशिप से हट गए हैं। शरत ने इस वर्ष बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को टेबल टेनिस में तीन स्वर्ण पदक दिलाए थे। शरत की जगह विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई गनासेकरन साथियान करेंगे। भारतीय पुरुष टीम में साथियान के अलावा सनिल शेट्टी, हरमीत देसाई, मानुष शाह और मानव ठक्कर शामिल हैं।

फीफा ने भारतीय फुटबॉल महासंघ से हटाया प्रतिबंध

अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप भारत में ही होगा

लुसाने, विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा (फीफा) द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है। फीफा ने एक बयान में कहा कि परिषद ने 25 अगस्त को एआईएफएफ के निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया। अब फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 11 से 30 अक्टूबर तक भारत में योजना के अनुसार आयोजित किया जा सकता है।

फीफा द्वारा जारी बयान में कहा गया कि इस बात की पुष्टि मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया, कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ कार्यकारी समिति की शक्तियों को ग्रहण करने के लिए स्थापित प्रशासकों की समिति (सीओए) को समाप्त कर दिया गया है और एआईएफएफ प्रशासन ने एआईएफएफ के दैनिक मामलों पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया था। फीफा और एएफसी स्थिति की निगरानी करना जारी रखेंगे और समय पर चुनाव कराने में एआईएफएफ का समर्थन करेंगे।

क्यों लगा था प्रतिबंध

उल्लेखनीय है कि 16 अगस्त को फीफा ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित कर दिया था। फीफा के नियमों और संविधान के गंभीर उल्लंघन की वजह से यह निर्णय लिया गया था। एआईएफएफ को अपने 85 साल के इतिहास में पहली बार फीफा से निलंबन झेलना पड़ा। फीफा के इस फैसले ने अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी के अधिकार भी भारत से छीन लिए थे।

बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जीता कांस्य पदक

टोक्यो, सात्विक साईराज रेंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने जापान में आयोजित बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। सात्विक और चिराग की जोड़ी विश्व चैम्पियनशिप में भारत के लिए पुरुष युगल वर्ग में पदक जीतने वाली पहली जोड़ी है।

विश्व चैम्पियनशिप के पुरुष युगल वर्ग के सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना मलेशिया के आरोन चिया और सोह वुई यिक की जोड़ी से हुआ। मैच पहले काफी रोमांचक रहा, जिसमें भारतीय जोड़ी ने 22-20 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने पलटवार कर 21-18 से बाजी जीती। तीसरा गेम भी रोमांचक रहा, इसमें चिया और यिक की जोड़ी ने सात्विक और चिराग की जोड़ी को 21-16 से हराकर मैच जीता।

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।

एक्सेलसन बने पुरुष वर्ग के चैम्पियन

विश्व चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग का खिताब डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने जीता। एक्सेलसन ने फाइनल मुकाबले में थाईलैंड के कुल्लावुत वितिदसन को आसान मुकाबले में 21-5, 21-16 से हराया। वहीं महिला एकल वर्ग में जापान की अकाने यामागुची ने खिताब अपने नाम किया। यामागुची ने फाइनल में चीन की ओलिंपिक चैम्पियन चेन यूफेई को कड़े मुकाबले में 21-12, 10-21, 21-14 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा।

लुसाने डायमंड लीग

नीरज ने खिताब जीतकर रचा इतिहास

लुसाने, भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने चोट से उबरने के बाद धमाकेदार वापसी की है। नीरज ने 89.08 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ लुसाने डायमंड लीग मीट का टाइटल जीत लिया है। नीरज यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। इस जीत के साथ ही नीरज ने 7 एवं 8 सितम्बर को ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग के फाइनल्स में भी जगह बना ली है।

नीरज ने हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले विश्व चैम्पियनशिप-2023 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। नीरज चोपड़ा ने अपने पहले ही प्रयास में 89.08 मीटर दूर जैवलिन फेंका, जिसे छूना दूसरे खिलाड़ियों के लिए मुश्किल बन गया। इसके बाद नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 85.18 मीटर थ्रो किया, वहीं तीसरे प्रयास को उन्होंने स्किप किया। फिर चोपड़ा का चौथा प्रयास फाउल करार दिया गया और पांचवें प्रयास से उन्होंने दूर रहने का फैसला किया।

अपने अंतिम थ्रो में नीरज चोपड़ा ने 80.04 मीटर का निशाना लगाया। लुसाने डायमंड लीग में टोक्यो ओलिंपिक के रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज्च 85.88 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ दूसरे, जबकि अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन 83.72 मीटर के बेस्ट थ्रो की बदौलत तीसरे स्थान पर रहे।

डायमंड लीग फाइनल्स में पहुंचने वाले पहले भारतीय

89.08 मीटर थ्रो नीरज के कॅरियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास है। नीरज के कॅरियर के बेस्ट थ्रो की बात करें, तो वह 89.94 मीटर है, जो उन्होंने स्टॉकहोम डायमंड लीग में बनाया था। नीरज चोपड़ा डायमंड लीग का कोई खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। साथ ही वह डायमंड लीग के फाइनल में भी जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं।

नीरज ने पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप में 88.13 मीटर के थ्रो से ऐतिहासिक रजत पदक जीता था। उस मुकाबले के दौरान ही नीरज को ग्रोइन इंजरी हो गई थी। इसके बाद मेडिकल टीम ने नीरज चोपड़ा को चार-पांच हफ्ते के आराम की सलाह दी थी, जिसके बाद उन्होंने बर्मिंघम में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 से हटने का फैसला किया था।

- **नीरज चोपड़ा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं।**
- **नीरज ने एशियाई खेलों में भी भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता है।**
- **नीरज ने इस वर्ष विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है।**

चक्का फेंक खिलाड़ी नवजीत पर लगा तीन वर्ष का प्रतिबंध

नई दिल्ली, भारत की अनुभवी चक्का फेंक खिलाड़ी नवजीत कौर ढिल्लो पर डोप टेस्ट में फेल होने के बाद तीन वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। पिछले दिनों विश्व चैंपियनशिप से पहले एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कजाकिस्तान में नवजीत का डोप सैंपल लिया था। इस टेस्ट के एक दिन पहले नवजीत ने कोसानोव मेमोरियल मीट में 56.24 मीटर थ्रो के साथ चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीता था। नवजीत के डोप सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ मेटावोलाइट पाया गया था। नवजीत ने एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट के सामने डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन को स्वीकार किया, जिससे उनका प्रतिबंध चार वर्ष की जगह तीन वर्ष किया गया है। नवजीत कौर ने इस वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में भी हिस्सा लिया था और वह राष्ट्रमंडल खेल-2022 में आठवें स्थान पर रही थीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

सामयिकी

• रूस-यूक्रेन युद्ध •

यूरोपीय संघ के देशों में भयावह सर्दी पड़ने की चेतावनी

बेल्जियम के ऊर्जा मंत्री टिन वान डेर स्ट्रेटन ने चेतावनी दी है कि अगर प्राकृतिक गैस की कीमतों को कम करने के लिए कुछ नहीं किया गया तो यूरोपीय संघ के देशों को आने वाले समय में भयावह सर्दियों का सामना करना पड़ेगा। बेल्जियम के ऊर्जा मंत्री स्ट्रेटन ने ट्विटर पर लिखा कि यूरोप में गैस की कीमतों को तत्काल स्थिर करने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि यूरोप में गैस की कीमतों पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत और गैस और बिजली की कीमतों में सुधार लाने की सख्त जरूरत है। हमें स्रोत पर, यूरोपीय स्तर पर कार्य करना चाहिए और गैस की कीमतों को स्थिर करने के लिए काम करना चाहिए। यूरोपीय संघ के देश ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के साथ संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि प्रमुख गैस आपूर्तिकर्ता रूस ने फरवरी में यूक्रेन पर हमला किया, जिससे उस पर कई तरह के प्रतिबंध लग गये। रूस, जिसने पिछले साल यूरोपीय संघ को 40 प्रतिशत गैस की आपूर्ति की थी। पश्चिमी देशों ने रूस से आपूर्ति को प्रतिबंधित कर दिया है।

प्रधानमंत्री का गुजरात दौरा

सस्टेनेबल और इकोफ्रेंडली क्लोदिंग का उदाहरण है खादी : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में साबरमती नदी के किनारे आयोजित खादी उत्सव में भाग लिया।

- **भारत में सुजुकी के 40 वर्ष पूरे, गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री।**
- **भुज में लगभग 4400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन और शिलान्यास।**

प्रधानमंत्री ने चरखे के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध को याद करते हुए कहा कि साबरमती का तट आज धन्य हो गया है, क्योंकि स्वतंत्रता के 75 वर्ष के अवसर पर 7,500 बहनों और बेटियों ने एक साथ चरखे पर सूत कातकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि चरखे पर कताई किसी पूजा से कम नहीं है। प्रधानमंत्री ने 'अटल ब्रिज' का उद्घाटन किया और उसकी प्रौद्योगिकी और उत्कृष्ट डिजाइन का उल्लेख किया, उन्होंने कहा कि यह पुल श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि है, जिन्हें गुजरात के लोग हमेशा प्यार और सम्मान देते थे। अटल पुल न केवल साबरमती नदी के दो किनारों को जोड़ता है, बल्कि यह डिजाइन और नवाचार में भी अभूतपूर्व है। इसकी डिजाइन में गुजरात के प्रसिद्ध पतंग उत्सव को भी ध्यान में रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, इतिहास गवाह है कि खादी का एक धागा स्वतंत्रता आंदोलन की ताकत बन गया, इसने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया। उन्होंने आगे कहा कि खादी का वही धागा विकसित भारत और एक आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का प्रेरणा-स्रोत बन सकता है। खादी जैसी पारंपरिक ताकत हमें नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। खादी के लाभों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सस्टेनेबल क्लोदिंग और इकोफ्रेंडली क्लोदिंग का एक उदाहरण है और इसमें कार्बन फुटप्रिंट कम से कम होता है।

मारुति-सुजुकी की सफलता मजबूत भारत-जापान साझेदारी का है प्रतीक

गांधीनगर के महात्मा मंदिर में भारत में सुजुकी के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि चार दशक से ज्यादा समय के दौरान मारुति-सुजुकी की तरक्की भारत और जापान के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने इस वर्ष के महत्व को भी रेखांकित किया, जिसमें भारत और जापान आपसी संबंधों के 70 वर्ष पूरे कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुजुकी कॉर्पोरेशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

कच्छ ने न केवल खुद को उठाया है बल्कि पूरे गुजरात को नई ऊंचाइयों पर ले गया है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भुज में लगभग 4400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने भुज जिले में स्मृति वन स्मारक का भी उद्घाटन किया, स्मृति वन अपनी तरह की एक अनूठी पहल है। इसे लगभग 470 एकड़ के क्षेत्र में बनाया गया है, 2001 में आए विनाशकारी भूकंप का केंद्र भुज में था। इस स्मारक में उन लोगों के नाम हैं जिन्होंने भूकंप के दौरान अपनी जान गंवाई थी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भुज में स्मृति वन स्मारक और अंजार में वीर बाल स्मारक गुजरात के कच्छ जिले और पूरे देश के साझा दर्द के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने विनाशकारी भूकंप को भी याद किया। उन्होंने कहा कि कच्छ ने न केवल खुद को उठाया है बल्कि पूरे गुजरात को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। उन्होंने कहा कि कच्छ में आज दुनिया का सबसे बड़ा सीमेंट संयंत्र है। वेल्डिंग पाइप निर्माण के मामले में कच्छ दुनिया में दूसरे स्थान पर है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा संयंत्र कच्छ में है। एशिया का पहला एसईजेड कच्छ में बना है। कांडला और मुंद्रा बंदरगाह भारत के कार्गो का 30 प्रतिशत संभालते हैं और यह देश के लिए 30 प्रतिशत नमक का उत्पादन करता है। कच्छ सौर और पवन ऊर्जा से उत्पन्न 2500 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करता है और कच्छ में सबसे बड़ा सौर हाइब्रिड पार्क बनने वाला है।

• एरियास का 8वां स्थापना दिवस •

नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इरेडा को मिला पुरस्कार

राज्यों की अक्षय ऊर्जा एजेंसियों का संघ (एरियास) का 8वां स्थापना दिवस समारोह कोच्चि में आयोजित किया गया। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) को 2021-22 के दौरान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए एरियास से पुरस्कार मिला। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री श्री भगवंत खुबा ने पुरस्कार प्रदान किया। इरेडा को वर्ष 2021-22 के दौरान गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के बीच अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक ऋण आवंटन एवं वितरित के कारण इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की पहल पर 2014 में अक्षय ऊर्जा एजेंसियों का संघ (एरियास) की स्थापना की गई थी। अक्षय ऊर्जा के लिए काम करने वाली सभी राज्य नोडल एजेंसियां एरियास की सदस्य हैं।

'साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार' पुस्तक का हुआ विमोचन

आयुष, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआई) में सबसे प्रसिद्ध योग आसनों में से एक सूर्य नमस्कार पर साक्ष्य-आधारित अनुसंधान के संग्रह 'साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार' नामक पुस्तक का विमोचन किया। 'साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार' का संकलन एआईआईए के स्वास्थ्यवृत्त और योग विभाग द्वारा किया गया है।

हिमाचल प्रदेश के बकलोह में

भारत-अमेरिका के विशेष बलों के संयुक्त अभ्यास का समापन

भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष बल अभ्यास वज्र प्रहार-2022 का 13वां संस्करण हिमाचल प्रदेश के बकलोह में संपन्न हुआ। इस वार्षिक अभ्यास का आयोजन बारी-बारी से भारत और अमेरिका में किया जाता है। इससे पहले इसके 12वें संस्करण को अक्टूबर, 2021 में अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित ज्वॉइंट बेस लुईस मैक कॉर्ड में आयोजित किया गया था। 21 दिवसीय इस संयुक्त प्रशिक्षण ने दोनों देशों के विशेष बलों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत एक संयुक्त वातावरण में हवाई परिचालन, विशेष संचालन और आतंकवाद विरोधी अभियानों में प्रशिक्षित करने का अवसर प्रदान किया। इस अभ्यास को दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण में युद्ध अनुकूलन और सामरिक

स्तर के विशेष मिशन प्रशिक्षण अभ्यास शामिल थे। वहीं, दूसरे चरण के तहत पहले चरण में दोनों दलों द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण के 48 घंटे के सत्यापन को शामिल किया गया था। दोनों सैन्य टुकड़ियों ने पहाड़ी इलाकों में बनावटी पारंपरिक और अपरंपरागत परिस्थितियों में कृत्रिम परिचालन की एक श्रृंखला का संयुक्त प्रशिक्षण, योजना और निष्पादन कर अपने प्राप्त किए गए मानक और सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों को साझा करने को लेकर अभ्यास के परिणामों पर काफी अधिक संतुष्टि व्यक्त की। अमेरिकी विशेष बलों के साथ वज्र प्रहार अभ्यास मौजूदा वैश्विक स्थिति की पृष्ठभूमि में दोनों राष्ट्रों के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों को लेकर महत्वपूर्ण है। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास ने भारत व अमेरिका के विशेष बलों के बीच मित्रता के पारंपरिक संबंध के साथ-साथ आपसी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत किया है।

फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का प्रथम दीक्षांत समारोह

फॉरेंसिक साइंस अनुसंधान क्षेत्र में भारत दुनिया का हब बनेगा : गृह मंत्री

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करने के साथ-साथ कैंपस में विभिन्न सुविधाओं का उद्घाटन भी किया। श्री अमित शाह ने दीक्षांत समारोह में शामिल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन छात्रों के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि वे विश्व की पहली फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी से अपनी डिग्री लेकर समाज में जा रहे हैं।

दीक्षांत समारोह के साथ ही एक नए कैंपस का भूमिपूजन और तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करते हुए गृह मंत्री

ने कहा कि पहले गुजरात फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी और अब नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी जिस गति से सभी परिमाणों में प्रगति कर रही है और दुनियाभर में जिस तरह से उसकी स्वीकार्यता बढ़ रही है उससे एक दशक में ही यह यूनिवर्सिटी विश्व में अपना एक नंबर स्थान सुनिश्चित कर लेगी। श्री शाह ने कहा कि जो तीन एक्सीलेंस के सेंटर बने हैं वे विद्यार्थियों के साथ-साथ देश की न्यायिक व्यवस्था को भी ताकत देंगे। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस डीएनए विश्व का अद्यतन से अद्यतन डीएनए सेंटर बनकर उभरेगा और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन्वेस्टिगेटिव एंड फॉरेंसिक साइकोलॉजी से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को बहुत फायदा होगा। ये तीनों सेंटर अध्ययन, अध्यापन, ट्रेनिंग और कंसलटेंसी के साथ-साथ रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े सेंटर बनेंगे और फॉरेंसिक साइंस अनुसंधान क्षेत्र में भारत दुनिया का हब बनेगा।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय का उद्घाटन

श्री अमित शाह ने नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के कार्यालय का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी का नया भवन एनआईए की बढ़ती साख का प्रतीक है। किसी भी एजेंसी को बनने, उभरने, साख बनाने, अपनी व्यवस्थाओं को प्रस्थापित करने और परिणाम लाने में एक लंबा समय लगता है। एनआईए की स्थापना को बहुत अधिक समय नहीं हुआ है, लेकिन एनआईए ने अल्पकाल में ही अपने कार्यक्षेत्र के हर पहलू में बेंच मार्क स्थापित कर पूरे विश्व में एक प्राइम एंटी टेरर इंवेस्टिगेशन एजेंसी की मान्यता प्राप्त की है और यह पूरे देश के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।